- In the India Banking Summit & Awards 2019, Bank of India ranked as **Best Public Sector Bank 2019** by Synnex Group.
- **Best Performing Public Sector Bank in APY** Formation Day Campaign (FY2019-20) by PFRDA.
- ETBFSI Excellence Awards 2019- **Most Innovative Large Size Bank** of the Year for QR Cash.
- **SKOCH Order of Merit AWARD 2019** ***in GOLD Category for BOI Mobile.***
- **Bank of India has been conferred CSO-100 Award-2019** from IDG Media for Implementation of Best Information Security Practices.
- **Bank has won Infosys Finacle Clients** Innovation Award 2019.
- **Infosys Finacle Client Innovation Awards** in the category "Product Innovation" for QRCash, 2020.
- **Best Performing Public Sector Bank in APY campaign Leadership Capital 2.0** (Jan-2020) for MD &CEO.
- **Best Performing Public Sector Bank in APY campaign Makers of Excellence 3.0** (Nov-2019) for Executive Director.
- Bank has been awarded **Rajbhasha Kirti Puraskar (1St prize)** is "B" Reagion for the year 2019-20 for the excelent performance in official language implementation.
- **2nd Most Trusted Brand Award** in the category of Banks, both by the Reader's Digest as well as the Economic Times for 2020.
- Bank has won "**APY Annual Award (2020-21)**" for overall performance for achieving 'per APY' target.
- Bank has awarded "**Best performer under PSU category for Amazing Achievers of APY (AAA)**" by PFRDA during 1st February 2021 to 31st March 2021.

VISION ,STRATEGY AND FUTURE OUTLOOK:

- Expand the Bank's Retail, Agriculture and MSME (RAM) lending profile by leveraging its existing customer base.
- Continue to contain funding cost by sourcing low cost deposits such as CASA.
- Focus on improving asset quality and containing NPA levels.
- Leverage technology to increase cross selling opportunities, reduce cost and enhance customer experience.
- Improving our Risk Management Systems to ensure long-term sustainability of our business.

DIRECTORS' RESPONSIBILITY STATEMENT:

The Directors confirm that in the preparation of the annual accounts for the year ended March 31, 2021:

a) The applicable accounting standards have been followed along with proper explanation relating to material departures, if any,

b) The accounting policies framed in accordance with the guidelines of the Reserve Bank of India were consistently applied. Reasonable and prudent judgments and estimates were made so as to give a true and fair view of the state of affairs of the Bank at the end of the financial year and of the profit and loss of the Bank for the year ended March 31, 2021.

c) Proper and sufficient care for the maintenance of adequate accounting records in accordance with the provisions of applicable laws governing banks in India for safeguarding the assets of the Bank and for preventing and detecting fraud and other irregularities,

d) Annual accounts have been prepared on a going concern basis,

e) Internal financial controls system to be followed by the Bank were laid down and that such internal financial controls are adequate and were operating effectively,

f) Proper systems have been devised to ensure compliance with the provisions of all applicable laws and that such systems were adequate and operating effectively.

प्रबंधन विचार-विमर्श एवं विश्लेषण

वैश्विक परिदृश्य

दुनियाभर में फैली कोविड-19 महामारी, वर्ष 2020-21 पर हावी रही तथा सामाजिक एवं आर्थिक पर्यावरण पर उसका बहुत गहरा प्रभाव पड़ा। लगभग सभी देशों को चिकित्सा संबंधी आपातकालीन स्थितियों पर ध्यान देने एवं स्वास्थ्य सेवा प्रणाली को सुदृढ़ बनाने के साथ-साथ निवारक एवं नियंत्रक उपाय के रूप में लॉकडाउन भी लगाना पड़ा। परिस्थिति और खराब हुई जब कोरोना वायरस के म्यूटंट वेरियंट ज्यादा तेजी से फैलने लगे, जिससे महामारी का प्रकोप जो थोड़ा कम हुआ था, पुन: बढ़ गया। इस महामारी में कई लोगों ने अपनी जान गँवाई और लाखों बेरोजगार हो गए। तथापि, दुनियाभर में वैज्ञानिक एवं चिकित्सा समुदायों ने इस बीमारी के विरुद्ध वैक्सीन तैयार करने हेतु निरंतर प्रयास किए और वर्ष 2020 के अंत में आपातकालीन उपयोग हेतु कई वैक्सीनों को विभिन्न देशों के प्राधिकरणों ने अनुमोदन प्रदान किया।

इस महामारी के फैलने और लॉकडाउन के कारण उत्पन्न अवरोध से आर्थिक गतिविधियाँ को बहुत बड़ा झटका लगा और सभी देशों की जीडीपी कम हो गयी। यह कमी विशेष रूप से जून 2020 तिमाही में अधिक रही। अर्थव्यवस्था में और गिरावट को रोकने के उद्देश्य से सभी देशों की सरकारों ने विभिन्न वित्तीय प्रोत्साहन एवं सामाजिक कल्याण संबंधी योजनाएँ शुरू की। इसी प्रकार सभी सेंट्रल बैंकों ने चलनिधि बढ़ाने संबंधी सहायक उपायों सहित ईजी मनी पॉलिसी अपनाई और विनियामकीय छूट भी प्रदान की। इन पहलों के फलस्वरुप जीडीपी गिरावट को काफी हद तक रोकने में सहायता मिली।

आईएमएफ़ ने अप्रैल 2021 हेतु अपने "वर्ल्ड इकोनॉमिक आउटलुक" में यह अनुमान लगाया है कि वर्ष 2020 के दौरान वैश्विक वृद्धि -3.3% रहेगी। उन्नत अर्थव्यवस्था में अनुमानित वृद्धि -4.7% है और इमर्जिंग मार्केट एवं विकासशील अर्थव्यवस्था में यह -2.2% है वैश्विक व्यापार की मात्रा में भी 8.5% गिरावट का अनुमान है।

घरेलू आर्थिक परिदृश्य

घरेलू अर्थव्यवस्था ने भी कुछ ऐसा ही परिदृश्य प्रस्तुत किया है। राष्ट्रीय सांख्यिकीय कार्यालय के अनंतिम अनुमान के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2021 की पहली तिमाही में जीडीपी में 24.4% और दूसरी तिमाही में 7.4% गिरावट आई। तथापि तीसरी तिमाही में इसने 0.5% की सकारात्मक वृद्धि दर्ज की है और चौथी तिमाही में यह बढ़कर 1.6% हो गयी। वर्ष 2019-20 के 4.0% की तुलना में वर्ष 2020-21 हेतु समग्र जीडीपी वृद्धि दर -7.3% रहने का अनुमान लगाया गया है। आठ विनिर्दिष्ट आर्थिक क्षेत्रों में से केवल "कृषि एवं संबद्ध गतिविधियाँ" और "बिजली, गैस एवं जल आपूर्ति" ने सकारात्मक वृद्धि दर्ज की है और अन्य सभी क्षेत्रों ने नकारात्मक वृद्धि रही इनमें से "व्यापार, होटल, ट्रांसपोर्ट, संचार सेवाओं" में 18.2% की सबसे ज्यादा गिरावट दर्ज हुई।

औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (IIP) के अनुसार, वर्ष के दौरान अधिकांश महीनों में, औद्योगिक वृद्धि दर नकारात्मक रही। पूरे वर्ष 2020-21 के लिए औद्योगिक वृद्धि दर -8.6% रही। उद्योग के तीन उप क्षेत्रों में से "विनिर्माण क्षेत्र" में -9.8% की सबसे अधिक गिरावट देखने को मिली। उपयोग-आधारित वर्गीकरण के संबंध में "कैपिटल गुड्स", "इन्फ्रास्ट्रक्चर कन्स्ट्रक्शन गुड्स" और "कंस्यूमर ड्यूरेबल्स" में वृद्धि नकारात्मक दर क्रमश: -19.2%, -9.1% तथा -15.2% रही।

उपभोक्ता मूल्य सूचकांक द्वारा मापी जाने वाली खुदरा मुद्रास्फीति, पूरे वर्ष 2020-21 के दौरान बढ़ी रही है तथा मुद्रास्फीति की दर आरबीआई की उच्चतर सहन सीमा अर्थात 6% से अधिक रही है। आपूर्ति संबंधी समस्याओं, भोज्य पदार्थ मूल्य मुद्रास्फीति, उच्चतर ईंधन मूल्य इत्यादि विभिन्न कारकों के कारण नवंबर 2020 तक यह 6% से ऊपर रही है। यद्यपि वर्ष के अंत में इसमें कमी देखी गई तथा अंतिम तिमाही के दौरान खुदरा मुद्रास्फीति 4.0% से 5.5% के बीच रही है।

नवंबर 2020 तक, आयात तथा निर्यात, इन दोनों में नवंबर 2020 तक कमी देखी गई तथा इस के बाद ही ये बढ़ोतरी की स्थिति में आए। परंतु पूरे वित्तीय वर्ष 2020-21 के दौरान निर्यात तथा आयात की वृद्धि दर ऋणात्मक रही है। निर्यात की वृद्धि दर (-)7.26% तथा आयात की वृद्धि दर (-)17.36% रही है। विदेशी व्यापार घाटा यूएसडी 98.55 बिलियन रहा जो पिछले वर्ष के दौरान यूएसडी 161.35 बिलियन से कम है। कमतर आयात तथा कमतर व्यापार घाटे के कारण चालू खाता अधिशेष में रहा है। अप्रैल से दिसंबर 2020 की अवधि के दौरान चालू खाते में अधिशेष, जीडीपी का 1.7% रहा जो अप्रैल से दिसंबर 2019 के दौरान 1.2% के घाटे में था।

2020-21 के लिए राजकोषीय घाटा संशोधित अनुमानित बजट 9.5% और मूल रूप से बजट अनुमान 3.5% के विरुद्ध रु 18.21 लाख करोड़ या जीडीपी का 9.5% रहा। उच्च राजकोषीय घाटे का मुख्य कारण आर्थिक पुनरुज्जीवन के लिए घोषित प्रोत्साहन पैकेज तथा स्वास्थ्य के क्षेत्र में उच्चतर सरकारी खर्च था।

बैंकिंग तथा वित्तीय क्षेत्र में घटनाक्रम

वित्त वर्ष 2020- 21 के दौरान बैंकिंग उद्योग में उच्चतर जमाराशि वृद्धि हुई परंतु अग्रिमों में धीमी वृद्धि देखी गई। इस वर्ष जमाराशियों में 11.4% वृद्धि तथा अग्रिमों में 5.6% की वृद्धि दर्ज की गई जबकि 2019-20 में जमाराशियों में 7.9% की वृद्धि और अग्रिमों में 6.1% की वृद्धि दर्ज की गई थी। 2020-21 के दौरान बेहतर एनआईएम के साथ बैंकिंग क्षेत्र का वित्तीय प्रदर्शन सुधरा है तथा कुछ को छोड़कर ज्यादातर पीएसबी ने पूरे वर्ष के लिए शुद्ध लाभ दर्ज किया है। राशि तथा प्रतिशत इन दोनों दृष्टियों से सकल एनपीए तथा निवल एनपीए में कमी आई है। सरकार द्वारा पूंजी प्रदान करने तथा मुख्य तौर पर टियर 1 बांड के रूप में बैंकों द्वारा पूंजी जुटाए जाने से पीएसबी का पूंजी पर्याप्तता अनुपात भी सुधरा है। अन्य बातों के साथ-साथ आरबीआई की विनियामकीय छूट तथा आत्मनिर्भर भारत अभियान के अंतर्गत सहयोगात्मक उपायों के कारण वर्ष के दौरान बैंकों के प्रदर्शन को बल मिला है।

वर्ष 2020- 21 के दौरान व्यवस्था में चल-निधि पर्याप्त रूप से अधिशेष की स्थिति में रही है। प्रथम छमाही के दौरान रिवर्स रेपो परिचालन (निवल एलएएफ) के माध्यम से औसत चल-निधि अवशोषण रुपए 4 लाख करोड़ से अधिक रहा है तथा द्वितीय छमाही के दौरान रुपए 5 लाख करोड़ से अधिक

रहा है। आरबीआई के विभिन्न उपायों जैसे सीआरआर में एक प्रतिशत की कमी, एलटीआरओ, निवल फॉरेक्स परिचालन तथा ओपन मार्केट परिचालन इत्यादि से प्रणालीगत चल-निधि को समर्थन मिला है।

वर्ष के आरंभ में, अमेरिकी ट्रेज़री प्रतिफल में वृद्धि, विदेशी पोर्टफोलियो निवेश से बिक्री के दबाव, म्यूचअल फंड सैक्टर में प्रतिकूल परिस्थितियों सहित, विभिन्न कारकों के कारण सरकारी प्रतिभूतियों पर प्रतिफल उच्च रहे, जो आरबीआई द्वारा चलनिधि बढ़ाने के विभिन्न उपाय किए जाने से जून, 2020 के मध्य में कम हो गए। तीसरी तिमाही के दौरान, प्रतिफल और कम हो गए; हालांकि, जनवरी, 2021 से, सरकार द्वारा उच्चतर बाजार की घोषणा, अमेरिकी ट्रेज़री प्रतिफल में वृद्धि और कच्चे तेल की कीमतों में वृद्धि के कारण सरकारी प्रतिभूतियों पर प्रतिफल फिर से बढ़ना शुरू हो गए। मार्च, 2020 में 10 वर्षीय सरकारी प्रतिभूतियों पर प्रतिफल 6.14% था जो सितंबर, 2020 में घटकर 6.02% हो गया और दिसंबर, 2020 में फिर से घटकर 5.89% हो गया तथा मार्च, 2021 में बढ़कर 6.18% हो गया।

वर्ष की शुरुआत में इक्विटी मार्केट मंदा रहा जो मौद्रिक और राजकोषीय उपायों के कारण तेजी से बढ़ना शुरू हुआ और पूरे वर्ष बढ़ता रहा। विदेशी पोर्टफोलियो निवेश के अंतर्वाह, कोरोना वायरस वैक्सीन के बनाए जाने की संभावना और आर्थिक विकास के पुन: प्रवर्तन के साथ-साथ अन्य कारणों से इक्विटी मार्केट में उछाल आया। इसके साथ, सेन्सेक्स 68% बढ़ा, और वह यथा 31 मार्च, 2020 के 29,468 से बढ़कर 31 मार्च, 2021 को 49,509 हो गया।

अप्रैल, 2020 के आरंभ में, विदेशी मुद्रा बाजार में महामारी के कारण उत्पन्न व्यवधानों और अनिश्चितता के कारण रुपए में गिरावट आई। हालांकि, यह विदेशी पोर्टफोलियो निवेश में निरंतर अंतर्वाह और विकास के पुन: प्रवर्तन की उम्मीद की सहायता से धीरे-धीरे बढ़ना शुरू हुआ। यथा 31 मार्च, 2020 को डॉलर-रुपया विनिमय रु. 75.38 था जो 31 मार्च, 2021 में बढ़कर रु. 73.50 हो गया।

महामारी के फैलने पर, आरबीआई ने मार्च 2020 के अंत में पॉलिसी रेपों दरों और सीआरआर को कम करने, मीयादी ऋणों की किस्तों का अधिस्थगन तथा कार्यशील पूंजी में ब्याज का आस्थगन आदि जैसे बहुत से उपायों की घोषणा की। इसके अतिरिक्त, विनियामकीय छूट अप्रैल 2020 तथा वर्ष के दौरान आगामी महीनों में भी जारी रही। आरबीआई द्वारा एनबीए. फसी, म्यूच्युल फंड, टीएलटीआरओ हेतु अतिरिक्त पुनर्वित्त विंडो, एसएलआर के रखरखाव में छूट, एलसीआर की आवश्यकता में छूट जैसे लिक्विडिटी बढ़ाने संबंधी उपाय किए गए। इनके अलावा, कोविड-19 संबंधी दबावग्रस्त क्षेत्रों हेतु विशेष समाधान रूपरेखा बनाई गई तथा एमएसएमई इकाइयों हेतु ऋण की एकबारगी पुनर्संरचना की अवधि बढ़ाई गई। दबावग्रस्त स्थिति को देखते हुए, कैपिटल कंजर्वेशन बफर (सीसीबी) के अंतिम अंश को आस्थगित करने और काउंटर साइक्लिकल बफर को सक्रिय करने की अनुमति दी है।

भारत सरकार ने, संकट को कम करने और वृद्धि में सहायता करने के लिए वित्तीय रूप से कमजोर क्षेत्रों के साथ-साथ विभिन्न क्षेत्रों जैसे एमएसएमई, कृषि, एनबीएफ़सी तथा कॉरपोरेट क्षेत्रों को भी ध्यान में रखते हुए बहुत से स्टिम्युलस उपाय किए गए हैं, उनमें से प्रमुख हैं: प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना, आत्मनिर्भर भारत के अंतर्गत उपाय जैसे- आपातकालीन क्रेडिट लाइन गारंटी योजना (ईसीएलजीएस), एमएसएमई क्षेत्र हेतु गौण (सबॉर्डिनेट) ऋण योजना, चुनिन्दा उद्योगों को पीएलआई, कृषि आधारभूत संरचना संबंधी योजनाओं का वित्तपोषण तथा पशुपालन, मछलीपालन, सूक्ष्म खाद्य उद्यम आदि का वित्तपोषण।

1. संसाधन संग्रहण विभाग:

वित्त वर्ष 2020-21 के दौरान 13.61% की वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि को दर्शाते हुए कुल रु. 26,918 करोड़ की कासा वृद्धि हुई है। इस अवधि के दौरान बचत बैंक जमाराशियों में रु. 24,799 करोड़ की उच्चतर वृद्धि दर्ज की गई है। बैंक ने पिछले वर्ष की तुलना में 8.14% की वृद्धि के साथ आधार आकड़ों में रु. 2,119 करोड़ की वृद्धि करते हुए चालू जमाराशियों में वृद्धि की है।

बैंक के उच्च मूल्य के ग्राहकों “डायमंड ग्राहकों” पर ध्यान केन्द्रित करने के अच्छे परिणाम प्राप्त हुए हैं। बचत बैंक डायमंड ग्राहक आधार में 11.21% की वृद्धि हुई है और डायमंड ग्राहकों के जमा आधार में रु. 18,484 करोड़ की सराहनीय वृद्धि हुई है जो वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि का 17.60% है। इसीप्रकार, सीडी डायमंड आधार में भी 3.83% की वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि के साथ रु.1268 करोड़ की वृद्धि हुई है।

कासा अनुपात का स्तर पिछले वर्ष के 41.50% से थोड़ा सा घटकर 41.27% हो गया है, इस अवधि के दौरान रिटेल सावधि जमाराशियों का हिस्सा 84.35% से थोड़ा सा घटकर 84.19% हो गया है।

कुल सावधि जमाराशियों में रु. 68,623 करोड़ की वृद्धि के साथ 14.22% की वृद्धि दर्ज की गई है।

2. अग्रिम :

बैंक का वैश्विक सकल अग्रिम, यथा 31.03.2020 के रु. 416,521 करोड़ से 1.46% घटकर 31.03.2021 को रु.410,436 करोड़ हो गया। सकल घरेलू ऋण जो यथा 31.03.2020 को रु. 357,670 करोड़ था, 1.31% की हल्की सी वृद्धि के साथ 31.03.2021 को रु. 362,361 करोड़ हो गाय। बैंक, एजीएम/सीएम के नेतृत्व में कार्यरत 10 लार्ज कॉर्पोरेट शाखाओं तथा अन्य बड़ी शाखाओं के माध्यम से कॉर्पोरेट/मिड कॉर्पोरेट की विशेषीकृत आवश्यकताओं को पूरा करता है।

कोविड 19 महामारी की आर्थिक समस्या के कारण दबाव अनुभव करने वाले उधारकर्ताओं के लिए, आर.बी.आई. के कोविड 19 विनियामकीय पैकज के अंतर्गत बैंक ने विशेष योजना आरंभ की है।

3. खुदरा:

वित्तीय वर्ष 2020-21 के दौरान खुदरा ऋण सेगमेंट में 11.87% की वृद्धि हुई। वर्ष के दौरान हमने आवास ऋणों पर विशेष ध्यान दिया है, जिसके परिणामस्वरूप हमें काफी अच्छी वृद्धि प्राप्त हुई है। वर्ष के दौरान आवास ऋण सेगमेंट रु.35,994 करोड़ से बढ़कर रु.40,094 करोड़ हो गया तथा उसमें 11.39% की वृद्धि दर्ज़ की गई। वर्ष के दौरान वाहन ऋण सेगमेंट रु. 5,599 करोड़ से बढ़कर रु.6,891 करोड़ हो गया तथा इसमें 23.07% की वृद्धि दर्ज की गई। वर्ष के दौरान हमने कोविड-19 व्यक्तिगत और पेन्शनर

ऋण योजना शुरू की। बैंक ने मारुति-सुजुकी, टाटा मोटर्स, हुंडई मोटर्स तथा महिंद्रा एंड महिंद्रा के साथ गठजोड़ किया है। हमारा बैंक पीएसयू/पीएसई/प्रतिष्ठित कॉरपोरेट्स/संस्थानों के नियोक्ता के साथ गठजोड़ व्यवस्था के अंतर्गत ऋण उपलब्ध कराता है। आवास ऋण, वाहन ऋण तथा वैयक्तिक ऋणों के अलावा हम संपत्ति पर ऋण तथा शिक्षा ऋण भी देते हैं।

4. एमएसएमई विभाग:

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) एक महत्वपूर्ण खण्ड है, करीब 6.50 करोड़ एमएसएमई उद्यमियों के जीडीपी में करीब 30%, विनिर्माण उत्पादन में 45% तथा निर्यात में लगभग 48% योगदान है। यह 110 मिलियन लोगों के लिए नियोजन का सृजन करता है। एमएसएमई क्षेत्र को भारतीय अर्थव्यवस्था का मेरुदण्ड माना जाता है और इसने देश के सामाजिक आर्थिक विकास में काफी योगदान दिया है।

एमएसएमई के महत्व को समझते हुए और वृहत कारोबारी जनसंख्या को इसके तहत लाने के लिए भारत सरकार ने अब एमएसएमई की परिभाषा में संशोधन किया है।

दिनांक 01.07.2020 से लागू नई परिभाषा/वर्गीकरण के अनुसार 1 करोड़ तक के संयंत्र और मशीनरी में निवेश करने वाले और रु.5 करोड़ तक के कुल कारोबार वाले सभी उद्यमों को सूक्ष्म उद्यम के रूप में वर्गीकृत किया जाएगा।

संयंत्र और मशीनरी में रु.10 करोड़ तक निवेश और रु.50 करोड़ तक के कुल कारोबार वाले सभी उद्यमों को लघु उद्यम के रूप में वर्गीकृत किया जाएगा।

संयंत्र और मशीनरी में रु.50 करोड़ तक निवेश और रु.250 करोड़ तक के कुल कारोबार वाले सभी उद्यमों को मध्यम उद्यम के रूप में वर्गीकृत किया जाएगा।

मेक इन इंडिया, स्किल इंडिया, डिजिटल इंडिया, आत्म निर्भर भारत, ईएएसई रिफार्म और एकबारगी पुन: संरचना जैसे कार्यक्रमों पर ध्यान देने के कारण बैंक स्तर पर एमएसएमई ऋण में महत्वपूर्ण बदलाव हुए है।

कार्य-निष्पादन

एमएसएमई क्षेत्र को ऋण के संबंध में बैंक का कार्य-निष्पादन चालू वित्तीय वर्ष में यथा 31 मार्च, 2021, नीचे दिए गए हैं :

विवरण	मार्च'19 वास्तविक	वास्तविक मार्च '20	वास्तविक मार्च '21	वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि	
				रकम	%
कुल एमएसएमई (सिडबी सहित)	54595	56092	63237	7145	12.73
मूल एमएसएमई (सिडबी छोड़कर)	53878	55617	62804	7187	12.92

- यथा 31.03.2021 को मुद्रा के तहत कुल स्वीकृति रु.8623.84 करोड़ है जबकि बजट रु.6500 करोड़ थी।
- ''ऑनलाइन पीएसबी 59 लोन'' के जरिए कुल 25888 खाते मंजूर किए गए जिसकी कुल राशि रु.2193.43 करोड़ है।
- हमने भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा अनुमत एकबारगी पुन:संरचना के अनुसार 77053 खातों में पुन:संरचना की है जिसकी मंजूरी सीमा रु.3049.88 करोड़ है तथा बकाया राशि रु.2364.94 करोड़ है।
- यथा 31.03.2021 को सीजीटीएमएसई के तहत 34623 नए खाते कवर किए गए जिसकी कुल गारंटी राशि रु.2634.91 करोड़ है और सीजीटीएमएसई में कवर किए गए संचयी खाते 431892 हैं जिसकी कुल राशि रु.31406.52 करोड़ है।
- एमएसएमई क्षेत्र के तहत कुल एनपीए 22% है।

वित्तीय वर्ष 20-21 की विशेषताएँ

- विभिन्न एनबीएफसी के साथ सह-उधार देना आरंभ किया ताकि नए उधारकर्ता और नए व्यापार क्षेत्र तक पहुँच सके।
- विभिन्न वर्ग के ग्राहकों के लिए विभिन्न प्रकार के उत्पाद का शुभारंभ।
- विभिन्न सरकारी कोविड राहत योजनाओं जैसे ईसीएलएसजी-1, ईसीएलजीएस-2, एमएसएमई उद्यमों के परिचालन देयताओं को पूरा करने और कारोबार को पुन: शुरू करने के लिए सीजीएसएसडी का सफलतापूर्वक कार्यान्वित किया गया।
- "टीआईडीएस" कारोबार प्लैटफार्म में एमसीएलआर से आरबीएलआर में बदलाव से ब्याज दर में रियायत उपलब्ध करवाई गई।
- एसएमईसीसी का नवीकरण : आसानी से कार्य करने के लिए वर्तमान सभी 58 एसएमईसीसी को मजबूत बनाया गया और वित्तीय वर्ष के दौरान रु.10 लाख से अधिक सभी प्रस्तावों का केन्द्रीयकृत प्रोसेसिंग का कार्यान्वयन किया गया।
- सूक्ष्म उद्यम के तहत नियामक लक्ष्य को प्राप्त किया गया। यथा 31.03.2021 को एएनबीसी हेतु 7.5% दिए गए लक्ष्य पर हमारी एएनबीसी की कुल बकाया 11.53% थी।
- स्टार वेल्कम ऑफर और स्टार एसेट बैक्ड ऋण योजना के तहत बड़े टिकट वाले एमएसएमई अग्रिम को पाने के लिए ''थिंक बिग- ब्रिंग बिग'' अभियान का शुभारंभ किया गया।
- स्टार वेल्कम ऑफर और स्टार एसेट बैक्ड ऋण योजना , दोनों के तहत एमएसएमई अग्रिम को प्राप्त करने के लिए ''हम होंगे कामयाब'' अभियान आरंभ किया गया।
- दिसम्बर 20 से मार्च 21 तक रु.10000 करोड़ एमएसएमई संवितरण के निर्दिष्ट लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए ''लक्ष्य 10000'' अभियान आरंभ किया गया।
- खासकर एसएमई केन्द्रित शाखाओं में विभिन्न सेक्टर जैसे फुटवेयर, कांच, औषध आदि में क्लस्टर आधारित उधार के तहत नई योजनाओं की पहचान की गई और अनुमोदन दिया गया।

- स्टार एमएसएमई वेल्कम ऑफर के तहत एमएसएमई क्षेत्र में क्रेडिट फ्लो को बढ़ाने के लिए ब्याज दर में रियायत के साथ अभियान आरंभ किया गया।

5. कृषि वित्त:

प्राथमिकता क्षेत्र अग्रिम

बैंक ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में स्थापित अपनी शाखाओं एवं कृषि बैंकिंग केंद्रों (एबीसी) के नेटवर्क के माध्यम से प्राथमिकता क्षेत्र एवं कृषि क्षेत्र में सेवा प्रदान कर रहा है। वित्तीय वर्ष 2020-21 के दौरान, हमने स्टार कृषि विकास केंद्र (एसकेवीके) के रूप में कृषि बैंकिंग केंद्र (एबीसी) संरचना पुन:स्थापित किया है। वर्तमान में, 77 एसकेवीके कार्यरत (6 एसकेवी केंद्रों के विलय सहित) हैं। इसके अतिरिक्त, एसएमई शहरी केंद्रों पर 48 कृषि डेस्क कार्यरत हैं तथा अंचलों ने कृषि पोर्टफोलियो में ध्यानकेंद्रित एवं गुणवत्तायुक्त वृद्धि हेतु आरडीओ (ग्राम विकास अधिकारी) के साथ 280 कृषि क्लसटर्स का निर्माण किया है जिसमें कृषि संरचना और खाद्य एवं कृषि कारोबार शामिल हैं। बैंक ने प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र के अंतर्गत रु.138,935 करोड़ (वित्त वर्ष 20-21 की औसत एएनबीसी का 41.25%) का शानदार स्तर प्राप्त किया है जिसमें कृषि क्षेत्र के रु.59,007 करोड़ (वित्त वर्ष 20-21 की औसत एएनबीसी का 17.50%) हैं। इसमें से लघु एवं सीमांत किसानों को रु.31,992 करोड़ (वित्तीय वर्ष 20-21 की औसत एएनबीसी का 9.29%) का ऋण शामिल है। एसएमई के अंतर्गत रु.57,267 करोड़ का ऋण दिया गया है जिसमें एमएसएमई सूक्ष्म क्षेत्र में रु.38,158 करोड़ (वित्त वर्ष 20-21 की औसत एएनबीसी का 11.54%), शिक्षा में रु.2,304 करोड़, आवास में रु.20,207 करोड़ तथा अन्य प्राथमिकता क्षेत्र अग्रिम में रु.150 करोड़ शामिल है। बैंक ने वित्त वर्ष 2020-21 के प्राथमिकता क्षेत्र, कृषि, लघु एवं सीमांत किसान, एमएसएमई सूक्ष्म तथा कमजोर वर्गों को ऋण के अंतर्गत विनियामक अनुपातों को प्राप्त किया है।

(राशि करोड़ में)

विवरण	ऋण राशि		वर्ष-दर-वर्ष (मार्च 20/मार्च 21)		औसत एनबीसी का % (वित्तीय वर्ष 2020-21)	आरबीआई बेंचमार्क (एएनबीसी %)
	मार्च 20	मार्च 21	राशि	%		
*कुल कृषि ऋण	52918	59007	6089	11.51	17.50	18.00
लघु एवं सीमांत किसान	26476	31992	5516	20.83	9.29	8.00
सुक्ष्म उद्यम	27040	38158	11118	41.12	11.54	7.50
*प्राथमिकता क्षेत्र अग्रिम	126371	138935	12564	9.94	41.25	40.00

* आरआईडीएफ एवं पीएसएलसी के बकाया सहित कुल कृषि एवं प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र।

कृषि के अंतर्गत बैंक की शाखाओं ने रु.35,051 करोड़ संवितरित किए, जबकि वित्तीय वर्ष 2020-21 के दौरान लघु एवं सीमांत किसानों को कुल रु.20,355 करोड़ संवितरित किए गए। वर्ष के दौरान बैंक ने लचीले रूप से ऋण उपयोग के लिए रु. 2,821 करोड़ की ऋण सीमा के साथ 2.39 लाख किसान क्रेडिट कार्ड जारी किए हैं। विभेदक ब्याज दर योजना के अंतर्गत बैंक कम आय वर्गों को 4% की छूट प्राप्त ब्याज-दर पर वित्तीय सहायता भी प्रदान करता है। बैंक ने वर्ष के दौरान डीआरआई योजना के अंतर्गत 847 मामले स्वीकृत किए हैं जिसमें रु.1.44 करोड़ की राशि शामिल है। यथा मार्च 2021, अल्पसंख्यक समूहों को बैंक का ऋण एक्सपोज़र रु.17,624 करोड़ (प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र ऋण का 15.01%, लक्ष्य 15% था) है। यथा 31.03.2021, कमजोर वर्ग के अंतर्गत बकाया राशि रु.41,776 करोड़ (मार्च 21 का 12.15%, एएनबीसी है)। यथा 31.03.2021, खाद्य एवं कृषि उद्योग को बैंक का वित्तपोषण रु.6,208 करोड़ है।

स्वर्ण ऋण : स्वर्ण ऋण में प्रगतिशील वृद्धि आधार पर वित्तीय वर्ष 2020-21 में रु.4257 करोड़ (62.39% की वाईटीडी वृद्धि) की वृद्धि दर्ज की गई और यह 31.03.2021 को रु.11,079 करोड़ हो गया। वित्तीय वर्ष 2020-21 के दौरान कृषि के अंतर्गत स्वर्ण ऋण में रु.3,779 करोड़ (71.39% की वाईटीडी वृद्धि) की वृद्धि हुई और यह 31.03.2021 को रु.9,072 करोड़ हो गया।

स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) : यथा 31.03.2021, बैंक के पास 5.42 लाख स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) का ग्राहक आधार है जिसमें से 1.96 लाख एसएचजी को ऋण सुविधा से जोड़ा गया है तथा यथा 31.03.2021, इसमें से 1.61 लाख महिला एसएचजी हैं। ऑफ़साइट संव्यवहारों, वित्तीय तथा डाटा डिजिटलीकरण के लिए बैंक ने दोहरा बायोमेट्रिक अधिप्रमाणन आरंभ किया है।

राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन(एनआरएलएम) : ग्रामीण क्षेत्र के गरीबों के जीवन से गरीबी उन्मूलन के लिए राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) एक महत्वपूर्ण योजना है। वर्ष के दौरान बैंक ने इस योजना के अंतर्गत 0.88 लाख उधारकर्ताओं को रु.1,163 करोड़ का ऋण संवितरित किया है।

स्टार कृषि विकास केंद्र (एसकेवीके) : वर्तमान में, 77 एसकेवीके कार्यरत हैं। इसके अतिरिक्त, एसएमई शहरी केंद्रों पर 48 कृषि डेस्क कार्यरत हैं तथा अंचलों ने कृषि पोर्टफोलियो में ध्यानकेंद्रित एवं गुणवत्तायुक्त वृद्धि हेतु आरडीओ (ग्राम विकास अधिकारी) के साथ 280 कृषि क्लसटर्स का निर्माण किया है।

अग्रणी बैंक योजना : बैंक के पास 51 जिलों में अग्रणी बैंक की जिम्मेदारी है जो झारखण्ड (15), महाराष्ट्र (14), मध्य प्रदेश (13), उत्तर प्रदेश (07) तथा ओडिशा (2) - इन पाँच राज्यों में फैली हुई है तथा बैंक, झारखण्ड राज्य में एसएलबीसी संयोजक भी है।

केसीसी सैचुरेशन : वर्ष 2020-21 के दौरान, हमने केसीसी सैचुरेशन के अंतर्गत 2.27 लाख नए केसीसी ग्राहक जोड़े हैं।

6. वित्तीय समावेशन:

बैंक यह मानता है कि वित्तीय समावेशन के माध्यम से व्यवसाय करना व्यावहारिक है तथा इस दिशा में बैंक ने अपने दृष्टिकोण को "सीएसआर" से "आर्थिक व्यवहार्यता" की ओर मोड़ दिया है। वित्तीय क्षेत्र की अपेक्षानुसार अत्यंत कम लागत के संव्यवहारों को समर्थित करने एवं संरक्षित करने हेतु आईसीटी आधारित समाधान आवश्यक है। प्रधानमंत्री जन-धन योजना (पीएमजेडीवाई) से वित्तीय समावेशन अभियान को गति प्राप्त हुई है। व्यापार संपर्की मॉडल के नेतृत्व में आई.सी.टी. के माध्यम से उन ग्रामीण क्षेत्रों में बैंक ने ये सेवाएं दी हैं जहाँ बैंकिंग सेवाएं नहीं हैं।

पीएमजेडीवाई एवं सामाजिक सुरक्षा संबंधी योजनाएं:

इस वर्ष के दौरान 21.70 लाख प्रधानमंत्री जन-धन योजना खाते खोले गए हैं। भारत सरकार द्वारा चलाई गई सामाजिक सुरक्षा योजनाओं में भी बैंक की सक्रिय भागीदारी रही है। उक्त वर्ष के दौरान पीएमएसबीवाई (प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना) के अंतर्गत बैंक ने 28.42 लाख खातों को कवर किया है। इस अवधि में पीएमजेजेबीवाई (प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना) के अंतर्गत 8.62 लाख खाते कवर किये गए हैं। वित्तीय वर्ष 2020-21 में बैंक द्वारा 4.00 लाख नए एपीवाई (अटल पेंशन योजना) अंशदाताओं का जोड़ा गया है जबकि हमारे बैंक में एपीवाई अंशदाताओं की कुल संख्या 14.88 लाख है। अटल पेंशन योजना के अंतर्गत हमारे बैंक को उसके कार्यनिष्पादन हेतु **"अमेजिंग एचीवर्स ऑफ एपीवाई (1 फरवरी, 2021 से 31 मार्च, 2021)"** के सर्वश्रेष्ठ पीएसबी का पुरस्कार प्राप्त हुआ है।

स्टार हॉकर आत्मनिर्भर ऋण (एसएचएएल) :

स्टार हॉकर आत्मनिर्भर ऋण (एसएचएएल) - पीएमस्वनिधि का आरंभ जून, 2020 में किया गया था ताकि फेरीवालों को रु. 10,000/- तक के झंझटमुक्त कार्यशील पूंजी का मांग ऋण प्रदान किया जा सके जिसकी चुकौती 12 ईएमआई में करनी होती है। अब तक, हमने प्राप्त 1.82 लाख आवेदनों में से 1.72 लाख (95%) आवेदन मंजूर किए हैं तथा 1.64 लाख (90%) फेरीवालों को संवितरण किया है।

स्टार स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) :

बैंक झारखंड, ओड़िशा, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र तथा पश्चिम बंगाल में 43 आरसेटी परिचालित कर रहा है। वर्ष के दौरान आरसेटी ने 741 प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किये तथा 20,524 अभ्यर्थियों को प्रशिक्षण दिया गया और 39.30% (8064) का नियोजन सुनिश्चित करते हुए 59.45% (4794) अभ्यर्थियों को ऋण प्रदान किया गया ताकि लाभकारी रोजगार प्राप्त करने में उनकी मदद की जा सके। हमारे पास ग्रामीण युवाओं को प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए 33 आरसेटी `एए' श्रेणी की हैं।

वित्तीय साक्षरता तथा ऋण परामर्श केन्द्र (एफएलसीसी.): भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशा-निर्देशों के अनुसार ग्रामीण तथा शहरी केन्द्रों में उन जिला स्थानों पर एफएलसीसी/एफएलसी स्थापित किए गए हैं जहाँ बैंक के पास अग्रणी बैंक की जिम्मेदारी है। बैंक की 51 एफ.एल.सी. सभी 51 अग्रणी जिलों में कार्यरत हैं। प्रशिक्षण देने के अतिरिक्त एफ.एल.सी मामला-दर-मामला आधार पर दबावग्रस्त उधारकर्ताओं के लिए उपचारात्मक परामर्श तथा संचार माध्यमों, कार्यशालाओं एवं संगोष्ठियों के माध्यम से निवारक परामर्श भी देते हैं। अब तक 16,21,218 जरूरतमंद विपदाग्रस्त लोगों को सलाह दी गई है।

वित्तीय साक्षरता केंद्र (सीएफएल) : पायलट परियोजना

भारतीय रिज़र्व बैंक ने अपने परिपत्र संख्या एफआइडीडी.एफसीसी. सं 4520/12.01.018/2016-17 दिनांक 04.05.2017 के माध्यम से बैंकों को वित्तीय साक्षरता में नवोन्मेषी कार्य एवं भागीदारी करने के लिए कहा है। हमारे बैंक को क्रिसिल फाउंडेशन के साथ रत्नागिरी जिले के 5 ब्लॉक में 5 सीएफएल खोलने की जिम्मेदारी दी गई है। तद्नुसार, हमने क्रिसिल फाउंडेशन के साथ मिलकर रत्नागिरी जिले में सभी 5 सीएफएल (खेड़, चिपलूण, मंडणगढ़, गुहागर और दापोली) खोले हैं। सभी सीएफएल अक्टूबर, 2017 से कार्य कर रहे हैं और उसके बाद 2019 में, हमें झारखंड राज्य के खूंटी जिले में स्वाधार (SWADHAR) के साथ मिलकर 5 सीएफएल खोलने की जिम्मेदारी दी गई है। हाल ही में, हमें दिसम्बर, 2021 तक आरबीआई द्वारा पहचाने गए पाँच एनजीओ के साथ मिलकर पाँच राज्यों (झारखंड, महाराष्ट्र, ओडिशा, मध्य प्रदेश एवं उत्तर प्रदेश) में 110 सीएफएल को बढ़ाने की जिम्मेदारी सौंपी गयी है। इनमें से झारखंड राज्य में मार्च, 2021 माह में पहले ही दस (10) सीएफएल खोले जा चुके हैं।

क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक :

विलय के बाद, हम 3 क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों को प्रायोजित कर रहे हैं यथा उत्तरप्रदेश में **आर्यावर्त बैंक (एबी)**, मध्य प्रदेश में **मध्य प्रदेश ग्रामीण बैंक (एमपीजीबी)** महाराष्ट्र राज्य में **विदर्भ कोंकण ग्रामीण बैंक (वीकेजीबी)**, जिनमें यथा दिनांक 31.03.2021 को 82 जिलों में 2554 शाखाओं का नेटवर्क है। इन सभी प्रायोजित आरआरबी को बैंक ऑफ इंडिया द्वारा नियुक्त अध्यक्ष द्वारा प्रबंधित किया जाता है और इनके कार्यनिष्पादन की प्रधान कार्यालय के महाप्रबंधक-एफआई एवं आरआरबी(प्रभाग) द्वारा निगरानी की जाती है। सभी आरआरबी शाखाएं और प्रशासनिक कार्यालय सिस्टम द्वारा रिपोर्ट जनरेट की सुविधा के साथ सीबीएस प्लेटफॉर्म पर हैं। इन आरआरबी में आरटीजीएस, एनईएफटी और एटीएम की सुविधा है। हमारी सभी आरआरबी का कुल मिश्रित कारोबार यथा दिनांक 31.03.2021 को रु. 85,823.55 करोड़ है।

7. अंतरराष्ट्रीय:

सभी टाइम जोन में फैले हुए 19 देशों में बैंक की कुल 24 विदेशी शाखाएं (23 परिचालनगत), जकार्ता (इन्डोनेशिया) में 1 प्रतिनिधि कार्यालय, 4 अनुषंगियां एवं 1 सहयोगी/संयुक्त उद्यम हैं। यथा दिनांक 31.03.2021 को बैंक के वैश्विक कारोबार मिश्र में विदेशी परिचालनों का हिस्सा 12.50% है।

विदेशी अनुषंगी एवं सहयोगी :

i) पीटी बैंक ऑफ़ इंडिया इंडोनेशिया टीबीके

ii) बैंक ऑफ़ इंडिया (तंजानिया) लि.

iii) बैंक ऑफ़ इंडिया (न्यूजीलैंड) लि.

iv) बैंक ऑफ़ इंडिया (युगांडा) लि.

v) इंडो-ज़ाम्बिया बैंक लि. (आईजेडबी) - संयुक्त उद्यम

8. ऋण निगरानी:

बैंक के ऋणों की आस्ति गुणवत्ता को बनाए रखने तथा उसमें सुधार लाने तथा ऋण जोखिम को कम करने के लिए ऋणों की निगरानी अनिवार्य है। स्वीकृत शर्तों के अनुपालन तथा निधियों के सही इस्तेमाल को सुनिश्चित करना ऋण निगरानी का मुख्य उद्देश्य है। इसके अतिरिक्त यह सुनिश्चित करना कि

ऋण आस्तियाँ, मानक श्रेणी में ही रहें, चिह्नित दबावग्रस्त खातों/निगरानी के अधीन खातों को अपग्रेड करने का प्रयास किया जाय तथा सुधारात्मक कार्रवाई की जाय ताकि खातों को मानक श्रेणी से अवमानक श्रेणी में जाने से रोका जा सके। कमजोरी के संकेत/चूक की संभावना/डिलिक्वेंसी वाले दबावग्रस्त खातों को पहचानने तथा उनकी निगरानी करने के लिए, विभाग, विभिन्न उपकरण तथा पद्धतियों का प्रयोग कर रहा है ताकि संभावित स्लिपेज को प्रभावी तरीके से रोका जा सके तथा आस्ति की अच्छी गुणवत्ता को सुनिश्चित किया जा सके।

प्रभावी निगरानी तथा नियंत्रण के लिए उपकरण:-

पूर्व चेतावनी संकेत

हमारे बैंक में अगस्त, 2020 से पूर्ण रूप से तकनीकी आधारित ईडब्ल्यूएस समाधान की शुरूआत की गई है। अच्छी प्रकार से परिभाषित अंतर्निहित कार्य-प्रवाह के साथ, हमारा ईडब्ल्यूएस पूर्णतः स्वचालित समाधान है। आंतरिक (सीबीएस एवं रेटिंग डाटा) तथा बाह्य डाटा(एमसीए, सीआईसी इत्यादि) दोनों के आधार पर चेतावनी जनरेट होती है। जनरेट की गई चेतावनी आरंभिक कमजोरी को पहचानने तथा समय से सक्रिय सुधारात्मक उपाय करने में बैंक की सहायता करती है। यह उपाय खातों में धोखाधड़ी की शीघ्र पहचान करने में सहायता करता है (यदि कोई हो)। यह समाधान उपयुक्त प्रणाली/कार्रवाई के साथ खातों की सघन निगरानी हेतु शाखाओं को समर्थ भी करता है।

क्रिलिक रिपोर्टिंग

एसएमए श्रेणी में खाते के वर्गीकरण के बाद अनुवर्ती कार्रवाई, पुन:संरचना आदि सुधारात्मक कदम उठाने हैं। आरबीआई के संशोधित दिशा-निर्देशों को अनुसार 5 करोड़ तथा इससे अधिक की ऋण सीमा वाले दबावग्रस्त खातों को साप्ताहिक आधार पर क्रिलिक प्लेटफॉर्म पर आरबीआई को रिपोर्ट किया जाना है।

सिस्टम से आस्ति का वर्गीकरण (सास्कल) :

सास्कल एक संभावना बताने वाला प्रोग्राम है जो वसूली के रिकॉर्ड के आधार पर दो माह से अधिक की अवधि के अतिदेय को प्रदर्शित करते हुए संभावित स्लिपेज को पहचानता है। इसके अतिरिक्त इसमें तीन माह से अधिक तक स्टॉक/क्यूआईसी स्टेटमेंट न जमा करना, सीसी खातों में अपर्याप्त/कोई जमा न होना जैसी वित्तीय अनियमितता प्रदर्शित करने वाले खातों को भी शामिल किया जाता है। इस संबंध में यदि समय पर सुधारात्मक कार्रवाई न की जाए तो इससे खाता डाउनग्रेड हो सकता है। मानक आस्तियों को डाउनग्रेड होने से रोकने के लिए विभिन्न स्तरों से इन खातों की विशेषतौर पर निगरानी की जाती है।

ऋण प्रक्रिया लेखा परीक्षा

ऋण प्रक्रिया की लेखा परीक्षा (सीपीए) यह सुनिश्चित करने के लिए की जाती है कि स्वीकृति की संवितरण पूर्व तथा संवितरण पश्चात् शर्तों/अनुबन्धों का अनुपालन किया जा रहा है। सीपीए का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि संवितरण करने वाले अधिकारी द्वारा बैंक निधियों का संवितरण करने से पूर्व, प्रतिभूति के सृजन/प्रतिभूति की पूर्णता हेतु सभी आवश्यक कदम उठाये गये है ताकि उक्त प्रतिभूतियों की प्रवर्तनीयता सुनिश्चित की जा सके। अब, सीपीए रियल टाइम में निगरानी के लिए फिनेकल के साथ एकीकृत किया गया है।

स्टॉक लेखापरीक्षा :

हम पात्र खातों में 'स्टॉक" तथा प्राप्य राशि के संबंध में समयपूर्वक लेखा-परीक्षा किया जाना सुनिश्चित करते हैं ताकि जब भी आवश्यक हो, सक्रिय/सुधारात्मक कदम उठाए जा सकें। स्टॉक की लेखापरीक्षा ज्यादातर वैसे मानक अग्रिम खातों के संबंध में लागू है, जिनकी कार्यशील पूँजी एक्सपोजर रु.5 करोड़ तथा इससे अधिक है। इसे प्रतिवर्ष किया जाना अपेक्षित है। कमजोरी के अंतर्निहित संकेत, जैसे अनियमित स्थिति, साख पत्र के अंतर्गत अतिदेय बिल, गारंटी लागू करना, खातों की समीक्षा न होना आदि, जो बैंक की आस्तियों की गुणवत्ता के लिए नुकसानदेह हो सकते हैं, का टेली/वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से विभिन्न प्लैटफॉर्म एवं स्तरों पर फॉलोअप किया जाता है।

एनपीए को प्रतिदिन चिह्नित करना :

एनपीए की पहचान करने में और अधिक पारदर्शिता लाने एवं विनियामकीय दिशा-निर्देशों का अनुपालन करने के लिए बैंक द्वारा दिनांक 15.04.2021 से एनपीए को प्रतिदिन चिह्नित किया जा रहा है।

कोविड-19-विनियामकीय राहत पैकेज :

आरबीआई के दिशा-निर्देशों के अनुसार, दिनांक 01.03.2020 से 31.08.2020 तक सभी उधारकर्ताओं हेतु ऋणस्थगन लाभ को बढ़ा दिया गया है तथा आरबीआई राहत पैकेज के अनुसार खातों को पुन:अनुसूचित एवं पुन:संरचित किया गया है।

निगरानी के अन्य साधन :

अनुपालन स्तर को मजबूत करने के लिए संवितरण से पूर्व तथा संवितरण के पश्चात् संबंधी प्रसंविदाओं के कार्यान्वयन की केन्द्रीयकृत निगरानी करना।

बैंक ने संव्यवहार निगरानी के सत्यापन, निरीक्षण आदि के लिए रु.250 करोड़ से अधिक के खातों में विशेष निगरानी हेतु एएसएम नियुक्त किए हैं।

ईडब्ल्यूएस के अवलोकन पर खातों की रेड फ्लैगिंग तथा विनियामकीय दिशा-निर्देशों के अनुसार नियत समय-सीमा के भीतर धोखाधड़ी के दृष्टिकोण की जांच करने के लिए नीतियां बनाई गई हैं। आरबीआई के क्रिलिक प्लेटफॉर्म में खाते के धोखाधड़ी युक्त घोषित हो जाने के बाद त्वरित रिपोर्टिंग सुनिश्चित की जाती है।

9. एनपीए प्रबंधन:

बैंक ने एनपीए और बट्टे खाते डाले गये खातों में वसूली के लिए बोर्ड द्वारा अनुमोदित कार्यनीतियों को आत्मसात करते हुए और आस्ति वसूली

शाखाओं की शुरूआत करके तथा जमीनी स्तर पर स्टाफ के साथ मिलकर काम करके लगातार अथक प्रयास किये हैं।

दिनांक 31.03.2021 को एनपीए की स्थिति निम्नानुसार है :

(राशि करोड़ में)

विवरण	यथा 31.03.2020 को स्थिति	यथा 31.03.2021 को स्थिति
सकल एनपीए	61550	56535
निवल एनपीए	14320	12262
सकल एनपीए (%)	14.78%	13.77%
निवल एनपीए (%)	3.88%	3.35%
प्रावधान कवरेज अनुपात (%)	83.74%	86.24%

किये गये प्रयासों के परिणामस्वरूप निम्नलिखित कार्यनीतियों में से कुछ के माध्यम से वसूली में सुधार आया है :

एनपीए का एबीसी विश्लेषण

- हमने वसूली प्रक्रिया में सब-स्टाफ को शामिल करने एवं प्रोत्साहित करने के लिए स्टार सक्षम अभियान की शुरुआत की।
- हमने एक-बारगी समझौते (ओटीएस) के लिए आवश्यकता-आधारित योजना में संशोधन किया है, जो गैर-विवेकाधार तथा गैर-विभेदकारी थे।
- विभिन्न भौगोलिक क्षेत्रों तथा बकेट की देखरेख करने वाले विभागों में 3 महाप्रबंधकों की तैनाती।
- संरचित अनुवर्ती तथा स्वामित्व - शाखाओं के क्लस्टर के लिए क्षेत्रीय प्रबंधक, नोडल अधिकारी। ऋण निगरानी तथा वसूली के लिए समर्पित अधिकारियों के साथ वॉर-रूम का कार्य।
- प्रत्येक स्तर पर ओटीस प्रस्तावों के जेनरेशन पर जोर देना। रु.5 करोड़ तथा उससे अधिक का प्रधान कार्यालय द्वारा संचालित। ओटीएस प्रस्तावों की ऑनलाइन निगरानी।
- वाद दाखिल/डिक्री खातों के लिए निर्णायक सरफेसी/ विधिक कार्रवाई तथा विधिक मेनू।
- रु.50.00 लाख से अधिक के वाद दाखिल एनपीए अंतरित करके आस्ति वसूली शाखाओं को नया करना तथा डीजीएम/एजीएम द्वारा मुख्य एआरबी संचालित है।
- अस्थायी नकदी प्रवाह असंतुलन से एनपीए हुए खातों को कम से कम समय में अपग्रेड करने के उद्देश्य से उनमें परिचालन रोकना।
- कुल अतिदेय की वसूली के पश्चात पूरे खाते का अपग्रेडेशन करना।
- उस खाते की पुर्नरचना करना जिसे दीर्घावधि सहयोग की आवश्यकता हो।
- एन.सी.एल.टी. में आवेदन करना तथा जहाँ हम लीडर नहीं हैं वहाँ कन्सोर्टियम के अन्य बैंकों को इसके लिए प्रेरित करना।
- मुकदमा दायर करना और डीआरटी के जरिए शीघ्र निपटान के लिए रोक की समाप्ति पर अनुवर्ती कार्रवाई करना ।
- ट्रैकिंग विकल्प के साथ, एनपीए उधारकर्ताओं द्वारा, ओटीएस आवेदन को ऑनलाइन प्रस्तुत करने की सुविधा
- उन खातों में जिनका बैंक के लाभ व हानि खाते में सकारात्मक प्रभाव है,उनके संबंध में ओटीएस किए जाने को प्रेरित करना;
- सरफेसी अधिनियम के प्रावधान तुरन्त लागू करना।
- ओटीएस अनुमोदित खातों में वसूली की ट्रेकिंग को सुनिश्चित करना ताकि वे असफल न हों।
- सभी पात्र मामलों में उधारकर्ताओं को इरादतन चूककर्ता घोषित करने की प्रक्रिया आरंभ करना ।
- प्रक्रिया को और तेज बनाने के लिए अखिल भारतीय स्तर पर विशाल ई-नीलामी करना।
- विभिन्न स्तरों पर राष्ट्रीय लोक अदालत में भाग लेना ।
- जिन मामलों में मुकदमा/डिक्री फाइल कर दिया गया है अब उनकी ऑनलाइन निगरानी की जाती है।
- बैंक स्तर पर आयोजित की गई उन जेएलएफ़ बैठकों में सक्रिय रूप से भाग लिया जाता है जहाँ बैंक अग्रणी बैंक है या सहायता संघ (कन्सोर्टियम) का सदस्य है।

10. कोषागार:

फॉरेक्स कारोबार : ट्रेजरी, बैंक का विदेशी विनिमय कारोबार संभालता है तथा फॉरवर्ड, ऑप्शन तथा स्वैप के माध्यम से ग्राहकों को हेजिंग सुविधा उपलब्ध करता है। मुंबई में केंद्रीकृत ट्रेजरी के अतिरिक्त, बैंक के नई दिल्ली,अहमदाबाद, चेन्नई तथा कोलकाता में 4 सैटेलाइट डीलिंग रूम हैं ताकि ग्राहकों को बेहतर ग्राहक सेवाएं उपलब्ध करायी जा सकें। वित्तीय वर्ष 2020-21 के दौरान, मर्चेंट तथा इंटरबैंक टर्नओवर क्रमश: रु. 1.38 लाख करोड़ तथा रु. 49.78 लाख करोड़ रहे। वर्ष के दौरान बैंक का कुल फॉरेक्स कारोबार टर्नओवर रु. 51.16 लाख करोड़ रहा। मुद्रा फ्यूचर की ट्रेडिंग में ट्रेजरी सक्रियतापूर्वक सहभागिता करता है तथा यह सभी एक्सचेंजों में एक अग्रणी बैंक है। वित्तीय वर्ष 2020-21 के दौरान करेंसी फ्यूचर में बैंक का टर्नओवर यूएसडी 73.08 बिलियन है। बैंक को करेंसी फ्यूचर व्यवसाय के लिए विभिन्न पुरस्कार दिये गए हैं। 2020-21 के लिए बैंक को करेंसी डेरिवेटिव सेग्मेंट (बैंक) के अंतर्गत सर्वोत्तम प्रदर्शन के लिए बीएसई के द्वारा “टॉप वॉल्यूम परफॉरमर” पुरस्कार और सभी बैंको की श्रेणी के अंतर्गत करेंसी डेरिवेटिव्स में एमसीएक्स में टॉप परफॉरमर पुरस्कार प्राप्त हुआ है।

ट्रेज़री परिचालन व निवेश :

बैंक ने 2020-21 के दौरान के सभी क्षेत्रों में अर्थात-मुद्रा बाजार,फॉरेक्स, बॉण्ड तथा डेरिवेटिव में सक्रिय भूमिका अदा करना जारी रखा। रेपो/ टीआरईपीएस विण्डोज़ से उधार लेने हेतु अतिरिक्त एसएलआर का उपयोग करने के लिए बैंक ने समय-समय पर एसएलआर निवेशों को विनियामक

आवश्यकता जो कि एन.डी.टी.एल का 18.00% है, उससे अधिक पर बनाये रखा। यथा दिनांक 31.03.2021 को सकल एसएलआर निवेश रु.141,117 करोड़ (कुल निवेश का 75.92%) था और गैर-एसएलआर निवेश रु.44,760 करोड़ (कुल निवेश का 24.08%) रहा। गैर एसएलआर निवेश में रु. 24,699 करोड़ के 'पुन:-पूंजीकरण' के बॉण्ड भी शामिल हैं। ट्रेजरी ने सक्रियतापूर्वक अपने निवेशों पोर्ट फोलियो को प्रबंधित किया है तथा एस.एल. आर ए.एफ़.एस पोर्टफोलियो के एम-ड्यूरेशन को, 31.03.2020 को 1.51 से 31.03.2021 को 1.22 तक कम किया है। ये निवेश,बोर्ड द्वारा अनुमोदित व्यापक नीति के अनुसार किये जाते हैं और बाज़ार में होने वाले बदलावों/ विनियामक आवश्यकताओं से तालमेल बनाए रखने हेतु समय-समय पर इनकी समीक्षा की जाती है।

11 सूचना प्रौद्योगिकी:

दस्तावेज़ प्रबंधन प्रणाली

- दस्तावेज़ प्रबंधन प्रणाली ने विभिन्न विभागों को कोविड 19 महामारी के दौरान बिना किसी बाधा के, प्रभावी तरीके से अपना काम जारी रखने में मदद की।
- प्रधान कार्यालय के विभिन्न विभाग, शाखाएँ और अंचल, लाइव वातावरण में डीएमएस को एक्सेस कर रहे हैं।
- सांविधिक शाखा लेखापरीक्षा (एसबीए) और सांविधिक नियंत्रण लेखापरीक्षा (एससीए), डीएमएस की सहायता से प्रभावी ढंग से की गई है। सभी दस्तावेज रियल टाइम आधार पर लेखा-परीक्षकों को उपलब्ध कराए गए हैं।
- दिनांक 1.04.2021 से केंद्रीकृत बैक-ऑफिस विभाग से प्राप्त अनुरोध के आधार पर 59 जेडसीओडी (आंचलिक केंद्रीकृत परिचालन विभाग) से संबद्ध सभी शाखाओं में डीएमएस के माध्यम से एसबी खाता खोलने की प्रक्रिया को लाइव किया गया है।
- स्विफ्ट केंद्रीकरण प्रक्रिया में डीएमएस के उपयोग को एडी शाखाओं में लाइव कर दिया गया है और 24.03.2021 को एफबीडी के नए टेम्प्लेट "एफई-बीओ" को लाइव किया गया है।
- दिनांक 17.02.2021 से सभी शाखाओं में डीएमएस के माध्यम से ईसीएस अधिदेश को लाइव कर दिया गया है।

वेबसाइट का विकास

- बेल्जियम में एंटवर्प शाखा के लिए समर्पित वेबसाइट विकसित की गई है।
- केन्या साइट के लिए ऑनलाइन सुझाव मॉड्यूल विकसित किया गया है।
- पात्र एमएसएमई उधारकर्ताओं को जीईसीएल (गारंटीकृत आपतकालीन क्रेडिट लाइन) की सुविधा ऑनलाइन प्रदान की गई।
- कार्ड सेवाओं में बढ़ोतरी के लिए, फीडबैक एकत्र करने हेतु, वेबसाइट पर, सर्वेक्षण लिंक के साथ, ऑनलाइन संपर्क रहित डेबिट कार्ड सर्वेक्षण फॉर्म बनाया गया।
- वेबसाइट पर ऋण पुन:संरचना आवेदन तैयार किया गया जहां मौजूदा कोविड महामारी के दौरान प्रभावित पात्र उधारकर्ताओं को राहत (ऋण स्थगन के साथ-साथ अवधि का विस्तार) का प्रावधान प्रदान किया गया है।
- डोर स्टेप बैंकिंग सेवाओं की शुरुआत और डीएसबी सेवाओं का लाभ उठाने के लिए, संपर्क संबंधी जानकारी प्रदर्शित की गई है।

स्टारडेस्क

- मानक परिचालन प्रक्रिया (एसओपी) के लिए ज्ञान आत्मानिर्भर पोर्टल और एसओपी पर फीडबैक के लिए ऑनलाइन फॉर्म तैयार किया गया, ज्ञान आत्मानिर्भर पोर्टल पर एसओपी के संबंध में स्टाफ के योगदान की व्यवस्था की गई।
- सिस्टम से संदर्भ संख्या जेनरेट करने के लिए ऑनलाइन फॉर्म तथा भुगतान विवरण को कैप्चर करने के लिए ऑनलाइन आवेदन फॉर्म।
- आंचलिक बजट आवंटन के लिए ऑनलाइन फॉर्म, सुरक्षा विभाग का एमआईएस, आस्ति सूची के लिए सूचना सुरक्षा पोर्टल (एप्लिकेशन, सिस्टम, डेटाबेस)
- भुगतान विवरण कैप्चर करने के लिए ऑनलाइन फॉर्म।

इंटरनेट बैंकिंग (आईबी)

- आरबीआई के निर्देश के अनुसार इंटरनेट बैंकिंग एप्लिकेशन में डेबिट कार्ड कंट्रोल मॉड्यूल को लाइव कर दिया गया है जहां उपयोगकर्ता चैनल एक्सेस के साथ-साथ चैनल की सीमा का प्रबंधन कर सकते हैं। इसके साथ-साथ वे कार्ड की हॉट लिस्टिंग, अस्थायी कार्ड ब्लॉक, कार्ड पिन बदलना, कार्ड पिन रीसेट करना आदि कार्य कर सकते हैं।
- आरबीआई से प्राप्त परामर्श के अनुसार, एससीबी और यूसीबी के कॉर्पोरेट इंटरनेट बैंकिंग उपयोगकर्ताओं के लिए फोर्सड(बलपूर्वक) पासवर्ड परिवर्तन की शुरुआत की गई है।
- आरबीआई के दिशानिर्देशों के अनुसार, बैंक ऑफ़ इंडिया इंटरनेट बैंकिंग और पेयू/टेक प्रोसेस पेमेंट गेटवे के बीच कम्यूनिकेशन को एन्क्रिप्ट किया गया है।
- इंटरनेट बैंकिंग (रिटेल) को धोखाधड़ी जोखिम प्रबंधन की ई-एफआरएम प्रणाली के साथ एकीकृत किया गया है।
- ग्राहकों को बचत बैंक खाते में नामिती जोड़ने की अनुमति प्रदान करने हेतु रिटेल इंटरनेट बैंकिंग में सुविधा आरंभ की गई है।
- डोर स्टेप बैंकिंग पोर्टल रीडायरेक्शन को इंटरनेट बैंकिंग होम पेज पर जोड़ा गया है।
- संव्यवहारों की सफलता, विफलता और प्रसंस्करण के बाद बल्क अपलोड संव्यवहारों की सभी बल्क अपलोड रिपोर्ट की सुविधाएं ग्राहकों को प्रदान की गईं।

- आरबीआई की एडवाइजरी के अनुसार, बैंकों और पेमेंट गेटवे एग्रीगेटर्स के बीच कम्यूनिकेशन को सुरक्षित करने के लिए, अन्य एग्रीगेटर्स के समान, मानक एन्क्रिप्शन प्लैटफॉर्म पर, पेमेंट गेटवे एटीओएम और बीओआई आईबी के बीच एन्क्रिप्शन को इनेबल किया गया है।
- एचयूएफ ग्राहक के लिए एसजीबी (सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड) फंक्शनैलिटी इनेबल की गई है। इससे हिंदू अविभाजित परिवार (एचयूएफ) भी इंटरनेट बैंकिंग का प्रयोग करके गोल्ड बॉन्ड के लिए आवेदन कर सकते हैं।

मोबाइल बैंकिंग (एमबी)

- वर्तमान में मोबाइल बैंकिंग के हमारे पास 44,61,183 पंजीकृत उपयोगकर्ता हैं (यथा 30 अप्रैल 2021) जिसमें 42,77,608 एंड्राइड उपयोगकर्ता और 1,83,575 आईओएस उपयोगकर्ता शामिल हैं और अब इसे एंड्राइड 11 के साथ कंपैटिबल किया गया है।
- आरबीआई के दिशानिर्देशों के अनुसार एकीकृत डेबिट कार्ड कंट्रोल और क्रेडिट कार्ड कंट्रोल संबंधी परिवर्तन किये गये हैं जिसमें हॉटलिस्ट, अस्थायी ब्लॉक/अनब्लॉक, पिन बदना, सीमाएं प्रबंधित करना और चैनल प्रबंधित करना, विवरणी देखना, बिल भुगतान, अस्थायी कार्ड ब्लॉक, कार्ड प्रतिस्थापन जैसी सुविधाएं हैं।
- एकीकृत डोर स्टेप बैंकिंग और पीपीएस-चेक पॉजिटिव भुगतान प्रणाली।
- लीड जनरेशन के लिए एकीकृत ओसीआरएम (ऑपरेशनल कस्टमर रिलेशनशिप मैनेजमेंट) सुविधा, जहां ग्राहक 46 सुविधाओं के लिए अनुरोध कर सकते हैं। उदाहरण के तौर पर क्रेडिट कार्ड के लिए अनुरोध, विभिन्न प्रकार के ऋणों के लिए अनुरोध, लॉकर के लिए अनुरोध आदि।
- ऐप में 15जीएच फॉर्म उपलब्ध कराया गया है जहां उपयोगकर्ता आय पर टीडीएस कटौती को रोकने के लिए आवेदन जमा कर सकते हैं।
- मोबाइल बैंकिंग में थर्ड पार्टी फंड ट्रांसफर विकल्प का उपयोग करके ऋण खातों में जमा की अनुमति देने के लिए परिवर्तन किए गए हैं।
- मोबाइल बैंकिंग में एकीकृत ऋण खाते और ऋण ऑफ़र फंक्शनैलिटी का प्रदर्शन।
- एंड यूज़र के लिए उनके एसबी, सीडी, ओडीए, लोन, टीडी और आरडी खातों में शेष राशि देखने के लिए, किसी तारीख विशेष को बैलेंस जानने की फंक्शनैलिटी और एम-पासबुक को लाइव किया गया।

डिजिटल दस्तावेजों का निष्पादन

- डीडीई परियोजना को 31.03.2021 को रिटेल ऋण उत्पादों के लिए लाइव बनाया गया है जिसमें आधार आधारित ओटीपी का उपयोग करके ई-स्टांपिंग और ई-हस्ताक्षर करना शामिल है।
- एनईएसएल को सीएपीएस अर्थात् क्रेडिट एप्लिकेशन प्रोसेसिंग सिस्टम में लागू किया गया है। (बैंक की ऋण ओरियेन्टेशन प्रणाली (एलओएस)।
- वर्तमान में अनेक दस्तावेज़ों और बहु-पृष्ठ दस्तावेज़ों के साथ एकल उधारकर्ता संबंधी कार्यान्वयन किया जाता है।
- डीडीई परियोजना 8 राज्यों/यूटी अर्थात् दिल्ली, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, झारखंड, तमिलनाडु, कर्नाटक, पांडिचेरी, अंडमान निकोबार के लिए उपलब्ध है।

भारत बिल भुगतान प्रणाली

- बैंक ऑफ़ इंडिया ने सुरक्षित, कुशल और अनेक प्लैटफॉर्म पर संचालन योग्य बीबीपीएस सोल्यूशन लागू किया है। भारत बिल पे, पूरे भारत के बैंक के सभी ग्राहकों को संवयवहार की निश्चितता, विश्वसनीयता और सुरक्षा के साथ एक आसान और सुलभ, "कभी भी कहीं भी" बिल भुगतान सेवा प्रदान करता है। यह बिजली, दूरसंचार, डीटीएच, गैस, पानी का बिल आदि अनेक बिल भुगतान श्रेणियां प्रदान करता है।
- इस सोल्यूशन को बैंक के सीबीएस, वित्तीय समावेशन गेटवे, मल्टी-फंक्शन कियोस्क, आईवीआर सेवाओं और बैंक द्वारा प्रदान किए जाने वाले वैकल्पिक वितरण चैनलों के साथ बाधा रहित रूप में एकीकृत किया गया है। संव्यवहार को वैकल्पिक वितरण चैनल के माध्यम से या किसी भी बैंक शाखा टर्मिनल से या भुगतान एजेंट टर्मिनल के माध्यम से आरंभ किया जा सकता है।

पीपीएस - सीटीएस के लिए पॉजिटिव भुगतान प्रणाली (चेक ट्रंकेशन सिस्टम)

- आरबीआई द्वारा यथा सूचित और सहभागी बैंकों के लिए एनपीसीआई द्वारा विकसित सुविधा के अनुसार, बड़े मूल्य के चेक के प्रमुख विवरणों की पुन: पुष्टि के लिए, रुपये 50,000 और इससे अधिक की राशि का चेक जारी करने वाले सभी खाताधारकों हेतु इंटरनेट बैंकिंग, मोबाइल बैंकिंग और फिनैकल सीबीएस में पॉजिटिव भुगतान प्रणाली की फंक्सनैलिटी को लागू किया गया है।
- इस प्रक्रिया के अंतर्गत, एसएमएस, मोबाइल ऐप, इंटरनेट बैंकिंग, एटीएम आदि चैनलों के माध्यम से चेक जारीकर्ता इलेक्ट्रॉनिक रूप में उस चेक के कुछ न्यूनतम विवरण (जैसे तिथि, लाभार्थी / आदाता का नाम, राशि, आदि) अदाकर्ता बैंक को प्रस्तुत करता है तथा यह विवरण सीटीएस द्वारा प्रस्तुत चेक के साथ क्रॉस चेक किया जाता है। सीटीएस द्वारा फ्लैग की गई किसी भी विसंगति को अदाकर्ता बैंक और प्रस्तुतकर्ता बैंक को सूचित किया जाता है, जो निवारण उपाय करते हैं।

जारी प्रोजेक्ट -

डिजिलॉकर सोल्यूशन

- ग्राहकों को सुविधा प्रदान करने के लिए बैंक डिजिलॉकर सोल्यूशन

प्राप्त करने की प्रक्रिया में है। इस सोल्यूशन का उपयोग करके बैंक, ग्राहक के डिजिलॉकर खाते में ब्याज प्रमाण पत्र, टीडीएस दस्तावेज़ आदि दस्तावेज़ जारी कर सकता है और साथ ही बैंक, ग्राहकों से केवाईसी दस्तावेज़, ओवीडी जैसे दस्तावेज़ माँग सकता है।

- डिजिलॉकर सोल्यूशन के कार्यान्वयन के लिए मैसर्स मिस्कॉट को ऑन-बोर्ड किया गया। विकास, नियोजन और यूएटी को पूरा कर लिया गया है। एमबी और आईबी के साथ एकीकरण प्रगति पर है।

फास्टैग

- फास्टैग एक सरल और पुन: प्रयोज्य टैग है जो रेडियो-फ्रीक्वेंसी आइडेंटिफिकेशन टेक्नोलॉजी (आरएफआईडी) पर काम करता है। प्रत्येक टैग को एक पंजीकृत वॉलेट से जोड़ा जाता है ताकि टोल शुल्क में तत्काल ऑटोमैटिक कटौती की जा सके। हमारे बैंक के ग्राहकों के पास इंटरनेट बैंकिंग, मोबाइल बैंकिंग और शाखाओं के माध्यम से अपने मौजूदा फास्टैग को रिचार्ज करने की सुविधा है।
- अब बैंक इस फास्टैग को जारी करने की दिशा में काम कर रहा है। एनपीसीआई प्रमाणन के बाद फिनैकल, एमबी, आईबी, यूपीआई और बीबीपीएस के साथ एकीकरण किया जाएगा।

मिसकॉलपे:

- मिसकॉलपे एक डिजिटल भुगतान सुविधा है जो मिस्ड कॉल का उपयोग करके, फीचर फोन पर, यूपीआई आधारित मोबाइल भुगतान की सभी फंक्शनैलिटी प्रदान करता है। इंटरनेट कनेक्शन पर इसकी कोई निर्भरता नहीं है, इसलिए यह भारत की कम सुविधाओं वाली ग्रामीण और शहरी आबादी के लिए उपयुक्त है।
- उपयोगकर्ता अपनी स्थानीय भाषा में भी संव्यवहार कर सकते हैं।

इंटरऑपरेबल कार्ड रहित नकद निकासी

- एटीएम में क्यूआर आधारित नकदी निकासी 07 सितंबर 2019 को आरंभ की गई है, जहां ग्राहकों को अब नकदी निकालने के लिए एटीएम कार्ड का उपयोग करने की आवश्यकता नहीं है। क्यूआर-कैश, क्यूआर प्लैटफॉर्म का लाभ लेता है और ग्राहक, रिसाइक्लर/एटीएम स्क्रीन पर सृजित क्यूआर को स्कैन करने के लिए भीम बीओआई यूपीआई एप्लिकेशन का उपयोग कर सकते हैं। क्यूआर-कैश एटीएम क्लोनिंग, स्किमिंग और एटीएम से संबंधित धोखाधड़ी को रोकने और कार्ड रहित नकद निकासी को बढ़ावा देने का एक प्रयास है।
- इस उत्पाद को सभी समकक्ष बैंकों के बीच इंटरऑपरेबल बनाने के लिए, एनपीसीआई ने कार्ड रहित नकद निकासी के अंतर परिचालन (आईसीसीडब्ल्यू) के यूएटी को मंजूरी दी है। किसी भी यूपीआई एप्लिकेशन का उपयोग करने वाले ग्राहक, आईसीसीडब्ल्यू/क्यूआर-कैश सक्षम एटीएम/रीसाइक्लर से पैसे निकालने में सक्षम होंगे।

12. प्रबंधन सूचना प्रणाली:

एमआईएस विभाग की नई पहल :

अत्याधुनिक डाटावेयरहाउस सॉल्यूशन :

बैंक ने हमारी वर्तमान प्रक्रियाओं, व्यवस्था का अध्ययन करने के लिए और उसमें उपयुक्त

किफायती अत्याधुनिक डाटावेयरहाउस सॉल्यूशन के प्रस्ताव हेतु एक परामर्शदात्री फर्म को नियुक्त किया है। तदनुसार, डाटा-लेक के साथ-साथ, प्रस्तावित अत्याधुनिक सॉल्यूशन के कार्यान्वयन हेतु सिस्टम इंटिग्रेटर के चयन के लिए मई, 2021 के प्रथम सप्ताह में आरएफपी जारी किया गया है।

ई-प्लेटफॉर्म सॉल्यूशन :

थर्ड पार्टी उत्पादों सहित, सभी बैंकिंग उत्पादों (आस्ति एवं देयता उत्पादों) के स्ट्रेट थ्रू ऑरिजिनेशन एंड प्रोसेसिंग हेतु ई-प्लेटफॉर्म समाधान को कार्यान्वित और प्रबंधित करने के लिए आरएफपी प्रक्रिया के माध्यम से बैंक सिस्टम इंटिग्रेटर की नियुक्ति करता है। तत्संबंधी व्यापक कार्यक्षेत्र निम्नानुसार है-

- नया ग्राहक संबंध प्रबंधन - अग्रणी प्रबंधन, अभियान प्रबंधन, शिकायत प्रबंधन, ग्राहक का 360 डिग्री दृष्टिकोण, सेवा प्रबंधन
- ऋण प्रोसेसिंग लाइफ साइकल प्रबंधन प्रणाली
- डिजिटल मार्केटिंग
- बैंक की आस्ति एवं देयता और थर्ड पार्टी उत्पादों हेतु स्ट्रेट थ्रू प्रोसेसिंग (एसटीपी) का कार्यान्वयन

एन्हांस्ड एक्सेस एंड सर्विसेज एक्सीलेंस (ईएएसई) :

ईएएसई स्कोर में सुधार और डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन के लिए विश्लेषणात्मक आधारित और तकनीकि आधारित रिटेल और एमएसएमई ऋण प्रस्तावों जैसी विभिन्न गतिविधियों को पूर्ण किया जाना आवश्यक है। एमआईएस ने ईएएसई 3.0 की निम्नलिखित आवश्यकताओं को कार्यान्वित किया है:

- डिजिटल लीड पहल के चैनलों को सक्रिय करना:
- एसएमएस, मिस्ड कॉल, कॉल सेंटर, वेब-साइट, मोबाइल बैंकिंग
- विश्लेषण आधारित लीड जेनरेशन को निम्नालिखित को कार्यान्वित किया गया:
- रिटेल - आवास ऋण टॉप-अप ऋण
- रिटेल - समय पूर्व बंद की गई मीयादी जमा
- रिटेल - अधिग्रहण किए गए आवास ऋण
- रिटेल - वैतनिक ग्राहकों को व्यक्तिगत ऋण
- एमएसएमई - एमएसएमई ग्राहकों को पूर्व अनुमोदित व्यवसाय ऋण

13. जोखिम प्रबंधन: :

जोखिम तथा नियंत्रण :

बैंक ने जोखिमों तथा प्रतिफलों के बीच ट्रेड-ऑफ को बनाये रखने के लिए, एकल बकेट और पोर्टफोलियो आधार पर, प्रासंगिक जोखिमों का अनवरत

मूल्यांकन सुनिश्चित करने हेतु उपयुक्त व्यवस्थाएं स्थापित की हैं। हमारे बैंक में जोखिम प्रबंधन, समिति के बोर्ड (आर.कॉम.) द्वारा संचालित कार्य है, जिसमें शीर्ष स्तर पर बोर्ड की जोखिम प्रबंधन समिति होती है जिसको, विभिन्न जोखिमों का प्रबंधन करने के लिए उच्च कार्यपालकों की परिचालनात्मक स्तर की समितियों जैसे आस्ति देयता प्रबंध समिति (एएलसीओ), सीआरएमसी (ऋण जोखिम प्रबंधन समिति), एमआरएमसी (बाज़ार जोखिम प्रबंधन समिति) और सोओआरएम (परिचालनात्मक जोखिम प्रबंधन के लिए समिति) से सहयोग प्राप्त होता है

बैंक का जोखिम प्रबंधन ढाँचा, अपने परिचालनों और संस्कृति में जोखिम प्रबंधन के पूर्ण एकीकरण पर केंद्रित है। एकीकृत जोखिम प्रबंधन ढ़ाचा जोखिम प्रबंधन चक्र से आरंभ होता है, जिसमें कई चरण होते हैं: जोखिम प्रवृति का निर्धारण करना, दबावग्रस्तता की जाँच, परिदृश्य का विश्लेषण, सभी खण्डों में जोखिम मूल्यांकन का संपूर्ण क्षेत्र तैयार करना और जोखिमों का आकलन एवं निगरानी करना। जोखिमों को पर्याप्त रूप से चिह्नित, विश्लेषित, रिपोर्ट और प्रबंधित किया जाता है। जोखिम प्रबंधन जोखिमों के आकलन, निगरानी और रिपोर्टिंग की कार्यवाही के लिए उत्तरदायी है। जोखिमों को बैंक स्तर पर ही सक्रिय रूप से चिह्नित और प्रबंधित किया जाता है। जोखिम प्रबंधन, बैंक के मूल केन्द्रित क्षेत्रों में से एक है। हमारा बैंक यह सुनिश्चित करने के लिए प्रयासरत है कि सभी जोखिम क्षेत्रों में की जाने वाले श्रेष्ठतम वैश्विक प्रथाओं को अपनाया जाए। इस जिम्मेदारी को लोगों और प्रणालियों में निवेश करके तथा जोखिम वहन करने की संस्कृति को तैयार करके पूरा किया जा रहा है।

जोखिम प्रबंधन विभाग, बैंक की जोखिम प्रोफाइल की निगरानी और प्रबंधन के लिए सीमाओं और नियंत्रणों के व्यापक ढाँचे के माध्यम से सुनिश्चित करता है। जोखिम प्रबंधन विभाग सुनिश्चित करता है कि जोखिम प्रबंधन को सही ढ़ंग से कार्यान्वित किया गया है कि यह सभी विनियामकीय दिशानिर्देशों के अनुरूप है।

वित्तीय वर्ष 2020-21 के दौरान, क्रेडिट रेटिंग थ्रेशहोल्ड विशिष्ट उद्योग/क्षेत्र के कार्यनिष्पादन पर आधारित था। बैंक ने उधारकर्ताओं की आंतरिक क्रेडिट रेटिंग के लिए उधारकर्तावार ऋण जोखिम मॉडल के आकलन हेतु विभिन्न अंतरिक ऋण जोखिम आकलन मॉडल और स्कोरकार्ड बैंक में ही विकसित किए हैं। बाह्य प्रमाणीकरण और समीक्षा सहित, व्यापक प्रमाणीकरण और बैक टेस्टिंग फ्रेमवर्क चक्रों (साइकिल्स) में इनकी समीक्षा की गई है। बैंक में जोखिम समायोजित पूंजी पर प्रतिफल (आरएआरओसी) हेतु फ्रेमवर्क के कार्यान्वयन की प्रक्रिया चल रही है।

आरबीआई के दिशानिर्देशों के अनुसार बैंक ऋण जोखिम के लिए मानकीकृत दृष्टिकोण, बाजार जोखिम के लिए मानकीकृत अवधि पद्धति (एसडीएम) तथा परिचालनगत जोखिम के लिए आधारभूत संकेतक दृष्टिकोण (बीआईए) के आधार पर बासेल-III विनियम के अंतर्गत पूंजी पर्याप्तता की गणना की ओर अग्रसर है।

परिचालनगत जोखिम को अपर्याप्त या असफल आंतरिक प्रक्रिया, व्यक्ति तथा सिस्टम या बाह्य घटनाओं के कारण हानि के जोखिम के रूप में परिभाषित किया गया है। परिचालनगत जोखिम में कानूनी जोखिम शामिल हैं परन्तु कार्यनीतिक और प्रतिष्ठा संबंधी जोखिम शामिल नहीं हैं। बैंक मूलभूत संकेतक दृष्टिकोण (बीआईए) के माध्यम से परिचालनगत जोखिम भारित आस्तियों का आकलन करता है। परिचालनगत जोखिम से हानियों के संभावी प्रभाव की संभावना को कम करने के लिए बैंक व्यापक प्रक्रियाओं, आंतरिक नियंत्रण की प्रणाली तथा नीतियों से परिचालनगत जोखिमों की निगरानी एवं प्रबंधन करता है।

बैंक के बढ़ते हुए कारोबार को देखते हुए आंतरिक नियंत्रकों को सुदृढ़ बनाकर बैंक के ब्रांड, प्रतिष्ठा और आस्तियों की सुरक्षा हेतु, सूचना सुरक्षा जोखिमों से बचना, बैंक की सूचना जोखिम प्रबंधन प्रणाली का स्पष्ट उद्देश्य है। बैंक अपने ग्राहकों और खाताधारकों से संबंधित डेटा की सुरक्षा और गोपनीयता को लेकर सतर्क है और इसे साइबर हमले से सुरक्षित करने का अत्यधिक ध्यान रखता है। बैंक ने कैप्टिव सुरक्षा परिचालन केंद्र (एसओसी) स्थापित किया गया है। बैंक द्वारा रियल टाइम आधार पर सूचना सुरक्षा उल्लंघन प्रयासों/घटनाओं/वारदातों से समय पर बचाव, पता लगाने और प्रतिक्रिया के लिए 24*7 निगरानी आधार पर विभिन्न सूचना सुरक्षा परियोजनाएं कार्यान्वित की गई हैं। वेब तथा ई-मेल चैनलों के लिए उन्नत सुरक्षा उपकरण जैसे एसआईईएम (सुरक्षा जानकारी तथा घटना प्रबंधन), पीआईएम (विशेषाधिकार पहचान प्रबंधन), डीएएम (डेटाबेस गतिविधि निगरानी), डब्ल्यूएएफ (वेब एप्लिकेशन फायरवाल), एनबीएडी (नेटवर्क बिहेवियर अनामली डिटेक्शन), एंटी-एपीटी (उन्नत परसिस्टेंस थ्रेट) और एंटी डीडीओएस जैसे कुछ सुरक्षा समाधान कार्यान्वित किए गए हैं। खतरे को दूर करने, उन्हें रोकने, उनका पता लगाने तथा उनके विरुद्ध कार्रवाई पर केन्द्रित विभित्र नए सुरक्षा उपाय किए गए हैं। बैंक, आईएसओ 27001:2013 (आईएसएमएस) और आईएसओ 22301:2012 (बीसीएमएस) प्रमाणपत्र धारक है। नकली साइटों के माध्यम से की जाने वाले फिशिंग अटैक से बैंक के ग्राहकों को बचाने के लिए प्रभावी ब्रैंड सुरक्षा सेवाएँ लागू की गई है। सभी सिस्टमों के लिए संवेदनशील एप्लिकेशन और सेवाओं के लिए नियमित जोखिम व कमजोरी (वल्नरेबिलिटी) मूल्यांकन प्रक्रिया समयबद्ध उपचारात्मक गतिविधियों सहित पूरी की जाती है। पूरे बैंक में अध्ययन एवं संचार के विविध माध्यमों से व्यापक स्तर पर स्टाफ के साथ-साथ ग्राहकों के लिए सुरक्षा जागरूकता अभियान, विशेष रूप से सोशल इंजीनियरिंग के संबंध में आयोजित किए जाते हैं।

14. डिजिटल बैंकिंग:

डिजिटलीकरण को बढ़ावा देने के लिए बैंक ऑफ़ इंडिया विभिन्न डिजिटल उत्पाद और सेवाएं उपलब्ध करा रहा है। ग्राहकों को विभिन्न प्रकार के यथा वीज़ा, मास्टर कार्ड और रूपे डेबिट एवं क्रेडिट कार्ड जारी किए जाते हैं। वर्ष के दौरान, अपने उच्च मूल्यवान ग्राहकों के लिए हमने एक प्रीमियम डेबिट कार्ड जारी किया, जो प्लास्टिक और मेटल दोनों स्वरुप में उपलब्ध है। कार्ड संबंधी संव्यवहारों पर सहज नियंत्रण हेतु बैंक ने बीओआई मोबाइल एप्प में डेबिट एवं क्रेडिट कार्ड सेवाओं को एकीकृत किया है। बड़ी संख्या में ग्राहक भीम यूपीआई, मोबाइल बैंकिंग और इन्टरनेट बैंकिंग सेवाओं का लाभ उठा रहे हैं। बैंक अपने मर्चन्ट ग्राहकों को पॉइंट ऑफ़ सेल (पीओएस) ईडीसी मशीने, भीम आधार पे/यूपीआई क्यूआर/ भारत क्यू आर उपलब्ध कराता है। यथा 31.03.2021 बैंक ने मेट्रो, शहरी, अर्ध-शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में विभिन्न मर्चन्टों के लिए 30,560 पीओएस टर्मिनल, संस्थापित किए हैं और 1,79,901 क्यूआर कोड (पीएम स्वनिधि खातों सहित) जारी किए हैं।

यथा 31.03.2021 बैंक में 5551 एटीएम लगाए हैं। बैंक के सभी एटीएमों में नवीनतम सुरक्षा-खुबियां मौजूद हैं, हमने दृष्टिबाधित व्यक्तियों की सहायता हेतु अपने सभी एटीएमों में वॉइस एनेबल्ड गाइडन्स सुविधा उपलब्ध कराई है। अपने ग्राहकों को नकद जमा करने/निकलने हेतु झंझट-मुक्त सुविधा प्रदान करने हेतु हमने अत्याधुनिक रीसाइक्लर मशीन लगाए हैं।

बैंक संव्यवहार बेंकिंग संबंधी विभिन्न सुविधाएं उपलब्ध कराना है। इसमें एनएसीएच मैंडेट, डायरेक्ट डेबिट मैंडेट, पेमेंट गेटवे, कॉरपोरेट्स केलिए नकदी प्रबंधन सेवाएं ऑन, लाइन शेयर ट्रेडिंग 3-इन-1 खाते और चैनल वित्त उपलब्ध कराना है।

15. थर्ड पार्टी उत्पाद:

जीवन बीमा :

जीवन बीमा उत्पादों की बिक्री के लिए बैंक का अपनी संयुक्त उद्यम जीवन बीमा कंपनी अर्थात् स्टार यूनियन दाई-इची जीवन बीमा कंपनी लिमिटेड के साथ कॉरपोरेट एजेंसी समझौता है। पूरे भारत में बैंक के पास 9067 कर्मचारी हैं, जो आईआरडीएआई से प्रमाणित 'निर्धारित व्यक्ति' हैं। सूडलाइफ के विभिन्न जीवन बीमा उत्पादों की बिक्री के अतिरिक्त, हम बैंक के रिटेल ऋण के अंतर्गत आवास एवं शिक्षा ऋण के सम्बन्ध प्रतिस्पर्धी प्रीमियम पर वैकल्पिक बीमा प्रदान करते हैं। इस संबंध में बैंक ने वित्तीय वर्ष 2020-21 में **रु. 1396.67 करोड़** का प्रीमियम प्राप्त किया है तथा इस प्रकार **रु.77.64 करोड़** की कमीशन आय अर्जित की है।

साधारण बीमा:

बैंक ने दो साधारण बीमा कंपनियों अर्थात् रिलायंस जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड तथा दि न्यू इंडिया एश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के उत्पादों की बिक्री के लिए समझौता किया है। हमने सह-ब्रांडिंग कर 'रिलायंस बीओआई स्वास्थ्य बीमा' उत्पाद आरंभ किया है जो पूरे परिवार द्वारा प्रयोज्य (फैमिली फ्लोटर) पॉलिसी है। यह बैंक ऑफ़ इंडिया के ग्राहकों को प्रतिस्पर्धी प्रीमियम पर उपलब्ध है। बैंक ने **रु.153.60 करोड़** का साधारण बीमा प्रीमियम प्राप्त किया है तथा इस प्रकार वित्तीय वर्ष 2020-21 के लिए **रु.21.26 करोड़** की कमीशन आय अर्जित की है।

केवल (स्टैंडअलोन) स्वास्थ्य बीमा:

स्टैंडअलोन स्वास्थ्य बीमा श्रेणी के अंतर्गत बैंक ने स्टार हेल्थ एंड एलाइड इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के साथ समझौता किया है। इस क्षेत्र में वित्तीय वर्ष 2020-21 में बैंक ने **38.52 करोड़** प्रीमियम प्राप्त किये, अत: वित्तीय वर्ष 2020-21 में **रु. 5.25 करोड़** की अनंतिम कमीशन आय अर्जित की।

म्यूचुअल फंड उत्पाद :

हमारे ग्राहकों की सभी वित्तीय आवश्यकताओं के लिए बैंक एकल वित्तीय केन्द्र बना हुआ है। हमारे पास अनेक वित्तीय उत्पाद हैं जिसमें हमारी अपनी संयुक्त उद्यम कंपनी बीओआई-एक्सा म्यूचुअल फंड सहित 10 आस्ति प्रबंधन कंपनियों के उत्पाद शामिल हैं। हम इनके म्यूचुअल फंड उत्पादों का विपणन करते हैं। वित्तीय वर्ष 2020-21 के दौरान बैंक ने इस क्षेत्र में **रु.3.14 करोड़** की अनंतिम आय अर्जित की है।

16. विपणन एवं प्रचार: विपणन एवं प्रचार-प्रसार:

बैंक के छवि निर्माण के साथ-साथ बैंक के उत्पादों एवं सेवाओं की दृश्यता को बढ़ाने के लिए बैंक का प्रचार एवं जन-संपर्क विभाग, विभिन्न संचार माध्यमों से कॉरपोरेट अभियान चलाता है। मीडिया संबंधी विभिन्न योजनाओं के माध्यम से देशभर में बैंक के विविध उत्पादों का प्रचार-प्रसार, बैंक की थीम लाइन "रिश्तों की जमापूंजी" के साथ किया जाता है। रेडियो चैनलों, टेलीविजन और डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से बैंक के उत्पादों का प्रचार-प्रसार प्रभावी ढंग से किया गया है। प्रिंट मीडिया में बड़े राष्ट्रीय दैनिक समाचार पत्रों और विभिन्न प्रमुख पत्रिकाओं तथा "आउट ऑफ़ होम" (ओओएच) गतिविधियों यथा होर्डिंग/बिल बोर्ड/गैन्ट्री के माध्यम से भी बैंक के उत्पादों का प्रचार किया जाता है।

17. कारोबार प्रक्रिया पुनर्विन्यास:

बीपीआर विभाग बैंक में मौजूदा प्रणालियों और प्रक्रियाओं के साथ-साथ चेंज मैनेजमेंट के अन्य पहलुओं जिसमें संगठनात्मक संरचना, उत्पाद एवं नीतियां शामिल हैं, को बेहतर बनाने के लिए कार्य करता है। वर्ष 2020-21 के दौरान की गई ग्राहक केंद्रित मुख्य पहलें निम्नलिखित हैं:-

'वित्तीय वर्ष (2020-21) के दौरान परियोजना कार्य/पहल

- **दो एनबीजी और चार नए अंचलों का गठन** : संभाव्य कारोबार अवसर प्राप्त करने, सुचारू कार्य व्यवस्था, बेहतर निगरानी और ग्राहकों तक पहुँच के लिए दो नए एनबीजी- एनबीजी बिहार और एनबीजी म.प्र. एवं छत्तीसगढ़ तथा चार नए अंचल यथा नासिक, जबलपुर, मदुरै और संबलपुर बनाए गए हैं।

- **संस्थागत संरचना के पुनर्गठन संबंधी दिशानिर्देशों के लिए नीतिगत दस्तावेज:** समग्र कारोबार में सुदृढ़ वृद्धि के लिए, अंचलों/ शाखाओं पर बेहतर नियंत्रण और बेहतर ग्राहक सेवा के लिए हेतु नीति बनाई गई।

- **नए विभागों की स्थापना** : बेहतर ग्राहक सेवा दिए जाने और ग्राहकों के प्रश्नों/शिकायतों का शाखाओं द्वारा तुरन्त निदान किए जाने के लिए विदेशी कारोबार विभाग, एमआईएस विभाग और डिजिटल बैंकिंग विभाग का सृजन किया गया है।

- **स्टार परामर्श-** परिचालन संबंधी/व्यावहारिक सुझाव फील्ड स्तर से प्राप्त करने हेतु स्टाफ परामर्श योजना: सम्मेलन, कॉन्क्लेव एवं प्रशिक्षण केंद्रों सहित सभी फोरम पर परिचालात्मक कुशलता एवं प्रभावकारी सेवाओं के लिए स्टाफ द्वारा दिए गए सभी विचारों एवं सुझावों को शामिल करने के लिए योजना में विस्तार किया गया है। वर्ष के दौरान 469 सुझाव प्राप्त हुए, जिनमें से 19 का कार्यान्वयन के लिए चयन किया गया एवं 1 को पुरस्कृत किया गया।

18. निरीक्षण एवं लेखापरीक्षा:

बैंक में जोखिम आधारित आंतरिक लेखापरीक्षा, जोखिम आधारित प्रबंधन लेखापरीक्षा (घरेलू), समवर्ती लेखापरीक्षा, सूचना प्रणाली लेखापरीक्षा तथा विदेशी शाखाओं की लेखापरीक्षा पर बोर्ड अनुमोदित नीति उपलब्ध है। इन नीतियों को विनियामकों तथा साथ ही बोर्ड की लेखापरीक्षा समिति के निर्देशों के अनुपालन समीक्षित किया गया। वित्तीय वर्ष 2020-21 के दौरान, विभाग ने 3210 शाखाओं और कार्यालयों की लेखापरीक्षा आयोजित की। समवर्ती लेखापरीक्षा में कार्यरत सीए द्वारा 1121 शाखाओं, ट्रेजरी शाखा, डाटा सेंटर

तथा प्रधान कार्यालय के विभागों को कवर किया जाता है तथा बैंक के आंतरिक अधिकारियों द्वारा सभी विदेशी शाखाओं को कवर किया गया है। समवर्ती लेखापरीक्षकों द्वारा 59.41% वैश्विक जमा तथा 83.97% से अधिक वैश्विक अग्रिम को कवर किया गया। बैंक ने निम्नलिखित क्षेत्रों में अपनी अपेक्षाओं को पूरा करने हेतु समय-समय पर विशेष कार्यक्रम भी आयोजित किए हैं:

- "उच्च जोखिम तथा अधिक" रेटिंग वाली शाखाओं में विवेकाधीन लेखापरीक्षा आयोजित की गई।
- लेखा परीक्षाधीन शाखाओं में निवारक सतर्कता उपायों के प्रभाव का मूल्यांकन।
- निर्यात संव्यवहारों/आयात अग्रिम विप्रेषणों से संबंधित संव्यवहारों की जांच/सत्यापन के लिए चयनित प्राधिकृत डीलर शाखाओं की विशेष लेखापरीक्षा।
- बैंक के आंतरिक सूचना सिस्टम लेखापरीक्षकों द्वारा डाटा सेंटर, आपदा रिकवरी साइट और अन्य महत्वपूर्ण विभागों एवं शाखाओं की आईएस लेखापरीक्षा।
- ब्याज मानदंडों के सत्यापन, ब्याज प्रक्रिया को लागू करने तथा नमूना खातों में ब्याज की जाँच को सुनिश्चित करने हेतु डाटा सेंटर की समवर्ती लेखापरीक्षा।
- निर्देशों के अनुसार शीर्ष प्रबंधन, कार्यपालकों की लेखापरीक्षा समिति तथा बोर्ड की लेखापरीक्षा समिति को सभी महत्वपूर्ण लेखापरीक्षा निष्कर्षों की नियमित रिपोर्टिंग की जाती है।
- बैंक ने, पता लगाए गए अपवादों की निगरानी हेतु ऑफ़ साइट मॉनिटरिंग प्रणाली को लागू किया है।

19. विधि एवं सूचना का अधिकार अधिनियम:

बैंक का विधि विभाग सपोर्ट विभाग के रूप में कार्य करता है तथा प्रधान कार्यालय के अन्य विभिन्न कार्यात्मक विभागों में सामने आने वाले विभिन्न मामलों पर सलाह, प्रलेखीकरण, मुकदमों इत्यादि के संबंध में प्लेटफार्म उपलब्ध कराता है।

विभिन्न एनबीजी/अंचलों, घरेलू शाखाओं/विदेशी शाखाओं तथा बैंक की अनुषंगियों द्वारा संदर्भित मामलों पर कार्रवाई करने के अतिरिक्त, यह विभाग, विभिन्न संविदाओं/सेवा स्तरीय करारों (एसएलए), सॉफ्टवेयर/हार्डवेयर खरीद, विभिन्न प्रकार की टाई-अप व्यवस्थाओं/नये उत्पादों इत्यादि के प्रलेखों की ड्राफ्टिंग/वेटिंग के द्वारा, विशेषज्ञ विभागों जैसे सूचना प्रौद्योगिकी विभाग, अंतरराष्ट्रीय विभाग, कोषागार विभाग, डिजीटल बैंकिंग विभाग, कार्ड उत्पाद विभाग, संव्यवहार बैंकिंग विभाग इत्यादि विशेषज्ञ विभागों की आवश्यकताओं को भी पूरा करता है।

सूचना के अधिकार ने समाज में महत्वपूर्ण स्थान अर्जित कर लिया है तथा विभिन्न स्तरों पर बैंक के द्वारा बहुत ज्यादा आवेदन प्राप्त किये जाते हैं। बैंक ने विभिन्न अंचलों/एनबीजी में केन्द्रीय लोक सूचना अधिकारी तथा अपीलीय प्राधिकारी निर्धारित किये हैं। विधि विभाग के उप महाप्रबंधक (विधि)/सहायक महाप्रबंधक(विधि), प्रधान कार्यालय को बैंक का सीपीआईओ नामित किया गया है तथा महाप्रबंधक, विधि विभाग को अपीलीय प्राधिकारी नियुक्त किया गया है। आवेदन या अपील को निपटाने की प्रक्रिया यह है कि विभिन्न विभागों से वांछित जानकारी को एकत्र किया जाता है तथा 30 दिनों की निर्धारित अवधि के दौरान उसे आवेदकों को प्रस्तुत किया जाता है। इसके अतिरिक्त विशिष्ट बिन्दुओं पर अन्य अंचलों/एनबीजी का भी मार्गदर्शन किया जाता है।

इसके अतिरिक्त स्टाफ सदस्यों के बीच जागरूकता उत्पन्न करने के लिए विधि विभाग, विधियों में संशोधन तथा नये विधानों पर एनबीजी/अंचलों को परिपत्र जारी करता है।

उपर्युक्त के अतिरिक्त विधि विभाग निम्नलिखित से संबंधित कार्य भी करता है -

- बैंक द्वारा दायर वादों के संबंध में, वाद पत्र का अनुमोदन तथा ऐसे वादों की निगरानी करना।
- बैंक के विरुद्ध दायर रिट, वादों, अपीलों, दावों इत्यादि पर परामर्श देना, आवेदनों/शपथ पत्रों इत्यादि, जहाँ भी आवश्यक हो, उनकी जॉंच करना।
- विभिन्न अधिनियमों पर विचाराधीन संशोधनों / नये विधानों सहित विभिन्न मामलों पर मंत्रालय, भारतीय रिज़र्व बैंक तथा आईबीए के विभिन्न प्रश्नों का उत्तर देना।
- शेयर विभाग के शेयर अंतरण मामले पर राय देना।
- बैंक के विरुद्ध वाद/बैंक के विरुद्ध ऐसे दावे जिन्हें ऋण के रूप में नहीं स्वीकार किया गया है/प्रावधान आवश्यकताएं/अंचलों के साथ अनुवर्ती कार्रवाई इत्यादि।
- वाद दायर/डिक्री किए गए मामलों से संबंधित डाटा/सांख्यिकी, एकत्रित तथा संकलित करना तथा विभिन्न प्राधिकारियों जैसे भारतीय रिज़र्व बैंक, वित्त मंत्रालय इत्यादि को प्रस्तुत करना। इसके अतिरिक्त विधि विभाग आरबीएस डाटा से संबंधित कार्रवाई भी करता है।

20. अनुपालन:

वर्ष 2008 से बैंक में स्वतंत्र अनुपालन विभाग है। महाप्रबंधक श्रेणी के मुख्य अनुपालन अधिकारी विभाग के प्रमुख होते हैं, जो धन-शोधन निवारण अधिनियम, 2002 (पीएमएल अधिनियम) के अनुसार "प्रमुख अधिकारी" के रूप में भी पदनामित होते हैं। बैंक के घरेलू और विदेशी परिचालन के लिए बैंक के सांविधिक, विनियामक एवं आंतरिक दिशानिर्देशों का अनुपालन करना इसका कार्यक्षेत्र है, जिसे धन शोधन निवारण अधिनियम, 2002 (पीएमएल अधिनियम) के अनुरूप "प्रिंसिपल ऑफिसर" के रूप में भी नामित किया गया है ।

बैंक, भारतीय रिजर्व बैंक के दिशा-निर्देशों के अनुसार तैयार की गई, बोर्ड द्वारा अनुमोदित अनुपालन कार्यनीति को अपना रहा है। बैंक के घरेलू परिचालनों के विभिन्न कार्यक्षेत्रों हेतु अनुपालन नियमों को अपनाकर बैंक अपनी अनुपालन संस्कृति को निरंतर बढ़ा रहा है। अनुपालन विभाग अनुपालन धारणीयता सुनिश्चित करने के लिए विनियामक दिशानिर्देशों के कार्यान्वयन का छमाही अनुपालन निरीक्षण कार्य, तिमाही अनुपालन निरीक्षण, भारतीय रिजर्व

बैंक द्वारा जोखिम आधारित पर्यवेक्षण के अंतर्गत की गई टिप्पणियों पर कृत कार्रवाई की अनुपालन-लेखापरीक्षा तथा आरबीआई द्वारा निर्धारित ट्रांश III संबंधी अनुपालन नियमों का परीक्षण कर रहा है।

बैंक में अपने ग्राहक को जानिए (केवाईसी)/ धन शोधन निवारण (एएमएल) उपायों / आतंकवाद के वित्त पोषण का प्रतिरोध (सीएफटी) दिशा-निर्देशों को लागू करने/ निगरानी करने की जिम्मेदारी भी विभाग को सौंपी गई है। भारतीय रिजर्व बैंक के अनुदेशों के अनुसार सभी खातों में केवाईसी मानदंडों का अनुपालन सुनिश्चित किया गया है। धन शोधन अधिनियम, 2002 के प्रावधान तथा अनुवर्ती संशोधनों के अनुसार इसके तहत बनाए गए नियमों और भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा जारी दिशानिर्देशों के अनुसार, बैंक ने बोर्ड द्वारा अनुमोदित केवाईसी/ एएमएल/ सीएफटी तैयार की है, जिसे भारत में स्थित शाखाओं ने अपनाया है। सभी ग्राहकों को जोखिम अवधारणा के आधार पर उच्च, मध्यम और निम्न वर्ग में वर्गीकृत किया गया है। आरबीआई के वर्तमान दिशा निर्देशों के अनुसार वर्गीकरण की समीक्षा छमाही आधार पर की जाती हैं। विभाग स्टाफ सदस्यों को केवाईसी/ एएमएल और उसके अनुपालन से संबंधित पहलुओं पर प्रशिक्षण देना भी सुनिश्चित करता है।

अनुपालन विभाग सभी विनियामक एजेंसियों के लिए संपर्क का सिंगल पॉइंट है। यह जोखिम आधारित पर्यवेक्षण (आरबीएस) करने में आरबीआई को जवाब देने हेतु केंद्र बिंदु (फोकल प्वाइंट) है। बैंक के समस्त विभागों के समन्वय से आरबीएस रिपोर्ट बनाई जाती है तथा अनुपालन विभाग उन्हें आरबीआई में प्रस्तुत करता है।

विदेशों में स्थित स्थापनाओं, जो अपने संबंधित क्षेत्र पर आधारित अनुपालन नीतियों के साथ-साथ केवाईसी-एएमएल-सीएफटी नीतियों का पालन करते हैं, के अनुपालन संबंधी कार्यों की देखरेख भी प्रधान कार्यालय का अनुपालन विभाग करता है। विदेशस्थितप्रत्येक केंद्र/ शाखा/ अनुषंगी में संबंधित अनुपालन कार्यों की निगरानी हेतु एक अनुपालन अधिकारी होता है। विदेश स्थित शाखाएं लागू विनियामक आवश्यकताओं (स्वदेश /मेजबान देश के विनियामक दिशानिर्देश, जो भी कड़े हों) का पालन करती हैं तथा तत्सम्बन्धी पुष्टिकरण/अनुपालन रिपोर्ट प्रस्तुत करती हैं। विदेश स्थित प्रत्येक शाखा का अनुपालन अधिकारी तिमाही आधार पर अनुपालन संबंधी जांच करता है तथा प्रधान कार्यालय को रिपोर्ट प्रस्तुत करता है।

21. राजभाषा:

बैंक में एक सुस्थापित राजभाषा विभाग है जो भारत सरकार की राजभाषा नीति से संबंधित प्रावधानों के कार्यान्वयन तथा हिन्दी के प्रगामी प्रयोग को सुनिश्चित करता है। वर्ष के दौरान हमारे बैंक को वर्ष 2019-20 के लिए राजभाषा कार्यान्वयन के क्षेत्र में भारत सरकार का सर्वोच्च पुरस्कार ''कीर्ति पुरस्कार'' (प्रथम) प्राप्त हुआ है। हमारे बैंक के संयोजन में कार्यरत नराकास रत्नागिरी को ''कीर्ति पुरस्कार'' (द्वितीय) प्राप्त हुआ है। नराकास नोएडा, नागपुर एवं मुजफ्फरपुर को क्षेत्रीय स्तर पर पुरस्कार प्राप्त हुए हैं। इसके अतिरिक्त, आंचलिक कार्यालय गोवा, हुब्बली-धारवाड़, एस.टी.सी नोएडा को भी क्षेत्रीय स्तर पर भारत सरकार से पुरस्कार प्राप्त हुए हैं जो क्षेत्रीय स्तर पर सर्वोच्च पुरस्कार हैं। इनके अतिरिक्त हमारे अंचलों/ शाखाओं को नराकास से पुरस्कार प्राप्त हुए हैं। वर्ष के दौरान बैंक ने 139 हिन्दी कार्यशालाओं का आयोजन किया है जिसमें 3124 स्टाफ सदस्यों को प्रशिक्षित किया गया है। स्टाफ सदस्यों के लिए राजभाषा ई-लर्निंग एवं 'अनुवाद' मॉडयूल तैयार किए गए हैं। प्रधान कार्यालय के विभागों हेतु हिन्दी ई-मेल प्रतियोगिता तिमाही आधार पर पूरे वर्ष चलाई गई है। 15 अगस्त से 14 सितम्बर, 2020 तक हिन्दी माह मनाया गया। प्रधान कार्यालय के विभागों एवं अंचलों हेतु "राजभाषा शील्ड प्रतियोगिता" आयोजित की गयी। बैंक द्वारा क्षेत्रीय भाषाओं में संदर्भ साहित्य तैयार किया गया। प्रधान कार्यालय द्वारा प्रत्येक सप्ताह किसी सुप्रसिद्ध व्यक्तित्व पर लेख, समस्त कार्यालयों/शाखाओं को राजभाषा हिन्दी में भेजे जाते हैं। बैंक, 8 नराकास के संयोजन का दायित्व सफलतापूर्वक निभा रहा है।

22. मानव संसाधन विभाग, अध्ययन एवं विकास एवं गृह पत्रिकाएं:

मानव संसाधन

वित्तीय वर्ष 2020-21 के दौरान बैंक ने विभिन्न वेतनमान में 1092 सामान्य बैंकिंग और विशेषज्ञ अधिकारी तथा 3256 लिपिक वर्ग में तैनाती की है। वित्तीय वर्ष 2021-22 के दौरान 2274 स्टाफ अधिकारी और 2780 लिपिक स्टाफ भर्ती करने की योजना है।

हाल ही के वर्षों के दौरान बैंक ने मानव संसाधन के क्षेत्र में निम्नलिखित पहल की है:

क) जॉब फैमिली

ख) कार्यनिष्पादन प्रबंधन प्रणाली

ग) प्रतिभा प्रबंधन

घ) नेतृत्व विकास

ङ) एम्प्लाई एन्गैजमेन्ट सर्वे (स्टार अन्वेषण)

च) 360 डिग्री फिडबैक सर्वे

कोरोना वायरस महामारी के द्वितीय दौर के बीच मानव संसाधन ने अपने स्टाफ कर्मचारियों के भौतिक और मानसिक सहयोग के प्रयास को जारी रखा है। यह महामारी अभी भी कार्य में बहुत बाधा उत्पन्न कर रही है। बैंक ने भारत सरकार/आईबीए से समय-समय पर प्राप्त विभिन्न एसओपी सलाह के आधार पर कोविड-19 के फैलाव को रोकने के लिए तथा स्टाफ की सुरक्षा के लिए कई उपाय लिए हैं जैसे सांतरित कार्य समय, गृह से कार्य, सीमित कारोबार समय, रोटेशन के आधार पर कार्य आदि। इसके अतिरिक्त वित्तीय सहायता योजना जैसे 'स्टार आभार', 'स्टार सहाय' और 'स्टार कुटुंब' आरंभ की गई।

स्टाफ अधिकारियों के बीच हाल ही में लिए गए एम्प्लाई एनोज्मेन्ट सर्वे से प्राप्त मुख्य केन्द्र बिन्दु पर कार्यान्वयन का कार्य किया जा रहा है। वरिष्ठ कार्यपालकों के बीच चलाए गए 360 डिग्री फीडबैक सर्वे से नेतृत्व बनाने की प्रक्रिया सुलभ होगी।

कार्य निष्पादन प्रबंधन :

बैंक ने सिस्टम ड्रिवन प्रणाली के जरिए कर्मचारी के कार्य निष्पादन के मूल्यांकन के उद्देश्य को प्राप्त करने की प्रक्रिया लागू की है जिसमें सुधार हेतु फीडबैक और उस पर कार्रवाई की जा सकेगी। वित्तीय वर्ष 2021-22 में हमारे बैंक में कार्य निष्पादन प्रबंधन प्रणाली (PMS) निम्नलिखित मानदण्ड पर आधारित होगी:

(बजटीय मूल्यांकन)	- कारोबर आयाम के लिए 65% भारिता, प्रबंधकीय आयाम के लिए 15% भारिता, ई-लर्निंग पूरा करने के लिए 5% और कारोबर के गुणात्मक पहलु के लिए15%
(गैर बजटीय मूल्यांकन)	- केआरए के लिए 50% भारिता, प्रबंधकीय पहलु के लिए 45% भारिता, और ई-लर्निंग मोडयूल पूरा करने के लिए 5% भारिता

बजटीय मूल्यांकन में वर्ष 2019-20 से फिनेकल से लक्ष्य/बजट के आंकड़े कैप्चर हो रहे है और वास्तविक कार्य निष्पादन की तुलना में बजटीय लक्ष्य का मिलान हो रहा है। बैंक अब मूल्यांकन गैर बजटीय मानदण्डों को मापने की मात्रा को बढ़ाने का प्रयास का रहा है।

प्रतिभा प्रबंधन और अनुक्रमण आयोजना

कार्पोरेट क्रेडिट, ऋण निगरानी, वसूली, कोषागार, जोखिम प्रबंधन, अंतरराष्ट्रीय प्रभाग, सूचना प्रौद्योगिकी, आईटीईएस और एचआरडी, जैस नौ महत्वपूर्ण क्षेत्रों में महत्वपूर्ण स्थिति/भूमिका की पहचान करना और सूची बनाना। यह प्रस्तावित है कि महत्वपूर्ण भूमिकाओं की पहचान होने पर, चिन्हित महत्वपूर्ण भूमिका की तुलना में योग्यताओं को मैप किया जाएगा। तदनुसार इस पद पर आसीन और इस भूमिका के लिए संभाव्य कर्मचारियों को उचित प्रशिक्षण दिया जाएगा ताकि वे इस भूमिका में कार्य कर सके।

केंद्रीकृत प्रतिभा समीक्षा/विकास प्रक्रिया पर कार्य किया जा रहा है ताकि हमारा बैंक वरिष्ठ प्रबंधन स्तर में अत्यधिक उच्च स्तरीय रिक्तियों की चुनौतियों का मुकाबला करने के लिए पूरी तरह से तैयार हो। साथ ही संभावित रिक्तियों को भरने के लिए हमारे पास गुणात्मक प्रतिभा की बेहतर सूची उपलब्ध हो। प्रतिभा प्रबंधन के क्षेत्र में हमने 76 डीजीएमों के लिए डेवलपमेंट कन्वर्सेशन पूरा कर लिया है। 177 एजीएमों के लिए डेवलपमेंट कन्वर्सेशन प्रक्रियाधीन है।

एचआर रूपांतरणीय कार्यनीति हेतु हम निम्नलिखित दोहरे उद्देश्य से कौशल और अनुभव के बीच फासले को कम करने के लिए उत्तरवर्ती आयोजना हेतु पहल कर रहे है:

बैंक में उचित महत्वपूर्ण भूमिका/स्थिति के लिए उपयुक्त को तैयार करने के पहले हमारे बीच उपलब्ध प्रतिभा के संभावना का मूल्यांकन, और

भविष्य नेतृत्व की भूमिका के लिए प्रतिभा की पहचान के लक्ष्य से अगले 5 वर्ष तक बैंक उत्तरवर्ती आयोजना को कार्यान्वित करेगा।

आरक्षण नीति का अनुपालन:

बैंक, भारत सरकार की आरक्षण नीति का अनुपालन कर रहा है। प्रधान कार्यालय और आंचलिक कार्यालयों में भर्ती अनुभाग एवं एससी/एसटी कक्ष आरक्षण नीति का कार्यान्वयन सुनिश्चित करते हैं तथा एससी/एसटी/ओबीसी कर्मचारियों से संबंधित शिकायतों का निवारण करते हैं। प्रधान कार्यालय के महाप्रबंधक को एससी/एसटी एवं ओबीसी हेतु मुख्य संपर्क अधिकारी के रूप में पदनामित किया गया है। सरकार के दिशा निर्देशों के अनुरूप पद-आधारित आरक्षण रोस्टर रखे जाते हैं।

बैंक विकलांग व्यक्तियों (पीडब्ल्यूडी) को अधिकारी, लिपिकीय एवं अधीनस्थ स्टाफ संवर्ग में निकलने वाली कुल रिक्तियों में 4% के दर से आरक्षण उपलब्ध कराता रहा है। बैंक में आर्थिक रूप से कमज़ोर (ईडब्ल्यूएस) वर्गों के लिए सीधी भर्ती में 10% आरक्षण, दिनांक 1 फरवरी, 2019 से कार्यान्वित किया गया था।

एससी/एसटी/ओबीसी स्टाफ का प्रतिनिधित्व:

यथा मार्च 2021	अधिकारी	लिपिक	अधीनस्थ कर्मचारी	कुल
कुल	23543	21025	6891	51459
एससी	4306	3259	2280	9845
कुल स्टाफ की तुलना में %	18.29	15.50	33.09	19.13
एसटी	2077	2468	778	5323
कुल स्टाफ की तुलना में %	8.82	11.74	11.29	10.34
ओबीसी	6406	5484	1766	13716
कुल स्टाफ की तुलना में %	27.21	26.08	25.63	26.65

अध्ययन एवं विकास

एक अलग स्वतंत्र विभाग है जो क्षमता निर्माण सहित देशभर के संपूर्ण प्रशिक्षण महाविद्यालयों, एमडीआई एवं सभी संबंधित गतिविधियों का प्रभार देखता है। अध्ययन एवं विकास विभाग द्वारा आंतरिक प्रतिभा विकास एवं कक्षा के माध्यम से प्रशिक्षण प्रदान करने का कार्य किया जा रहा है। कोविड-19 महामारी के कारण, बैंक अपने कर्मचारियों को प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए डिजिटल प्लेटफार्म का उपयोग करता आ रहा है। बैंक के 7 प्रशिक्षण महाविद्यालयों ने डिजिटल प्लेटफार्म का उपयोग करते हुए वित्तीय वर्ष के दौरान 30000 से अधिक कर्मचारियों को प्रशिक्षण प्रदान किया है। बैंक कर्मचारियों की क्षमताओं को बढ़ाने तथा विभिन्न खण्डों में लगातार बदलती कारोबार परिस्थितियों को पूरा करने के लिए उन्हें सही कौशल एवं ज्ञान दिलाने के लिए ई-लर्निंग माड्यूल का उपयोग कर रहा है। 21000 से अधिक अधिकारियों ने विभिन्न ई-लर्निंग माड्यूल्स किए हैं। बैंक के प्रमुख कार्य क्षेत्र में अधिकारियों की क्षमताओं को बढ़ाने के लिए, क्षमता निर्माण प्रमाणन कार्यक्रम को भी आरंभ किया गया है। स्टाफ के डाटा विश्लेषण कौशल में सुधार करने के लिए, बैंक ने डाटा साइंस के आला क्षेत्र में प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए मणिपाल ग्लोबल के साथ समझौता किया है। बीबीबी अनुदेशों के अनुसार, चयनित कार्यपालकों को आईआईएम बेंगलूरु में प्रशिक्षण हेतु नामित किया गया है। सीवीसी दिशा-निर्देशों के अनुसार, हाल में भर्ती हुए अधिकारियों के समान आरंभिक प्रशिक्षण कार्यक्रम तथा नए अधिकारियों एवं वरिष्ठ अधिकारियों हेतु निवारक सतर्कता

संबंधी कार्यक्रम भी बैंक द्वारा स्वीकार किए गए हैं।

बैंक की गृह पत्रिका 'तारांगण"

हमारी गृह पत्रिका की यात्रा सन् 1964 में शुरू हुई थी। इस यात्रा के दौरान इसने अपना नाम भी बदला और अब इसे 'तारांगण" के नाम से प्रकाशित किया जा रहा है। 'तारांगण" बैंक ऑफ़ इंडिया के स्टाफ सदस्यों के लिए प्रतिभा-प्रदर्शन का एक माध्यम और संस्था के कर्मचारियो के अर्थपूर्ण विनियोजन के लिए एक महत्वपूर्ण साधन भी रहा है। इसके अलावा तारांगण हमारे स्टाफ सदस्यों को विभिन्न क्षेत्रों में अपने कौशल के प्रदर्शित करने के लिए एक मंच भी प्रदान करता है। तारांगण में रोचक एवं अर्थपूर्ण लेख प्रकाशित किए जाते हैं जो पाठकों का मनोरंजन और ज्ञानवर्धन करते हैं।

स्टाफ सदस्यों द्वारा विभिन्न विषयों से संबंधित लेखों के माध्यम से तारांगण, ज्ञान के आदान-प्रदान का अवसर भी प्रदान करता है। इसके अतिरिक्त अंचलों/शाखाओं/कार्यालयों/विदेशी केंद्रों द्वारा आयोजित विभिन्न गतिविधियों को भी तारांगण में स्थान दिया जाता है। तारांगण की डिजिटल प्रति अब स्टाफ पोर्टल, "HRMS" और बैंक की कॉरपोरेट वेबसाइट पर भी उपलब्ध है। विगत कई वर्षों में हमारी गृह पत्रिका ने अनेक पुरस्कार प्राप्त किए और बैंक का नाम रौशन किया है।

23. ग्राहक श्रेष्ठता शाखा बैंकिंग:

बैंक के दो पूर्ण विकसित कॉल सेंटर हैं जो एरोली (मुंबई) और बेगमपेट (हैदराबाद) में स्थित हैं। ये कॉल सेन्टर हमारे ग्राहकों/गैर ग्राहकों को 24x7x365 सहायता प्रदान कर रहे हैं।

विनियामक अपेक्षाओं के अनुरूप विविध नीतियां जैसे कि ग्राहक अधिकार नीति, ग्राहक स्वीकार्यता, ग्राहक सेवा एवं ग्राहक पृथक्करण नीति और शिकायत निवारण नीति तैयार की गई है तथा विनियामक प्राधिकरणों के निदेशों/दिशानिर्देशों के अनुसार परिवर्तन करने के लिए समय-समय पर इनकी समीक्षा की जाती है। इन सभी नीतियों को सर्वजन हेतु वेबसाइट पर भी रखा गया है। पूर्णत:/आंशिक रूप से अस्वीकृत शिकायतों की समीक्षा करने एवं निर्णय देने के लिए हमने आरबीआई के दिशानिर्देशों के अनुसार आंतरिक लोकपाल नियुक्त किया है।

हमारा बैंक पारदर्शी तरीके से उच्च स्तरीय सेवा देने के लिए प्रतिबद्ध है। हमारा बैंक नियमित आधार पर ग्राहक अभिमुखता कार्यक्रम चलाता है और ग्राहकों को आवश्यक जानकारी प्रदान करने के लिए नियमित आधार पर ग्राहक बैठकों का आयोजन करता है ताकि उन्हें बैंक के द्वारा प्रस्तुत विविध बैंकिंग उत्पादों पर उचित निर्णय लेने में सक्षम बनाया जा सके।

24. शाखा नेटवर्क एवं विस्तार:

भौगोलिक रूप से भारत एवं विदेश में बैंक का शाखा नेटवर्क काफी फैला हुआ है। 31.03.2021 की स्थिति के अनुसार , बैंक की भारत में 5084 शाखाएं थी। विदेशों में बैंक की 24 शाखाएं, 4 अनुषंगियाँ, 1 संयुक्त उद्यम एवं 1 प्रतिनिधि कार्यालय हैं तथा सभी टाइम जोन एवं वैश्विक स्तर पर सभी महत्वपूर्ण वित्तीय केंद्रों पर बैंक की उपस्थिति है। वर्ष 2020-21 के दौरान, बैंक ने 4 नई शाखाएं खोली हैं। बैंक के शाखा नेटवर्क की संरचना निम्न प्रकार है :

श्रेणी	31.03.2020		31.03.2021	
	शाखाओं की संख्या	कुल का %	शाखाओं की संख्या	कुल का %
महानगरीय	991	19.50	991	19.49
शहरी	810	15.93	812	15.97
अर्ध-शहरी	1454	28.61	1453	28.58
ग्रामीण	1828	35.96	1828	35.96
कुल घरेलू शाखाएं	5083	100	5084	100
विदेशी शाखाएं	24	-	24	
कुल शाखाएं	5107	-	5108	

25. विदेशी व्यापार विभाग, प्रधान कार्यालय:

बीओआई शेयरहोल्डिंग लिमिटेड (बीओआईएसएल)

बीओआईएसएल में बैंक का निवेश रु.6.64 करोड़ है, जो बैंक की 100% अनुषंगी है। बीओआईएसएल राष्ट्रीय प्रतिभूति निक्षेपागार लि. (एनएसडीएल) और केंद्रीय निक्षेपागार सेवा (भारत) लि. (सीडीएसएल) दोनों निक्षेपागारों हेतु निक्षेपागार सहभागी (डीपी) के रूप में कार्य करता है।

बीओआई एक्सा इन्वेस्टमेंट मैनेजर्स प्रा.लि.(बीएआईएम) तथा बीओआई एक्सा ट्रस्टी सर्विसिस प्रा.लि. (बीएटीएस) :

ये अनुषंगी, सेबी इन्वेस्टमेंट एडवाइज़र विनियमन के तहत म्यूचुअल फंड और पोर्टफोलियो प्रबंधन के कारोबार में हैं। बैंक ऑफ़ इंडिया रु.66.48 करोड़ के निवेश के साथ बीएआईएम में 52.29% और बीएटीएस में 51% शेयरधारक है।

बीओआई मर्चेंट बैंकर्स लि. (बीओआईएमबीएल) :

BOI मर्चेंट बैंकर्स का 31.10.2014 को सामूहिक ऋण, बॉन्ड तथा डिबेंचर की व्यवस्था करने सहित मर्चेंट बैंकिंग कारोबार करने हेतु संस्थापित किया गया था। यह बैंक की रु.10 करोड़ की प्रदत्त पूंजी के साथ पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी है।

एसटीसीआई फाइनांस लि.

1994 में स्थापित एसटीसीआई फाइनान्स लि. जमाराशि स्वीकार नहीं करने वाली एक गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनी है। बैंक ऑफ़ इंडिया एसटीसीआई में रु.380 करोड़ की प्रदत्त पूंजी के साथ 29.96% (रु.130.10 करोड़ का निवेश) धारिता वाला सबसे बड़ा हितधारक है। एसटीसीआई प्राइमरी डीलर लि. (एसटीसीआईपीडी), एसटीसीआई फाइनांस लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व की अनुषंगी है। एसटीसीआईपीडी ने 25 जून 2007 से परिचालन शुरू किया तथा यह देश के अग्रणी डीलरों में से एक है।

स्टार यूनियन दाई-इची लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लि. (सुड लाइफ)

अपने ग्राहकों को जीवन बीमा सेवाएं प्रदान करने के लिए बैंक ऑफ़ इंडिया, यूनियन बैंक ऑफ़ इंडिया तथा दाई-इची लाइफ इंश्योरेंस कंपनी, जापान ने "स्टार यूनियन दाई-इची लाइफ इंश्योरेंस कंपनी" का गठन किया है। कंपनी ने फरवरी, 2009 से बीमा कारोबार आरंभ किया। कंपनी में बीओआई की धारिता 28.96% (रु.75 करोड़ का निवेश) है, यूबीआई की धारिता 25.10% तथा दाई-इची लाइफ इन्टरनेशनल होल्डिंग्स की अंतरराष्ट्रीय धारिता 45.94% है।

निवेश/गठबंधन:

एएसआरईसी (इंडिया) लि. को जांच तथा आस्ति पुनर्गठन गतिविधियां करने के लिए यूनिट ट्रस्ट ऑफ़ इंडिया के विनिर्दिष्ट उपक्रम द्वारा शुरू किया गया था। कंपनी की रु. 2198 करोड़ की इक्विटी पूंजी में बैंक की हिस्सेदारी 26.02% (रु.27.60 करोड़ का निवेश) है।

नेशनल कोलेट्रल मैनेजमेंट सर्विसेस लि. (एनसीएमएल) को नेशनल कमोडिटी एण्ड डेरिवेटिव्स एक्सचेंज लि. (एनसीडीईएक्स) द्वारा प्रवर्तित है। यह प्रतिभूतियों तथा वस्तुओं के सुरक्षित प्रबंधन तथा नियंत्रण रखने के लिए संपार्श्विक प्रबंधन सेवाओं को बढ़ावा देने तथा उपलब्ध कराने हेतु 28.09.2004 को निगमित हुआ। रु.3 करोड़ के निवेश के साथ कंपनी की इक्विटी पूंजी में बैंक की धारिता 2.34% है।

स्विफ्ट इंडिया डोमेस्टिक सर्विस प्रा.लि. एक संयुक्त उद्यम कंपनी है जिसे स्विफ्ट और बैंक ऑफ़ इंडिया सहित 9 प्रमुख बैंकों द्वारा प्रोन्नत किया गया है। स्विफ्ट के पास इक्विटी की 55% धारिता है और शेष 45% धारिता 9 प्रमुख बैंकों के पास है। कंपनी में रु.7.71 करोड़ के निवेश के साथ बैंक ऑफ़ इंडिया का इक्विटी स्टेक 3.26% है।

एक्यूट रेटिंग एंड रिसर्च लि. डपहले एसएमई रेटिंग एजेंसी ऑफ़ इंडिया लि. (एसएमईआरए). एक प्रमुख ऋण रेटिंग एजेंसी डन एण्ड ब्रैडस्ट्रीट के सहयोग से सिडबी द्वारा वित्तीय वर्ष 2005-06 के दौरान एसएमईआरए की स्थापना की गई। कंपनी का प्रमुख उद्देश्य एक व्यापक, पारदर्शी और विश्वसनीय रेटिंग प्रदान करना है जिससे एसएमई क्षेत्र को बड़ी मात्रा में और आसानी से ऋण की उपलब्धता होगी। रु.0.28 करोड़ के निवेश के साथ इसकी इक्विटी पूंजी में बैंक की धारिता 1.88% है।

अन्य महत्वपूर्ण निवेश :

बैंक का, सीईआरएसएआई (रु.2.15 करोड़) यू.वी.एसेट रिकन्स्ट्रक्शन कं. लि. (रु.0.15 करोड़), क्लियरिंग कॉरपोरेशन ऑफ़ इंडिया (रु.0.50 करोड़), एग्रीकल्चरल फाइनांस कॉरपोरेशन लि. (रु.1.26 करोड़) सिडबी (रु.45.30 करोड़), सेन्ट्रल वेयर हाउसिंग कॉरपोरेशन लि. (रु.1.11 करोड़), लॉस डाटा कंसोर्टियम सीओआरडीईएक्स (रु.1 करोड़), एसबीआईडीएफ़एचआई (रु.5.54 करोड़), एनपीसीआई (रु.10 करोड़), एमसीएक्स स्टॉक एक्सचेंज लि. (रु.27.50 करोड़) सीएससी ई-गवर्नेंस सर्विसेस इंडिया लि. (रु.1 करोड़) इन्वेंट एसेट सिक्यूरिटाजेशन एण्ड रिकन्स्ट्रक्शन प्रा. लि. (रु.10 करोड़) में भी महत्वपूर्ण निवेश है।

26. धोखाधड़ी जोखिम प्रबंधन:

उत्तम कॉर्पोरेट शासन, धोखाधड़ीपूर्ण गतिविधियों को नियंत्रित करने में एक महत्वपूर्ण कारक के रूप में कार्य करता है। यह सच है कि धोखाधड़ी को समाप्त नहीं किया जा सकता, लेकिन एक सक्रिय फ्रेमवर्क और दृष्टिकोण के साथ, अन्य कारोबारी जोखिमों की तरह धोखाधड़ी जोखिमों का प्रबंधन किया जा सकता है और कम किया जा सकता है।

- धोखाधड़ी जोखिम प्रबंधन विभाग निम्न क्षेत्रों में धोखाधड़ी संबंधी मामलों की स्वतंत्र रूप से देखरेख करता है :
- बैंक हेतु एफ़आरएम (धोखाधड़ी जोखिम प्रबंधन) तथा एलओसी (लुक-आउट सर्कुलर) नीति तैयार करना एवं उसका प्रशासन।
- नियत समय के भीतर आरबीआई को रिपोर्टिंग और धोखाधड़ी की निगरानी करना।
- धोखाधड़ियों पर केंद्रीकृत डाटा का रखरखाव ।
- की गई धोखाधड़ियों और धोखाधड़ियों के प्रयासों का विश्लेषण।
- धोखाधड़ी मामलों के मूल कारणों का विश्लेषण और निदान तथा उपचारी उपायों का कार्यान्वयन, उत्पाद की कमियों के संबंध में जोखिम कम करना।
- व्यवस्थाओं, प्रक्रियाओं तथा परिपाटियों में कमियों को रोकना जिसके कारण धोखाधड़ी हो रही है।
- परिपत्रों/अनुदेशों के जरिए समान प्रकृति की धोखाधड़ी की कार्यप्रणाली और धोखाधड़ी के कारणों की जानकारी देना ताकि उक्त प्रकार की धोखाधड़ी की पुनरावृत्ति को रोका जा सके।
- स्टाफ को धोखाधड़ी निवारण पर शॉर्ट अलर्ट संदेशों टिकरों/ आवधिक संदेशों एमएमएस /प्रशिक्षण वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जागरूक करना।
- धोखाधड़ी की रोकथाम के लिए आवधिक अंतराल पर जाँच बिंदु परिचालित करना।
- प्रधान कार्यालय में धोखाधड़ी पर कार्यबल समिति की बैठक का आयोजन करना और धोखाधड़ियों पर आंचलिक कार्यबल समिति की बैठक की निगरानी करना।

कार्ड को छोड़कर सभी वितरण चैनलों को शामिल करने वाले उद्यम व्यापक धोखाधड़ी जोखिम प्रबंधन समाधान (ईएफआरएम) को घरेलू शाखाओं को कवर करते हुए लागू किया गया है।

27 सतर्कता प्रबंधन:

केन्द्रीय सतर्कता आयोग (सीवीसी) की सामान्य निगरानी में, बैंक में सतर्कता प्रशासन के लिए, सतर्कता विभाग है जिसका नेतृत्व मुख्य सतर्कता अधिकारी करते हैं। घरेलू परिचालनों, विदेशी परिचालनों तथा अनुषंगियों में, बैंक के अधिकारियों के सभी सतर्कता संबंधी मामलों को सतर्कता विभाग कवर करता है।

बैंक ऑफ़ इंडिया द्वारा प्रायोजित तीन क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों अर्थात विदर्भ कोकण ग्रामीण बैंक, आर्यावर्त बैंक तथा मध्यप्रदेश ग्रामीण बैंक के सतर्कता प्रशासन की देखरेख भी सतर्कता विभाग करता है।

सतर्कता विभाग, मुख्य सतर्कता अधिकारी के अंतर्गत कार्य करता है जिनकी सहायता एक उप महाप्रबंधक तथा अन्य अधिकारी करते हैं जिन्हें जांच तथा अनुशासनात्मक मामलों के क्षेत्र में अनुभव है। परिचालनात्मक सहायता के लिए, सतर्कता विभाग, प्रधान कार्यालय के सीधे नियंत्रण में 8 सतर्कता इकाईयाँ कार्य कर रहीं हैं जो सभी राष्ट्रीय बैंकिंग समूहों (एन.बी.जी.) को कवर करती हैं। नए गठित दो एनबीजी अर्थात एनबीजी-पटना और एनबीजी-भोपाल में अलग सतर्कता इकाइयां शीघ्र गठित की जाएंगी। वर्तमान में उनके सतर्कता संबंधी मामले, सतर्कता इकाई-उत्तर -।। और सतर्कता इकाई-सेन्ट्रल (अहमदाबाद) देख रहे हैं जो अविभाजित एनबीजी, उत्तर-।। और सेन्ट्रल का कार्य देख रही हैं।

निवारक, सहभागी तथा दण्डात्मक सतर्कता के मूलभूत आधार पर सतर्कता विभाग कार्य करता है तथा इसका लक्ष्य यह है कि संस्था की प्रबंधकीय दक्षता के स्तर को बढ़ाया जाय। सतर्कता विभाग ने सतर्कता संदर्भ मैन्युअल को 2019 में संशोधित किया गया है जिसमें समय-समय पर पर डी.एफ.एस, सी.वी.सी तथा बैंक द्वारा जारी परिपत्रों, दिशा निर्देशों तथा अनुदेशों इत्यादि का सार एकत्रित किया गया है।

28. लाभांश वितरण नीति - निवेशक संबंध विभाग:

सेबी - सूचीकरण दायित्व और प्रकटन आवश्यकता विनियमन के खंड 43ए के अनुसार बैंक ने लाभांश वितरण नीति बनाई है और यह हमारी वेबसाइट -https://www.bankofindia.co.in/pdf/DDP.pdf पर उपलब्ध है।

29. कारोबार दायित्व रिपोर्टिंग 2020-21 - निवेशक संबंध विभाग:

सेबी - सूचीकरण दायित्व और प्रकटन आवश्यकता विनियमन के खंड 32 (2) (एफ़) के अनुसार कारोबार दायित्व रिपोर्ट हमारी वेबसाइट - www.bankofindia.co.in पर उपलब्ध है।

30. बासेल III (स्तंभ 3)-प्रकटन (समेकित) मार्च 2021:

बासेल पूँजी घ्घ विनियम संबंधी आरबीआई परिपत्र डीबीओडी.सं. बीपी.बीसी.1/21.06.201/2015-16 दिनांक 1 जुलाई, 2015 के अनुसार पूँजी पर्याप्तता और चलनिधि मानक संशोधनों पर विवेकपूर्ण दिशानिर्देशों को आरबीआई परिपत्र डीबीआर.सं. बीपी.बीसी.80/21.06.201/2014-15 दिनांक 31 मार्च, 2015 के साथ पढ़ा जाए, बैंको को बासेल घ्घ फ्रेमवर्क के तहत लीवरेज अनुपात और चलनिधि कवरेज अनुपात सहित स्तंभ 3 प्रकटन को लागू करना आवश्यक हैं। ये प्रकटन बैंक की वेबसाइट के लिंक http://www.bankofindia.co.in/regDisclosureSec.aspx. पर उपलब्ध है।

31 भारतीय लेखांकन मानक (Ind-AS) के कार्यान्वयन हेतु कार्यनीति एवं उसकी प्रगति:

आरबीआई ने अपने परिपत्र डीबीआर.बीपी.सं.29/21.07.001/2018-19 दिनांक 22 मार्च, 2019 के माध्यम से अगले आदेश तक भारतीय लेखांकन मानक के कार्यान्वयन को आस्थगित कर दिया, क्योंकि बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949 में आरबीआई ने जो विधि संबंधी संशोधन करने की अनुशंसा की है, उन पर भारत सरकार विचार कर रही है। बैंक, स्टियरिंग समिति से विचार-विमर्श करने/उनसे अनुमोदन प्राप्त करने के बाद, जून-2018 से तिमाही प्रारूप भारतीय लेखांकन मानक (Ind-AS) वित्तीय विवरण (पीएफएस) प्रस्तुत करता रहा है। बोर्ड की लेखा-परीक्षा समिति को भारतीय लेखांकन मानक (Ind-AS) के कार्यान्वयन संबंधी संपूर्ण प्रगति रिपोर्ट के साथ पीएफएस भी प्रस्तुत किया जाता है।

आभार:

भारत सरकार, भारतीय रिज़र्व बैंक एवं भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड तथा अन्य विनियामक प्राधिकरणों के प्रति उनके यथोचित मार्गदर्शन तथा सहायता के लिए बोर्ड अपनी कृतज्ञता व्यक्त करता है। बोर्ड, वित्तीय संस्थाओं एवं प्रतिनिधि बैंकों के सहयोग एवं सहायता के लिए उनके प्रति भी धन्यवाद ज्ञापित करता है। बोर्ड, ग्राहकों, कारोबार सहयोगियों एवं शेयरधारकों के सतत सहयोग हेतु आभार व्यक्त करता है। साथ ही बोर्ड, बैंक के समग्र निष्पादन के लिए स्टाफ सदस्यों की समर्पित सेवाओं और सहयोग के लिए उनकी प्रशंसा करता है और उनके प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त करता है।

बोर्ड के निदेशकों हेतु एवं उनकी ओर से

ह/-

ए के दास

एमडी एवं सीईओ

स्थान : मुंबई

दिनांक : 4 जून, 2021

MANAGEMENT DISCUSSION AND ANALYSIS

GLOBAL SCENARIO

The year 2020-21 was overshadowed by the COVID-19 pandemic across the globe with its deep impact on social and economic environment. Almost all the countries had to impose lockdown as a preventive and containment measure, apart from attending to medical emergencies and boosting health care system. The situation was further aggravated with the mutant variants of coronavirus spreading more virulently, which led to recurrence of pandemic even after it subsided. The pandemic took a heavy toll of human beings and left millions unemployed. The scientific and medical communities across the world, however, made relentless efforts for developing vaccines against the disease and towards the end of 2020, a number of vaccines got the approval of authorities of various countries for emergency uses.

The spread of epidemic and disruption in economic activities caused by the lockdown was a great economic shock which led to contraction of GDP across all the countries. Particularly, contraction for the quarter ended June 2020 was more pronounced. In order to prevent the economy from sliding further, the Governments across all the nations came out with various fiscal stimulus and social welfare measures. Similarly, almost all the Central Banks pursued easy money policy with supportive liquidity enhancing measures and allowed special regulatory dispensation. With this, the contraction in GDP, to a major extent was arrested.

The IMF, in its World Economic Outlook for April 2021, has estimated global growth during 2020 at -3.3 %. The growth rate of Advanced Economies is estimated at -4.7% and that of Emerging Market and Developing Economies at -2.2%. The world trade volume is also estimated to have contracted by 8.5%.

DOMESTIC ECONOMIC SCENARIO

Domestic economy also presented a similar scenario. As per the provisional estimate of the National Statistical Office, the GDP witnessed contraction of 24.4% during Q1 FY21 and 7.4% during Q2. However, it registered a positive growth of 0.5% during Q3, which improved to 1.6% in Q4. The overall GDP growth rate for the year 2020-21 is estimated at -7.3% against 4.0% for 2019-20. Out of the eight specified economic sectors, only ‘Agriculture & allied’ and ‘Electricity, gas & water supply’ recorded positive growth and all others showed negative growth with the ‘trade, hotels, transport, communication services’ recording the highest contraction of 18.2%.

The industrial growth rate as per the index of industrial production (IIP) stood negative for most of the months during the year. For the full year 2020-21, industrial growth rate stood at -8.6%. Among the three sub-sectors of industry, the decline in the case of ‘manufacturing sector’ has been the highest at -9.8%. As regards the use-based classification, the growth rate of ‘capital goods’, ‘infrastructure/construction goods’ and ‘consumer durables’ stood negative at -19.2%, -9.1% and -15.2%, respectively.

Retail inflation as measured by the Consumer Price Index remained elevated throughout the year 2020-21, with inflation rate above RBI’s upper tolerance level i.e. 6.0% remaining till November 2020 due to various factors such as supply side bottleneck, food price inflation, higher fuel prices etc. However, towards the year-end, moderation was witnessed and during the last quarter, retail inflation ranged between 4.0% to 5.5%.

Both exports and imports, which showed downward movement till November,2020 started picking up since then. For the full year 2020-21, however, exports and imports growth stood negative, with exports growth rate at (-)7.26% and imports growth rate at (-) 17.36%. The trade deficit stood at USD 98.55 bn, lower than the last year’s amount of USD(-)161.35 bn. With lower imports and lower trade deficits, the current account showed surplus balance. During April to December 2020 period, the current account surplus balance stood at 1.7% of GDP against a deficit of 1.2% during April to December 2019.

Fiscal Deficit for 2020-21 stood at Rs.18.21 lakh crore or 9.30% of GDP against the Revised Budget estimate of 9.5% and originally envisaged budget estimate of 3.5%., primarily because of higher Government expenses in the areas of health care and stimulus packages undertaken for economic revival.

BANKING AND FINANCIAL SECTOR DEVELOPMENT

During the year 2020-21, the banking industry witnessed a higher deposits growth but a subdued advances growth. The deposits registered a growth of 11.4% and advances 5.6% against a growth of 7.9% in deposits and 6.1% in advances during 2019-20. The financial performance of banking sector improved during 2020-21 with better NIM and most of the PSBs, barring a few, posted net profits for the full year. The Gross NPAs and Net NPAs witnessed reduction, both in terms of amount and percentage. The capital adequacy ratio of PSBs also improved, with capital support from the government and raising of capital by banks, mainly in the form of Tier-I bonds. Among others, the regulatory relaxation by RBI and supportive measures under Aatmanirbhar Bharat Abhiyan boosted the performance of banking sector during the year.

During 2020-21, the liquidity in the system remained in abundantly surplus mode with average absorption through reverse repo operation (Net LAF) being more than Rs. 4 lakh crore during the first half of the year and over Rs. 5 lakh crore during the second half. Systemic liquidity was augmented by several measures of RBI such as one percentage point reduction of CRR, TLTRO, Net forex operations and Open market operations etc.

At the beginning of the year, the G-Sec yield ruled high because of various factors including rise in US treasury yield, selling pressure from foreign portfolio investment, adverse developments in mutual funds sector, which softened towards middle of June 2020 because of RBI’s various liquidity boosting measures. During Q3, yield softened further; however, towards January,2021, G-Sec yield again began to harden on account of announcement of higher market by the Government, rise in US treasury yields and increase in crude oil prices. The 10 year G-Sec yield which was 6.14% in March,2020 went down to 6.02% in September 2020 and further to 5.89%

in December 2020 went up to 6.18% in March 2021.

The equity market, which was reeling low at the beginning of the year, supported by monetary and fiscal measures, started picking up fast and continued its upward movement throughout the year. The equity market was buoyed, among others, by the inflow of foreign portfolio investment, prospects of development of corona virus vaccine and revival of economic growth. With this, the sensex increased by 68%, from 29,468 as on March 31, 2020 to 49,509 as on March 31, 2021.

In the foreign exchange market, rupee depreciated initially in April, 2020 because of disruptions and uncertainty caused by onset of pandemic. However, it gradually started appreciating with support from sustained inflows of foreign portfolio investment and expectation of growth revival. The dollar-rupee exchange rate which was at Rs75.38 as on March 31, 2020 improved to Rs73.50 as on March 31, 2021.

In response to onset of pandemic, RBI announced a series of measures in end-March 2020 such as reduction of policy repo rates and CRR, moratorium in term loan instalment and deferment of interest in working capital etc. In addition to these, regulatory relaxation continued in April,2020 and subsequent months during the year. A number of liquidity enhancing measures such as additional refinance windows for NBFCs, Mutual funds, TLTRO, relaxation on maintenance of SLR, relaxation in LCR requirement were resorted to by the RBI. Apart from these, a special resolution framework for COVID-19 related stressed sectors was formulated and the period of one-time restructuring of loans for MSME entities was extended. Looking to the stressed situation, RBI also allowed deferment of the last tranche of capital conservation buffer (CCB) and activation of counter cyclical capital buffer.

The Government of India, in order to mitigate distress and support growth announced a series of stimulus measures aiming at economically weaker sections as also for various sectors viz. MSMEs, Agriculture, NBFCs and Corporate sectors. Notable among them are: Pradhan Matri Garib Kalyan Yojana, measures under Aatmanirbhar Bharat Abhiyan i.e. Emergency Credit Line Guarantee Scheme (ECLGS), Subordinate debt scheme for MSME sector, Production Linked Incentive (PLI) to select industries, financing of Agriculture infrastructure projects and financing for development of animal husbandry, fisheries, micro food enterprises, etc.

BUSINESS REVIEW:

1. RESOURCE MOBILISATION:

There has been an overall CASA growth of Rs. 26,918 crore during the FY 2020-21 depicting a YoY growth of 13.61%. During the period Saving Bank Deposits have shown a higher growth of Rs. 24,799 crore. The Bank has registered growth in Current Deposits also with base figures increased by Rs. 2,119 crore with 8.14% growth over last year.

The Bank's focus on high value customers "Diamond Customers" has yielded good result. The SB Diamond customer base has grown by 11.21% and there has been a good growth of Rs.18,484 crore in the deposit base of Diamond Customers depicting a YoY growth of 17.60%. Similarly the CD Diamond Customer base also grew by Rs. 1,268 crore with YoY growth of 3.83%.

The CASA ratio has dipped marginally to 41.27% from last year's figure of 41.50% during the period, the share of retail term deposits has marginally dipped from 84.19% to 84.35%.

The total term deposit has registered a growth of 14.22% amounting to an increase of Rs. 68,623 crore.

2. ADVANCES:

Bank's Global Gross Advances decreased from Rs. 416,521 crore as on 31.03.2020 to Rs. 410,436 crore as on 31.03.2021 with a decrease of 1.46%. Gross Domestic Credit registered a moderate growth of 1.31% from Rs. 357,670 crore as on 31.03.2020 to Rs. 362,361 crore as on 31.03.2021. Bank caters to specialised needs of Corporates/ Mid Corporates through 10 Large Corporate Branches and other Large Branches headed by AGMs/CMs.

Bank has launched special scheme under RBIs COVID 19 Regulatory Package for borrowers facing stress on account of economic fallout of the pandemic.

3. RETAIL:

The Retail loan segment grew at 11.87% during FY 2020-21. We kept our special focus on Home Loans during the year, which has yielded us a good growth. The Home loan segment during the year recorded a growth of 11.39% from Rs. 35,994 crore to Rs. 40,094 crore. The Vehicle Loan segment recorded growth of 23.07% from Rs. 5,599 crore to Rs. 6,891 crore during the year. We had introduced COVID 19 Personal & Pensioner Loan during the year. The Personal Loan Segment recorded a growth of 45.56% from Rs.1,757 crore to Rs. 2,557 crore. Bank has tie-up arrangement with Maruti Suzuki, Tata Motors, Hyundai Motors and Mahindra and Mahindra. Bank also extends Personal Loans to employees of PSUs/PSEs/Reputed Corporates/ Institutions under tie up arrangement with employer. Apart from above metioned products, we also extend loans to the customers for Loan against property and Educational loan.

4. MSME (MICRO, SMALL & MEDIUM ENTERPRISE):

Micro, Small and Medium Enterprises (MSME) is a very important segment. Around 6.50 crore. MSME entrepreneurs contributing nearly 30 % of the GDP, 45 % of the manufacturing output and nearly 48 % of the exports of the country. It generates employment for about 110 million people. MSME sector is considered to be the backbone of Indian economy that has contributed substantially in the socio economic development of the country.

Considering the importance of the MSME and to bring larger business population under its fold, Government of India has now revised the definition of the MSMEs.

As per new classification of MSME w.e.f. 01.07.2020, all enterprises with investment in plant & machineries up to Rs. 1 crore and with turnover up to Rs. 5 crore will be classified as Micro enterprises.

All enterprises with investment in plant & machineries up to Rs. 10 crore and turnover up to Rs. 50 crore will be classified as Small enterprises.

All enterprises with investment in plant & machineries up

to Rs. 50 crore and turnover up to Rs. 250 crore will be classified as Medium enterprises.

Focus on programmes, such as Make in India, Skill India, Digital India, Atmanirbhar Bharat, EASE Reforms and One time restructuring have also brought major changes in MSME credit at Bank's level.

PERFORMANCE:

Performance of the Bank in Lending to MSME Sector during the current financial year up to 31.03.21 is depicted as under:

(Amt. in crore)

Particulars	March'19 Actual	March '20 Actual	March '21 Actual	Y-o-Y growth	
				Amt.	%
Total MSME (Including SIDBI)	54,595	56,092	63,237	7,145	12.73
Core MSME (Excluding SIDBI)	53,878	55,617	62,804	7,187	12.92

- 592,748 new accounts have been added with sanctioned limit of Rs. 14,753 crore. These accounts have outstanding of Rs. 11,912 crore.
- Total sanction under MUDRA as on 31.03.2021 was Rs. 8,624 crore against budget of Rs. 6,500 crore.
- Total 25,888 accounts were sanctioned through "online PSB59 loans" amounting to Rs 2193 crore.
- We have undertaken Restructuring of accounts as per One time MSME Restructuring as permitted by Reserve Bank of India in 77,053 accounts of sanctioned limits Rs. 3,050 crore with an outstanding amount of Rs. 2,365 crore.
- 34,623 new accounts are covered under CGTMSE with total guarantee amount of Rs. 2,635 crore and cumulative accounts covered by CGTMSE is 431,892 with total amount of Rs. 31,407 crore as on 31.03.2021.
- Total NPA under MSME segment was 22%.

HIGHLIGHTS OF FY 20-21:

- Entering into Co-lending with different NBFCs for reaching out to new set of borrowers and exploring new markets.
- Introducing differential products for differential customer segment.
- Successfully implemented various Govt. supported Covid relief schemes i.e. ECLSG-1, ECLGS 2, CGSSD for MSME entrepreneurs to meet their operational liabilities and restart their businesses. .
- TReDS : Concessions in Rate of Interest made available by shifting from MCLR to RBLR in TReDS business platform.
- SMECC Revamping: Strengthening of all existing 58 SMECC's for smooth functioning and centralised processing of all proposals of Rs. 10 Lakh and above implemented during the FY.
- Achieved the regulatory target under micro enterprises with total outstanding being 11.53% of ANBC as on 31.03.2021 against target of 7.5% of ANBC.
- Launched "Think Big – Bring Big" campaign to target to tap big ticket MSME advances under both Star Welcome Offer and Star Asset Backed Loan Schemes.
- Launched "Hum Honge Kamyab" campaign to target MSME advances under both Star Welcome Offer and Star Asset Backed Loan Schemes.
- Launched "LAKSHYA 10000" campaign with a specific target of achieving Rs. 10,000 crore MSME Disbursement from Dec'20 to Mar'21.
- Initiated Campaigns with concession in ROI for accelerating credit flow to MSME sector; under Star MSME Welcome offer.
- Various measures for improved Underwriting & Assessment Parameters like use of CMR/ tie-up with Probe42 / automation of loan process through e-platform for MSME are at implementation stages.
- Successfully implemented RBI Restructuring Resolution Framework 1.

5. AGRICULTURE FINANCE:

Priority Sector Advances:

Fees received on lending of equity shares under Securities Lending and Borrowing (SLB) mechanism is amortized on a straight-line basis over the period of lending and clubbed with the interest income.

l) **Reinsurance Premium ceded:**

Reinsurance Premium ceded is accounted for on due basis at the time of recognition of premium income in accordance with the terms and conditions of the relevant treaties with the reinsurers. Profit/commission on reinsurance ceded is netted off against premium ceded on reinsurance.

3.3 Non-Banking entities – Mutual Fund and Trustee Services:

a) Management fees from the scheme of mutual fund are accounted on an accrual basis in accordance with the investment management agreement and are dependent on the net asset value as recorded by the schemes of BOI AXA Mutual fund.

b) Trustee fees is recognized to the extent that it is probable that economic benefits will flow to the Company and the revenue can be reliably arrangement with the BOI AXA Mutual Fund. Interest and other income, if any, is accounted on accrual basis.

c) Profit or loss on sale of investment is recognised in the Profit & Loss Account on the trade date and determined on weighted average basis for individual security as per AS-13.

3.4 Non-Banking entities– Merchant Banking Services:

a) Devolvement of equity shares in respect of issues underwritten if any by the company shall be treated as investments. Underwriting income on these issues shall be credited to profit and loss account and shall not be netted against the value of investments.

b) Brokerage and commission earned on secondary market operations shall be recongnised on the basis of trade dates. Brokerage on online portal operations shall be recognised on the basis of trade dates. Brokerage and commission in respect of issue marketing and resource mobilization

जायेंगे। डिपोजिटरी, पोर्टफोलियो प्रबंधन, निवेश बैंकिंग तथा अन्य आयों को उपचय आधार पर लेखांकित किया जायेगा।

4) गैर बैंकिंग गतिविधियां - बीमा : अन्य नीतियां

क) भुगतान किये गये लाभ:

भुगतान किए गए लाभ में, पॉलिसी लाभ तथा दावा निपटान लागत, यदि कुछ हो तो, शामिल है।

सूचना की प्राप्ति पर, मृत्यु, राइडर तथा अभ्यर्पण दावे, लेखांकित किये जाते हैं। सम्बद्ध व्यवसाय के अंतर्गत सरेन्डर में व्ययगत पॉलिसियों पर भुगतान योग्य राशि भी शामिल है जो लॉक इन अवधि की समाप्ति पर लेखांकित की जाती है। लॉक इन अवधि के समाप्ति के बाद पॉलिसी को पुनर्जीवित नहीं किया जा सकता। सरेंडर और समापन को निवल प्रभार के आधार पर लेखाकृत किया जाता है।

देय होने पर उत्तरजीविता, परिपक्वता तथा वार्षिक लाभ के दावे लेखांकित होते हैं।

जिस अवधि में संबंधित दावों का निपटान किया जाता है, उसी में पुनर्बीमा वसूलियों का लेखांकन किया जाता है।

न्यायिक प्राधिकरणों के समक्ष विवादित दावे, विवेक के आधार पर निर्धारित किये जाते हैं, जैसा कि प्रबंधन, प्रत्येक ऐसे दावे के संबंध में तथ्यों तथा परिस्थितियों के आधार पर उचित समझता है।

ख) अधिग्रहण लागत :

अधिग्रहण लागत वह लागत है जो बदलती रहती है तथा यह मुख्य रूप से नये बीमा करारों या उसके नवीनीकरण से संबंधित है तथा बीमा मध्यवर्तियों को कमीशन, रिवार्ड तथा प्रोत्साहन, बिक्री स्टाफ लागत, चिकित्सा जांच लागत, पॉलिसी प्रकाशन व्यय, स्टांप ड्यूटी तथा अन्य संबंधित खर्च शामिल हैं। इन्हें उस अवधि में खर्च किया गया माना जाता है जिसमें ये होते हैं।

प्रथम वर्ष में भुगतान किय गये कमीशन के लिए, भविष्य में वापसी, यदि कुछ हो तो, उसी वर्ष में लेखांकित की जाती है, जिस वर्ष में वह प्राप्त की गयी थी।

ग) पॉलिसी देयताएं :

वर्तमान पॉलिसीधारकों के हितों की रक्षा के लिए मूल्यांकन कवायद की जाती है। सलाभ नीतियों के लिए पॉलिसीधारकों की यथोचित अपेक्षाओं (पीआरई) पर भी विचार होता है। भविष्य की विभिन्न परिस्थितियों में सभी पॉलिसीधारकों को लाभ देने के लिए पर्याप्त आरक्षितियाँ होनी चाहिए। प्रतिकूल विचलन के लिए मार्जिन (एमएडी) का प्रयोग यह सुनिश्चित करने के लिए किया जाता है कि किसी संभावित विपरीत परिस्थितियों में भी पॉलिसीधारक के हित की रक्षा सुनिश्चित की जाय।

लागू पॉलिसियों के लिए बीमांकित देयता प्रीमियम पद्धति से तथा समूह व्यवसाय (क्रेडिट लाइफ व्यवसाय तथा रिवर्स बंधक ऋण सक्षम वार्षिकी को छोड़कर जहां सकल प्रीमियम पद्धति का प्रयोग होता है) के मामले में अनर्जित प्रीमियम रिवर्स पद्धति से बीमांकित देयता परिगणित होती है। सम्बद्ध देयताओं में यूनिट देयता तथा गैर-यूनिट देयता शामिल है। यूनिट देयता पॉलिसी का निधि मूल्य प्रदर्शित करती है तथा गैर-यूनिट देयता बीमा दावा व्यय आदि के लिए है। मूल्यांकन के लिए शासित मुख्य दिशा-निर्देश हैं - बीमा अधिनियम 1938, आईआरडीए अधिनियम 1999, आईआरडीए (बीमांकिक रिपोर्ट एवं जीवन बीमा व्यवसाय के लिए सारांश) विनियम, 2016, आईआरडीएआई जीवन बीमा व्यवसाय के लिए (आस्तियां, देयताएं तथा शोधन क्षमता मार्जिन) विनियम 2016, भारतीय बीमांकिक संगठन द्वारा

shall be accrued to the extent of availability of information. Depository, Portfolio Management, Investment Banking and other fees shall be accounted for on accrual basis.

4) NON BANKING ENTITIES – Insurance : Other Policies:

a) Benefits paid:

Benefits paid comprise of policy benefits & claim settlement costs, if any.

Death, rider, surrender & withdrawal claims are accounted for on receipt of intimation. Under linked Business, surrender also includes amount payable on lapsed policies which are accounted for on expiry of lock in period. Surrenders and terminations are accounted net of charges.

Survival, maturity and annuity benefit claims are accounted for when due.

Reinsurance recoveries on claims are accounted for, in the same period as that of the related claims.

Claims disputed before judicial authorities are provided for on prudent basis as considered appropriate by management based on facts and circumstances in respect of each such claim.

b) Acquisition Costs:

Acquisition costs are costs that vary with and are primarily related to acquisition of new and renewal insurance contracts and consist of cost like commission to insurance intermediaries, rewards and incentives, sales staff costs, medical examination costs, policy printing expenses, stamp duty and other related expenses. These are expensed in the period in which they are incurred.

Claw back in future, if any, for the first year commission paid, is accounted for in the year in which it is recovered.

c) Policy Liabilities:

The valuation exercise is done to protect the interests of the existing policyholders. For With Profit policies the reasonable expectations of policyholders (PRE) are also considered. The reserves should be adequate to provide for all the policyholders benefits in various future scenarios. Adequate use of Margin for Adverse Deviation (MAD) is made to ensure that policyholders' benefits are protected even in some plausible adverse scenarios.

Actuarial liability for inforce policies and for those in respect of which premium has been discontinued but a liability exists, is determined using the gross premium method and in case of group business (except for Credit Life Business and Reverse Mortgage Loan Enabled Annuity where gross premium method is used), the actuarial liabilities have been calculated on the basis of Unearned Premium Reserve method. Linked liabilities comprise unit liability representing the fund value of policies and non-unit liability for meeting insurance claims, expenses etc. The main governing guidelines considered for valuation are the Insurance Act 1938, the IRDA Act 1999, IRDAI (Actuarial Report & Abstract for Life Insurance Business) Regulations, 2016, IRDAI (Assets, Liabilities and Solvency Margin of Life Insurance Business) Regulations

जारी बीमांकिक व्यवसाय मानक तथा मार्गदर्शन नोट्स एवं आईआरडीएआई द्वारा समय-समय पर जारी परिपत्र।

घ) ऋण:

बही मूल्य (चुकौतियों को हटाकर) तथा पूँजीगत ब्याज का समायोजन कर पॉलिसी के बदले ऋण का मूल्यांकन किया जाता है तथा यह किसी भी कमी के अधीन है। 12 माह से कम परिपक्वता के मामले में ऋणों को अल्पावधि में वर्गीकृत किया जाता है। अल्पकालिक ऋणों को छोड़कर, अन्य ऋण दीर्घावधि ऋण में वर्गीकृत किए जाते हैं।

ङ) भविष्य में विनियोजन के लिए निधि:

भविष्य में विनियोजनों के लिए शेष राशि ऐसी निधि को प्रदर्शित करती है जो तुलन पत्र तारीख को पॉलिसीधारकों या शेयरधारकों को आबंटित नहीं की गयी है। निधि में अंतरण तथा निधि से अंतरण अधिकता या व्यय से कम आय तथा कंपनी के पॉलिसीधारक की निधि से प्रत्येक लेखांकन अवधि में निकलने वाले विनियोजन को प्रदर्शित करता है। सहभागिता करने वाली पॉलिसियों के संबंध में पॉलिसीधारक को कोई भी आबंटन आवश्यक अनुपात में शेयरधारक को भी अंतरण आवश्यक करेगा।

गैर-सहभागिता वाले समूह वार्षिकी उत्पादों के संबंध में, प्रतिफल की अधिकता, फाइल तथा प्रयोग में परिभाषित, यदि हो, तो उसे वर्ष के दौरान अंतरिम वित्तीय अवधि में भविष्य के विनियोजन के लिए निधि मानी जाती है तथा उक्त को वर्ष के अंत में फाइल में निर्दिष्ट अनुपात में पॉलिसीधारक तथा शेयरधारक के मध्य बाँटा जायेगा।

च) बंद पॉलिसी निधि :

बंद पॉलिसी निधि का अर्थ है पृथक् निधि, जिसे निम्नलिखित कारणों से अलग रखा गया है -

i) अनुबंधित प्रीमियम का भुगतान न करना।

ii) पॉलिसी के बंद करने के विषय में पॉलिसीधारक से कंपनी द्वारा सूचना प्राप्त होने पर।

बंद की गयी पॉलिसियों के लिए निधि का भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण (बंद की गयी सम्बद्ध बीमा पॉलिसी के साथ व्यवहार) विनियम, 2010 तथा उसके बाद जारी परिपत्रों के अनुसार लेखांकन किया जाता है।

छ) पॉलिसीधारकों की दावा न की गई राशि:

आईआरडीएआई परिपत्र सं. आईआरडीएआई/एफ एवं ए/सीआईआर/जीएलडी/195/08/124 दिनांक 14 अगस्त, 2014, आईआरडीए/एफ एवं ए/सीआईआर/सीपीएम/134/07/2015 दिनांक 24 जुलाई, 2015, आईआरडीए/एफ एवं ए/सीआईआर/सीएलडी/114/05/2015 दिनांक 28 मई, 2015, पॉलिसीधारकों की दावा न की गई राशि संबंधी मास्टर परिपत्र संस्करण: 02 आईआरडीए/एफ एवं ए/सीआईआर/विविध/282/11/2020 दिनांक 17 नवंबर, 2020 और समय-समय पर यथा संशोधित निवेश विनियम, 2016 की अपेक्षाओं के अनुरूप पॉलिसीधारकों की दावा न की गई राशि के लिए अदावाकृत आस्तियों को रखा गया है और उन्हें निम्नानुसार प्रबंधित किया गया है:

i) पॉलिसीधारकों की दावा न की गई राशि का निवेश अनुसूचित बैंकों की मुद्रा बाज़ार लिखतों, अर्थसुलभ म्यूचुअल फंड और/या मीयादी जमाओं में किया जाता है जिसे पिछली लागत से वैल्यू किया जाता है, यह परिपक्वता/धारिता की अवधि/सीधी रेखा आधार पर प्रिमियम के परिशोधन या छूट की अनुवृद्धि के अध्यधीन है।

ii. पॉलिसीधारकों की दावा न की गई राशि पर प्राप्त आय को संबंधित

2016, Actuarial Practice Standards and Guidance notes issued by Institute of Actuaries of India, Circulars issued by IRDAI from time to time.

d) Loans:

Loans against policies are valued at the aggregate of book values (net of repayments) plus capitalized interest and are subject to impairment if any. Loans are classified as short term in case the maturity is less than 12 months. Loans other than short term are classified as long term.

e) Funds for Future Appropriation:

The balance in the funds for future appropriations account represents funds, the allocation of which, either to policyholders or to shareholders has not been determined at the Balance Sheet date. Transfers to and from the fund reflect the excess or deficit of income over expenses and appropriations in each accounting period arising in the Company's policyholders' funds. In respect of participating policies, any allocation to the policyholders would also give rise to transfer to the shareholders in the required proportion.

In respect of the Non-participating Group Annuity products, the excess returns, if any as defined in file and use, is considered as funds for future appropriation in the interim financial periods during the year and the same would be distributed between policyholders and shareholders in the proportion prescribed in file and use at the year end.

f) Discontinued Policies fund:

Discontinued policy fund means the segregated fund that is set aside on account of:

i) Non-payment of contracted premium

ii) Upon the receipt of the information by the Company from the policyholder about the discontinuance of the policy.

Fund for discontinued policies is accounted in accordance with the Insurance Regulatory and Development Authority of India (Treatment of Discontinued Linked Insurance Policies) Regulations 2010 and circulars issued thereafter.

g) Unclaimed amount of policyholders:

Assets held for unclaimed amount of policyholders is created and maintained in accordance with the requirement of IRDAI circular No. IRDA/F&A/CIR/GLD/195/08/124 dated August 14, 2014, IRDA/F&A/CIR/CPM/134/07/2015 dated July 24, 2015, IRDA/F&A/CIR/CLD/114/05/2015 dated May 28, 2015, Master circular on Unclaimed Amount of Policyholders Ver 02 IRDA/F&A/CIR/Misc/282 /11/2020 dated November 17, 2020 and Investment Regulations, 2016 as amended from time to time:

i) Unclaimed amount of policyholders is invested in money market instruments, Liquid mutual funds and/or fixed deposits of scheduled banks which is valued at historical cost, subject to amortisation of premium or accretion of discount over the period of maturity/holding on a straight line basis.

ii) Income on unclaimed amount of policyholders

दावा न किए गए फंड में जोड़ दिया जाता है और फंड प्रबंधन प्रभारों को घटाकर उपचय आधार पर लेखांकन किया जाता है।

iii. पॉलिसीधारकों की दावा न की गई राशि की देयता यथा वैल्यूएशन तारीख को बकाया इकाइयों के एनएवी के आधार पर निर्धारित की जाती है।

5) अग्रिम:

i लागू विनियामक दिशानिर्देशों के अनुसार में अग्रिमों को "अर्जक" और "अनर्जक अग्रिमों" (एनपीए) के रूप में वर्गीकृत किया जाता है।

ii इसके अतिरिक्त, लागू विनियामक दिशानिर्देशों के अनुसार अनर्जक आस्तियों (एनपीए) को अवमानक, संदिग्ध तथा हानि प्राप्त आस्तियों के रूप में वर्गीकृत किया जाता है।

iii घरेलू शाखाओं के संबंध में एनपीए से संबंधित प्रावधान, निम्नलिखित दर पर किये जाते है :

एनपीए की श्रेणी	निवल बकाया अग्रिम पर प्रावधान %
अवमानक आस्ति:*	
एक्सपोज़र, जो आरंभ से गैर जमानती है	25%
आधारभूत संरचना ऋण खातों के संबंध में प्रतिभूतिरहित एक्सपोजर जहां कुछ सुरक्षा प्रावधान जैसे निलंब (एस्क्रो) खाते उपलब्ध हैं (गैर प्रतिभूति-इंफ्रा)	20%
अन्य	15%
संदिग्ध :	
जमानती हिस्सा (उस अवधि के लिए जिसके दौरान अग्रिम संदिग्ध श्रेणी में ही रहा)	
- एक वर्ष तक	25%
- एक वर्ष से तीन वर्ष तक	40%
- तीन वर्ष से अधिक	100%
गैर जमानती हिस्सा	100%
हानि	100%

*बकाया अग्रिम पर

iv) विदेशी शाखाओं के संबंध में, अग्रिमों का एनपीए के रूप में वर्गीकरण और एनपीए के संबंध में प्रावधान संबंधित विदेशी देश में लागू विनियामक आवश्यकताओं अथवा घरेलू शाखाओं के लिए लागू दिशानिर्देशों के अनुसार, इनमें से जो भी कड़े हो, उसके अनुसार होगी।

v) भारतीय रिज़र्व बैंक के मानकों के अनुसार निवल अग्रिम के परिकलन हेतु कुल अग्रिमों में से अनर्जक आस्तियों, अप्राप्य ब्याज, इसीजीसी दावा आदि का निपटान इत्यादि के संबंध में प्रावधान घटाएं जाते हैं।

vi) भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार पुनर्निधारित/पुन:संरचित खातों के संबंध में विद्यमान मूल्य स्थिति में आकलित पुनर्संरचित अग्रिम के मूल्य में ह्रास के परित्याग के लिए प्रावधान किया जाता है। निवल अग्रिम के परिकलन हेतु इस प्रावधान को घटाया जाता है।

vii) आस्ति पुनर्गठन कंपनी (एआरसी)/प्रतिभूतिकरण कंपनी (एससी) को वित्तीय आस्तियां बेचे जाने के मामले में यदि बिक्री, निवल बही मूल्य (एनबीवी) (अर्थात् बकाया में से धारित प्रावधान घटाकर) से कम है तो

is accreted to respective unclaimed fund and is accounted for on an accrual basis, net of fund management charges.

iii) Unclaimed amount of policyholders' liability is determined on the basis of NAV of the units outstanding as at the valuation date.

5) ADVANCES:

i) Advances are classified into "Performing" and "Non-Performing Advances" (NPAs) in accordance with the applicable regulatory guidelines.

ii) NPAs are further classified into Sub-Standard, Doubtful and Loss Assets in terms of applicable regulatory guidelines.

iii) Provisions for NPAs are made at the rates given as under:

Category of NPAs	Provision % on net outstanding advance
Sub Standard:*	
Exposures, which are unsecured ab-initio	25%
Unsecured exposure in respect of infrastructure loan accounts where certain safeguards such as escrow accounts are available (unsecured – infra)	20%
Others	15%
Doubtful:	
Secured portion (Period for which advance has remained in doubtful category)	
- Upto one year	25%
- One year to three years	40%
- More than three years	100%
Unsecured portion	100%
Loss	100%

*On the outstanding advance

iv) In respect of foreign entities, classification of advances as NPAs and provision in respect of NPAs is made as per the regulatory requirements prevailing at the respective foreign countries or as per guidelines applicable to bank, whichever is stringent.

v) Provisions in respect of NPAs, unrealised interest, ECGC claims, etc., are deducted from total advances to arrive at net advances as per RBI norms.

vi) In respect of Rescheduled/Restructured advances, provision is made for the diminution in the fair value of restructured advances measured in present value terms as per RBI guidelines. The said provision is reduced to arrive at Net advances.

vii) In case of financial assets sold to Asset Reconstruction Company (ARC) / Securitisation Company (SC), if the sale is at a price below the net

कमी को आरबीआई के समय-समय पर जारी वर्तमान दिशा-निर्देशों के अनुसार लाभ एवं हानि खाते में नामे किया जाता है। यदि बिक्री का मूल्य निवल बही मूल्य (एनबीवी) से अधिक है तो जिस वर्ष राशि प्राप्त होती है उस वर्ष में एनपीए की बिक्री पर किए गए अतिरिक्त प्रावधान को लाभ एवं हानि खाते से वापस किया जा सकता है। परंतु अतिरिक्त प्रावधान तब ही वापस किया जाता है जब प्राप्त नकद (केवल आरंभ में विचारित या एसआर /पीटीसी रिडेंपशन के द्वारा) आस्ति के निवल बही मूल्य (एनबीवी) से ज्यादा हो। परंतु कोई भी अतिरिक्त प्रावधान को तभी रिवर्स किया जाता है जब आस्ति का निवल बही मूल्य(एनबीवी) प्राप्त नकदी (केवल प्रारंभिक प्रतिफल द्वारा/अथवा एसआरएस/पीटीसी का रीडेम्पशन) से अधिक होगा। अतिरिक्त प्रावधान का रिवर्सल आस्ति के एनबीवी से अधिक प्राप्त नकदी की सीमा तक सीमित होगा।

viii) मानक आस्तियों के रूप में वर्गीकृत पुन:संरचित अग्रिमों सहित मानक आस्तियों का प्रावधान भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार किया जाता है। विदेशी शाखाओं के मामलों में मानक आस्तियों के लिए प्रावधान, संबन्धित विदेशी देशों में लागू विनियामक आवश्यकताओं के अनुसार अथवा घरेलू शाखाओं के लिए लागू दिशानिर्देशों के अनुसार, इनमें से जो भी कड़े हों, उसके अनुसार होगी।

ix) भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार निवल निधिक देशी एक्सपोज़र के लिए श्रेणीबद्ध स्केल पर प्रावधान किया जाता है।

6) अस्थायी प्रावधान :

बैंक में अस्थायी प्रावधान का सृजन करने और उसका उपयोग करने की नीति है। प्रत्येक वित्तीय वर्ष के अंत में सृजित की जाने वाली अस्थायी प्रावधान की मात्रा का निर्धारण किया जाता है। अस्थायी प्रावधान का उपयोग, नीति में निर्धारित केवल असाधारण परिस्थितियों के अंतर्गत आकस्मिकताओं के लिए भारतीय रिज़र्व बैंक की पूर्व अनुमति से अथवा किसी निर्दिष्ट उद्देश्य के लिए भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा दी गई विशेष अनुमति से ही किया जाता है।

7) डेबिट/क्रेडिट कार्ड रिवार्ड प्वाइंट :

बैंक के डेबिट कार्ड धारकों के संबंध में रिवार्ड पॉइंट का प्रावधान एक्चवेरीयल आकलन के आधार किया जाता है और क्रेडिट कार्ड पर रिवार्ड पॉइंट के लिए प्रावधान संचित बकाया पॉइंट के आधार पर किया जाता है।

8) निवेश :

क) सरकारी प्रतिभूतियों में संव्यवहार को निपटान तारीख पर मान्यता दी जाती है और अन्य सभी निवेशों को कारोबार की तारीख पर मान्यता दी जाती है।

ख) निवेशों का वर्गीकरण भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार 'परिपक्वता तक धारित', 'कारोबार के लिए धारित' और 'बिक्री हेतु धारित' श्रेणियों में किया गया है। भारत में किए गए निवेशों के तुलन पत्र की अनुसूची 8 में प्रकटन के उद्देश्य से इन्हें आरबीआई दिशानिर्देशों और बैंककारी विनियमन अधिनियम 1949 के अनुसार (i) भारत में किए गए निवेश को छह वर्गों में वर्गीकृत किया जाता है जैसे-i) सरकारी प्रतिभूतियाँ, ii) अन्य अनुमोदित प्रतिभूतियां, iii) शेयर, iv) डिबेंचर और बॉंड, v) अनुषंगियों और सहायक कंपनियों में निवेश और vi) अन्य तथा (II) 'भारत के बाहर किए गए निवेशों' को तीन वर्गों में वर्गीकृत किया गया है यथा i) सरकारी प्रतिभूतियाँ, ii) विदेशी सहायक कंपनियों में निवेश, iii) डिबेंचर और बॉंड और iv) अन्य निवेश

क. वर्गीकरण का आधार

निवेश का वर्गीकरण उसके अर्जन के समय किया जाता है।

book value (NBV), (i.e. outstanding less provision held) the shortfall is debited to the Profit and Loss account as per the extant RBI guidelines issued from time to time. If the sale is at a price higher than the NBV, the excess provision on sale of NPAs may be reversed to profit and loss account in the year the amounts is received. However, any excess provision is reversed only when the cash received (by way of initial consideration only/or redemption of SR's/PTC) is higher than the net book value (NBV) of the asset. Reversal of excess provision will be limited to the extent to which cash received exceeds the NBV of the asset

viii) Provision for Standard assets, including restructured advances classified as standard, is made in accordance with RBI guidelines. In respect of foreign entities provision for Standard Assets is made as per the regulatory requirements prevailing at the respective foreign countries or as per guidelines applicable to the Bank, whichever is stringent.

ix) Provision for net funded country exposures (Direct/ Indirect) is made on a graded scale in accordance with the RBI guidelines.

6) FLOATING PROVISION:

The bank has framed a policy for creation and utilisation of floating provisions. The quantum of floating provisions to be created is assessed at the end of each financial year. The floating provisions are utilised only for contingencies under extraordinary circumstances specified in the policy with prior permission of Reserve Bank of India or on being specifically permitted by Reserve Bank of India for specific purposes.

7) DEBIT/CREDIT CARD REWARD POINTS:

Provision for reward points in relation to debit cards is provided for on actuarial estimates and Provision for reward points on credit cards is made based on the accumulated outstanding points.

8) INVESTMENTS:

a) Transactions in Government Securities are recognised on settlement date and all other Investments are recognised on trade date.

b) Investments are classified under `Held to Maturity', 'Held for Trading' and 'Available for Sale' categories as per RBI guidelines. For the purpose of disclosure in the Balance Sheet in Schedule 8, (I) 'Investments in India' are classified under six categories viz. i.) Government Securities, ii.) Other Approved Securities, iii.) Shares, iv.) Debentures and Bonds, v.) Investment in Associates and vi.) Others and (II) 'Investments outside India' are classified under three categories viz. i.) Government Securities, ii.) Investment in Associates abroad iii) Debentures and Bonds and iv.) Other Investments.

A. Basis of classification:

Classification of an investment is done at the time of its acquisition.

(i) **परिपक्वता तक धारित**

इसमें ऐसे निवेश हैं जिन्हें बैंक परिपक्वता तक रखने का इरादा रखता है। अनुषंगियों, संयुक्त उद्यमों और सहायक कंपनियों में किए गए निवेश को भी परिपक्वता तक धारित के तहत वर्गीकृत किया जाता है।

(ii) **कारोबार के लिए धारित**

इसमें ऐसे निवेश है जिन्हें अल्प मियादी मूल्य/ब्याज दर के उतार-चढ़ाव का लाभ लेते हुए कारोबार के इरादे से अर्जन किया जाता है। खरीद की तारीख से 90 दिनों के अंदर इसका कारोबार किया जाता है।

(iii) **विक्री के लिए उपलब्ध**

ऐसे निवेश जिनका वर्गीकरण "परिपक्वता तक धारित" अथवा 'कारोबार के लिए धारित' रूप में नहीं किया हैं, उन्हें इस शीर्ष में रखा गया है।

ख. निवेश का अधिग्रहण लागत

(i) इक्विटी निवेश के अर्जन के लिए भुगतान किए गए ब्रोकरेज, कमीशन, प्रतिभूति संव्यवहार कर इत्यादि लागत में शामिल है।

(ii) ब्रोकरेज, कमीशन, डेब्ट निवेश पर भुगतान/प्राप्त किए गए खंडित अवधि के ब्याज को आय/व्यय के रूप में माना गया है और इसे लागत/बिक्री पर विचार करते समय शामिल नहीं किया जाता है।

(iii) निवेशों के अभिदान पर प्राप्त ब्रोकरेज और कमीशन को लाभ और हानि खाते में जमा किया जाता है।

ग) मूल्यांकन का तरीका

भारत में निवेशों का मूल्यांकन, भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशा-निर्देशों के अनुसार किया जाता है और विदेशी शाखाओं में रखे गये निवेशों को संबंधित देश में लागू सांविधिक प्रावधानों के अनुसार मूल्य अथवा समय-समय पर भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा जारी दिशानिर्देशों के अनुसार मूल्य, इन दोनों में जो भी कम हो उसके अनुसार किया जाता है।

ट्रेज़री बिलों और अन्य सभी बट्टाकृत लिखतों का मूल्य, कैरिंग कॉस्ट (अर्थात् प्राप्त करने की लागत में, प्राप्त करते समय लागू दर में उपचित बट्टा को जोड़कर) के आधार पर निकाला जाता है।

(i) **परिपक्वता तक धारित:**

1. इस श्रेणी के तहत निवेशों को उनके अर्जन लागत, परिशोधन को घटाकर, यदि कोई हो, पर लिया जाता है। अंकित मूल्य से अधिक अर्जन लागत, यदि कोई हो, को सतत अर्जन पद्धति का उपयोग कर परिपक्वता की शेष बची अवधि में परिशोधित किया गया है। प्रीमियम का इस प्रकार परिशोधन, आय में 'निवेश पर ब्याज' शीर्ष के तहत समायोजित किया जाता है।

2. अनुषंगियों, संयुक्त उद्यमों और सहायक कंपनियों (भारत और विदेश दोनों में) में निवेश, पूर्व के लागत के आधार पर मूल्यांकित किया जाता है सिवाय क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों में निवेश के जिन्हें कैरिंग कॉस्ट पर (अर्थात् बही मूल्य) पर मूल्यांकित किया जाता है। अस्थायी को छोड़कर प्रत्येक निवेश के लिए अलग-अलग ह्रास (डिमिन्युशन) के लिए प्रावधान किया जाता है।

(ii) कारोबार के लिए धारित/बिक्री के लिए उपलब्ध :

1. इस श्रेणी के तहत निवेशों का मूल्यांकन विनियामक दिशानिर्देशों के अनुसार बाजार मूल्य अथवा उचित मूल्य पर एक-एक करके निर्धारित किया जाता है और प्रत्येक श्रेणी के प्रत्येक वर्गीकरण में

(i) **Held to Maturity:**

These comprise investments that the Bank intends to hold till maturity. Investments in equity of subsidiaries, joint ventures and associates are also categorised under Held to Maturity.

(ii) **Held for Trading:**

These comprise investments acquired with the intention to trade by taking advantage of short term price/interest rate movements. Securities are to be sold within 90 days from the purchase date.

(iii) **Available for Sale:**

These comprise investments which do not fall either under "Held to Maturity" or "Held for Trading" category.

B. Acquisition Cost of Investment:

(i) Brokerage, commission, securities transaction tax, etc. paid on acquisition of equity investments are included in cost.

(ii) Brokerage, commission, broken period interest paid/ received on debt investments is treated as expense/income and is excluded from cost/sale consideration.

(iii) Brokerage and commission, if any, received on subscription of investments is credited to Profit and Loss Account.

C. Method of valuation:

Investments in India are valued in accordance with the RBI guidelines and investments held at foreign branches are valued at lower of the value as per the statutory provisions prevailing at the respective foreign countries or as per RBI guidelines issued from time to time.

Treasury Bills and all others discounted instruments are valued at carrying cost (ie acquisition cost plus discount accrued at the rate prevailing at the time of acquisition)

(i) **Held to Maturity:**

1. Investments included in this category are carried at their acquisition cost, net of amortisation, if any. The excess of acquisition cost, if any, over the face value is amortised over the remaining period of maturity using constant yield method. Such amortisation of premium is adjusted against income under the head "interest on investments".

2. Investments in subsidiaries, joint ventures and associates (both in India and abroad) are valued at historical cost except for investments in Regional Rural Banks, which are valued at carrying cost (i.e. book value). Suitable provision is made for diminution, other than of temporary nature, for each investment individually.

(ii) **Held for Trading / Available for Sale:**

1. Investments under these categories are individually valued at the market price or fair value determined as per Regulatory guidelines and only the net

केवल निवल मूल्यह्रास लगाया जाता है और निवल मूल्यवृद्धि को ध्यान में नहीं रखा जाता है। मूल्यह्रास के लिए प्रावधान के संबंध में, बाजार मूल्य को बही में अंकित करने के पश्चात एकल प्रतिभूतियों का बही मूल्य अपरिवर्तित रहता है।

"कारोबार के लिए धारित" और "बिक्री के लिए उपलब्ध" श्रेणियों में उद्धृत किए गए निवेश के मूल्यांकन के प्रयोजन हेतु स्टॉक एक्सचेंज पर बाजार दर/भाव, भारतीय प्राथमिक डीलर संघ (पीडीएआई) / निर्धारित आय मुद्रा बाजार और डेरिवेटिव संघ (एफआईएमएमडीए)/ फाइनान्शियल बेंचमार्क इंडिया प्रा.लि. (एफबीआईएल) द्वारा घोषित दरों का उपयोग किया जाता है। जिन निवेश के लिए ऐसे दर/भाव उपलब्ध नहीं है उनका मूल्यांकन भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा निर्धारित मानकों के अनुसार किया जाता है जो निम्नानुसार है :

वर्गीकरण	मूल्यांकन का आधार
सरकारी प्रतिभूतियां	परिपक्वता आधार के प्रतिफल पर
अन्य अनुमोदित प्रतिभूतियां	परिपक्वता आधार के प्रतिफल पर
इक्विटी शेयर्स, पीएसयू और न्यासी शेयर	ब्रेक अप वैल्यू पर नवीनतम तुलन पत्र (18 महीनों से अधिक पुरानी नहीं), अन्यथा प्रति कंपनी रु. 1
अधिमान्य शेयर	परिपक्वता आधार के प्रतिफल पर
पीएसयू/कॉर्पोरेट बॉन्ड	परिपक्वता आधार के प्रतिफल पर
म्यूचुअल फंड के यूनिट	नवीनतम पुनर्खरीद मूल्य/प्रत्येक योजना के संबंध में घोषित एनएवी पर
उद्यम पूँजी निधि (वीसीएफ)	18 महीनों से पुरानी नहीं ऐसे लेखापरीक्षित वित्तीय विवरण के अनुसार घोषित एनएवी अथवा ब्रेक अप एनएवी। यदि एनएवी/लेखा परीक्षित वित्तीय विवरण 18 महीनों से अधिक हेतु उपलब्ध नहीं है तो रु.1 प्रति वीसीएफ।
प्रतिभूति रसीद	प्रतिभूतिकरण कंपनियों द्वारा घोषणा के अनुसार एनएवी पर जो 6 माह से अधिक पुरानी न हो।

घ. विभिन्न श्रेणियों के मध्य प्रतिभूतियों का अंतरण:

(i) एचटीएम से एएफएस/एचएफटी :

क) यदि किसी डिस्काउंट पर मूलत: प्रतिभूति को एचटीएम श्रेणी में रखा गया था तो इसे अधिग्रहण कीमत/बही मूल्य पर अंतरित किया जाता है। अंतरण के बाद इन प्रतिभूतियों का तत्काल मूल्यांकन किया जाता है तथा यदि कोई मूल्यह्रास होता है तो उसका लेखांकन किया जाता है।

ख) यदि किसी प्रीमियम पर प्रतिभूति को एचटीएम श्रेणी में रखा गया था तो इसे एमोर्टाइज्ड लागत पर एएफएस/एचएफटी श्रेणी में अंतरित किया जाता है। अंतरण के बाद इन प्रतिभूतियों का तत्काल मूल्यांकन किया जाता है तथा यदि कोई मूल्यह्रास होता है तो उसका लेखांकन किया जाता है।

(ii) एएसएस/एचएफटीसे एचटीएम में अंतरण : बही मूल्य या बाजार मूल्य में से जो की कम हो उस पर एएफएस, एचएफटी श्रेणी से एचटीएम

depreciation in each classification for each category is provided for and net appreciation is ignored. On provision for depreciation, the book value of the individual securities remains unchanged after marking to market.

For the purpose of valuation of quoted investments in "Held for Trading" and "Available for Sale" categories, the market rates / quotes on the Stock Exchanges, the rates declared by Primary Dealers Association of India (PDAI) / Fixed Income Money Market and Derivatives Association (FIMMDA)/ Financial Benchmark India Pvt. Ltd. (FBIL) are used. Investments for which such rates/quotes are not available are valued as per norms laid down by RBI, which are as under:

Classification	Basis of Valuation
Government Securities	on Yield to Maturity basis
Other Approved Securities	on Yield to Maturity basis
Equity Shares, PSU and Trustee shares	at break up value as per the latest Balance Sheet (not more than 18 months old), otherwise Re.1 per company.
Preference Shares	on Yield to Maturity basis
PSU/Corporate Bonds	on Yield to Maturity basis
Units of Mutual Funds	at the latest repurchase price/NAV declared by the fund in respect of each scheme
Units of Venture Capital Funds (VCF)	declared NAV or break up NAV as per audited financials which are not more than 18 months old. If NAV/audited financials are not available for more than 18 months then at Re. 1/- per VCF.
Security Receipts	at NAV as declared by Securitisation Companies which is not more than 6 months old.

D. Transfer of Securities between Categories:

(i) HTM to AFS/HFT :

a) If the security was originally placed under the HTM category at a discount it is transferred at the acquisition price / book value. After transfer, these securities are immediately re-valued and resultant depreciation, if any, is provided.

b) If the security was originally placed in the HTM category at a premium, it is transferred to the AFS / HFT category at the amortised cost. After transfer, these securities are immediately re-valued and resultant depreciation, if any, is provided.

(ii) AFS/HFT TO HTM: Transfer of scrips from AFS / HFT category to HTM category is made at the lower

श्रेणी में स्क्रिप का अंतरण किया जाता है। यदि अंतरण के समय बाजारमूल्य बही मूल्य से ज्यादा होता है तो बढ़ोतरी को नजर अंदाज किया जाता है। यदि बही मूल्य से बाजार मूल्य कम होता है तो वैसी प्रतिभूति के लिए किये गये मूल्यह्रास के प्रावधान को समायोजित किया जाता है एवं बही मूल्य को बाजार मूल्य तक कम किया जाता है तथा प्रतिभूति को बाजारमूल्य पर अंतरित किया जाता है।

(iii) एएफएस से एचएफटी तथा इसके विपरीत : एएफएस से एचएफटी श्रेणी या इसके विपरीत प्रतिभूति अंतरित करने के मामले में अंतरण की तारीख पर प्रतिभूतियों का पुन: मूल्यांकन नहीं किया जाता है तथा रखे गये संकलित मूल्यह्रास का प्रावधान, यदि कुछ हो तो एचएफटी प्रतिभूतियां या इसके विपरीत, जैसा मामला हो इनके विरुद्ध मूल्यह्रास के लिए प्रावधान में अंतरित किया जाता है।

ङ. अनर्जक निवेश (एनपीआई) और उसका मूल्यांकन:

(i) निवेशों को अर्जक और अनर्जक में वर्गीकृत किया जाता है जो घरेलू कार्यालयों के मामले में आरबीआई और विदेशी कार्यालयों के मामले में संबंधित विनियामकों द्वारा जारी दिशानिर्देशों पर आधारित होते हैं।

(ii) अनर्जक निवेशों के संबंध में आय मान्य नहीं होती है तथा भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार ऐसी प्रतिभूतियों के मूल्य में ह्रास हेतु प्रावधान किया जाता है।

(iii) परिपक्व एनपीआई को अनुसूची 11 में "अन्य आस्तियों" के अंतर्गत दिखाया गया है। (प्रावधान घटाकर)

च. रेपो/रिवर्स रेपो:

रेपो/रिवर्स रेपो के अंतर्गत बेची और खरीदी गई प्रतिभूतियों का लेखांकन संपार्शिक उधार और उधार के संव्यवहार के रूप में किया जाता है। तथापि प्रतिभूतियों का अंतरण वैसे ही किया जाता है जैसे सामान्य सीधी बिक्री/खरीद संव्यवहार के मामले में होता है और ऐसी प्रतिभूतियों का आवागमन रेपो/रिवर्स रेपो खातों और दुतरफा प्रविष्टियों के प्रयोग द्वारा होता है। उपर्युक्त प्रविष्टियों को परिपक्वता पर रिवर्स किया जाता है। लागत तथा राजस्व का लेखांकन, जैसा भी मामला हो, ब्याज व्यय/आय के रूप में किया जाता है। तुलन पत्र में रेपो खाते में शेष को उधार के रूप में वर्गीकृत किया गया और रिवर्स रेपो खाते में शेष को बैंक के पास शेष तथा मांग और अल्प सूचना पर प्रतिदेय के रूप में वर्गीकृत किया जाता है।

छ. आस्तियों के विरुद्ध प्रतिभूति रसीदों (एसआर) में निवेश

परिपत्र संख्या डीबीआर.सं.बीपी.बीसी. 9/21.04.048/2016-17 दिनांक 01 सितंबर 2016 के द्वारा जारी आरबीआई के दिशानिर्देशों के अनुसार बैंक ने 01 अप्रैल 2018 से प्रतिभूतीकरण के अंतर्गत एसआर के संबंध में मूल्यांकन पद्धति में संशोधन किया है। संशोधित दिशानिर्देशों के अनुसार यदि बैंक के द्वारा बची गयी दबावग्रस्त आस्तियों के विरुद्ध एसआर की मात्रा प्रतिभूतिकरण के अंतर्गत जारी तथा बेची गयी आस्तियों के विरुद्ध एसआर के संपूर्ण पोर्टफोलियो से 10 प्रतिशत से ज्यादा होती है तो निम्नलिखित में से जो भी ज्यादा हो उसके अनुसार मूल्यह्रास का प्रावधान होगा:

अ. एससी/आरसी के द्वारा घोषित किये गये निवल आस्ति मूल्य की शर्तों के अनुसार आवश्यक प्रावधानों के दर पर; तथा

आ. यह मानकर कि कल्पित रूप से ऋण बैंक की बही में जारी रहा, अंतर्निहित ऋणों पर लागू दर पर प्रावधान।

of book value or market value. In cases where the market value is higher than the book value at the time of transfer, the appreciation is ignored. In cases where the market value is less than the book value, the provision against depreciation held against this security is adjusted to reduce the book value to the market value and the security is transferred at the market value.

(iii) AFS TO HFT AND VICE-VERSA : In the case of transfer of securities from AFS to HFT category or vice-versa, the securities are not re-valued on the date of transfer and the provisions for the accumulated depreciation, if any, held are transferred to the provisions for depreciation against the HFT securities and vice-versa.

E. Non performing Investments (NPIs) and valuation thereof:

(i) Investments are classified as performing and non-performing, based on the guidelines issued by the RBI in case of domestic offices and respective regulators in case of foreign offices.

(ii) In respect of non performing investments, income is not recognised and provision is made for depreciation in value of such securities as per RBI guidelines.

(iii) Matured NPIs are shown under 'Other Assets' Schedule11 (Net of Provision).

F. Repo / Reverse Repo:

The securities sold and purchased under Repo/ Reverse repo are accounted as Collateralised lending and borrowing transactions. However, securities are transferred as in case of normal outright sale/ purchase transactions and such movement of securities is reflected using the Repo/ Reverse Repo Accounts and Contra entries. The above entries are reversed on the date of maturity. Costs and revenues are accounted as interest expenditure/ income, as the case may be. Balance in Repo Account is classified as Borrowings and balance in Reverse Repo account is classified as Balance with Banks and Money at Call & Short Notice in the balance sheet.

G. Investment in Security Receipts (SRs) backed by assets:-

In terms of RBI guidelines issued vide circular no DBR. No.BP.BC.9/21.04.048/2016-17 dated September 01, 2016, the bank has revised valuation methodology in respect of SRs under securitization, with effect from April 01, 2018. As per the revised guidelines, if the quantum of SRs backed by stressed assets sold by the bank exceeds 10% of entire portfolio of SRs backed by sold assets issued under that securitization, provision for depreciation will be higher of the following;

a. provisioning at a rate required in terms of net asset value declared by the SCs/RCs; and

b. provisioning at a rate as applicable to the underlying loans, assuming that the loans notionally continued in the books of the bank.

जब बैंक के द्वारा एआरसी को बेची गयी वित्तीय संपत्ति के संबंध में एआरसी द्वारा जारी प्रतिभूति रसीद/पास-थ्रू प्रमाणपत्र में बैंक निवेश करता है तो निम्नलिखित में से जो भी कम होगा उसके अनुसार बैंक की बही में बिक्री को पहचाना जायेगा :

- प्रतिभूति रसीद/पास-थ्रू प्रमाणपत्र का मोचन मूल्य
- वित्तीय आस्ति का निवल बही मूल्य

जब तक उपर्युक्त की बिक्री या वसूली न हो जाय तब तक उपर्युक्त विधि से निर्धारित कीमत पर बैंक की बही में उपर्युक्त निवेश जारी रहेगा।

9) डेरिवेटिव

वर्तमान में बैंक, ब्याज दर एवं करेंसी डेरिवेटिव में फॉरेक्स वायदा संविदा का कार्य करता है। बैंक द्वारा किया जाने वाले ब्याज दर डेरिवेटिव हैं - रुपया ब्याज दर स्वैप, विदेशी मुद्रा ब्याज दर स्वैप, वायदा दर करार तथा ब्याज दर फ्यूचर। बैंक द्वारा किये जा रहे मुद्रा डेरिवेटिव हैं - करन्सी स्वैप तथा करन्सी फ्यूचर। भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशा-निर्देशानुसार, डेरिवेटिव को निम्नानुसार मूल्यांकित किया जाता है :

(क) हेज/नॉन हेज (मार्केट मेकिंग) संव्यवहारों को अलग-अलग रिकॉर्ड किया जाता है।

(ख) हेज़िग डेरिवेटिव पर आय/व्यय, उपचय आधार पर लेखांकित होती है

(ग) फॉरेक्स फॉरवर्ड संविदाओं को बाजार मूल्य पर अंकित किया जाता है और परिणामत: लाभ एवं हानि को लाभ एवं हानि खाते में निर्धारित किया जाता है।

(घ) हेजिंग डेरिवेटिव की एमटीएम बढ़ोतरी (एप्रीसिएशन)/मूल्यह्रास होने पर सर्वप्रथम इनके संबंधित अंडरलाइंग आस्ति के मूल्यह्रास/बढ़ोतरी (एप्रीसिएशन) से इसका समंजन (सेट ऑफ) किया जाता है तथा इसके परिणाम से निकले मूल्यह्रास को निर्धारित किया जाता है। यदि उक्त के परिणाम स्वरूप बढ़ोतरी (एप्रीसिएशन) निकलता है तो उस पर ध्यान नहीं दिया जाता है।

(ङ) ट्रेडिंग के उद्देश्य से, विनिमय व्यापार डेरिवेटिव के अलावा ब्याज दर डेरिवेटिव और मुद्रा डेरिवेटिव को बाजार मूल्य पर (एमटीएम) अंकित किया जाता है और परिणामत: हानि, यदि कोई हो तो, उसे लाभ एवं हानि के रूप में निर्धारित किया जाता है। लाभ, यदि कोई हो तो, उस पर ध्यान नहीं दिया जाता है।

(च) ट्रेडिंग के उद्देश्य से प्रविष्ट, विनिमय व्यापार डेरिवेटिव का, विनिमय द्वारा प्रदत्त दरों के आधार पर, प्रचलित मार्केट दरों पर मूल्यांकन किया जाता है तथा इसके परिणामस्वरूप लाभ और हानि को लाभ-हानि खाते में निर्धारित किया जाता है।

(छ) ट्रेडिंग स्वैप के निरस्तीकरण से लाभ/हानियों को, निरस्तीकरण तिथि पर आय/व्यय के रूप में रिकार्ड किया जाता है। हेजिंग स्वैप के निरस्तीकरण पर, किसी भी लाभ/हानि को उस समय स्थगित किया जाता है तथा संविदा के अनुसार स्वैप की शेष अवधि या निर्दिष्ट आस्ति/देयता की अवधि - इन दोनों में जो भी कम हो, उस काल खंड में उसे निर्धारित किया जाता है।

(ज) ऑप्शन संविदा की परिपक्वता अवधि पर ऑप्शन शुल्क/प्रीमियम का परिशोधन किया जाता है।

10) संपत्ति, संयंत्र एवं उपकरण :

क. पुनर्मूल्यांकित आस्तियों के मामलों के अतिरिक्त, जिन्हें पुनर्मूल्यांकित रकम पर ही बताया जाता है, अचल आस्तियों को पूर्व के लागत के आधार पर बताया है। पुनर्मूल्यांकन से आयी वृद्धि (एप्रीसिएशन) को पुनर्मूल्यांकन आरक्षिति में जमा किया जाता है।

When Bank invests in the security receipts/ pass-through certificates issued by ARC in respect of the financial assets sold by the Bank to the ARC, the sale will be recognized in books of the bank at the lower of:

- the redemption value of the security receipts/ pass-through certificates, and
- the Net Book Value of the financial asset.

The above investment will be carried in the books of the bank at a price as determined above until its sale or realization.

9) DERIVATIVE

The Bank presently deals Forex Forward Contracts in interest rate and currency derivatives. The interest rate derivatives dealt with by the Bank are Rupee Interest Rate Swaps, Foreign Currency Interest Rate Swaps, Forward Rate Agreements and Interest Rate Futures. Currency Derivatives dealt with by the Bank are Options, Currency Swaps and Currency Futures. Based on RBI guidelines, Derivatives are valued as under:

(a) The hedge/non hedge (market making) transactions are recorded separately.

(b)Income/expenditure on hedging derivatives are accounted on accrual basis.

(c) Forex forward contracts are Marked to market and the resultant gains and losses are recognized in the Profit and Loss Account.

(d) MTM appreciation/ depreciation of hedging derivative is first set off with the depreciation / appreciation of the corresponding underlying and the resultant depreciation is recognized. Resultant appreciation, if any, is ignored.

(e) Interest Rate Derivatives and currency derivatives other than exchange traded derivatives for trading purpose are marked to market and the resulting losses, if any, are recognised in the Profit & Loss account. Net Profit if any, is ignored.

(f) Exchange Traded Derivatives entered into for trading purposes are valued at prevailing market rates based on rates given by the Exchange and the resultant gains and losses are recognized in the Profit and Loss Account.

(g) Gains/ losses on termination of the trading swaps are recorded on the termination date as income/ expenditure. Any gain/loss on termination of hedging swaps are deferred and recognised over the shorter of the remaining contractual life of the swap or the remaining life of the designated assets/liabilities.

(h) Option fees/premium is amortised over the tenor of the option contract.

10) PROPERTY, PLANT & EQUIPMENT

a. Fixed assets are stated at historic cost, except in the case of assets which have been revalued, which are stated at revalued amount. The appreciation on revaluation is credited to Revaluation Reserve.

ख. लागत में शामिल है - खरीद की लागत तथा आस्ति के उपयोग के पहले या उसे पहले प्रयोग योग्य बनाने के लिए स्थान संबंधी तैयारी की संस्थापना लागत, व्यावसायिक शुल्क इत्यादि जैसे किए गए सभी व्यय। उपयोग की जा रही आस्तियों पर किए गए उत्तरवर्ती व्यय को केवल तभी पंजीकृत किया जाएगा जब ऐसी आस्तियों से अथवा उनकी कार्यात्मक क्षमता से भविष्य में लाभ में वृद्धि होती है।

ग. 5 वर्ष से कम आकलित उपयोगी जीवन वाली आस्तियों को छोड़कर, सभी आस्तियों के लिए 5% अवशिष्ट मूल्य रखा गया है (यथा कम्प्यूटर, कम्प्यूटर सॉफ्टवेयर तथा साइकल) जहाँ आस्ति की पूरी लागत, उपयोगी जीवन के ऊपर परिशोधित है।

घ. मूल्यह्रास की दर तथा मूल्यह्रास प्रभारित करने का तरीका नीचे दिया गया है -

क्र. सं.	विवरण	मूल्यह्रास की दर	बैंक के द्वारा निर्धारित उपयोगी जीवन का आकलन	मूल्यह्रास प्रभारित करने का तरीका
1.	भवन एवं भूमि			
1क.	भूमि (फ्री होल्ड)	शून्य		
1ख.	पट्टाधारित भूमि		पट्टे की अवधि में लीज प्रीमियम परिशोधित की जाती है।	
1ग.	भवन (भूमि की लागत सहित यदि पहले निर्धारित नहीं की गयी है)	1.58%	60 वर्ष	सीधी आरेख पद्धति
2	अन्य अचल आस्तियां:-			
क)	फर्नीचर, फिक्सचर, इलेक्ट्रिकल फिटिंग एवं उपकरण	9.50%	10 वर्ष	सीधी आरेख पद्धति
ख)	इलेक्ट्रिकल फिटिंग एवं उपकरण	9.50%	10 वर्ष	सीधी आरेख पद्धति
ग)	एयर कंडिशनिंग प्लांट इत्यादि एवं कारोबार मशीनें	6.33%	15 वर्ष	सीधी आरेख पद्धति
घ)	मोटर कार, वैन एवं मोटर साइकिलें	11.88%	8 वर्ष	सीधी आरेख पद्धति
ङ)	साइकल	20.00%	5 वर्ष	सीधी आरेख पद्धति
च)	कम्प्यूटर तथा कंम्प्यूटर सॉफ्टवयेर जो हार्डवेयर का अभिन्न अंग है।	33.33%	3 वर्ष	सीधी आरेख पद्धति
छ)	कम्प्यूटर सॉफ्टवयेर जो हार्डवेयर का अभिन्न अंग नहीं है।	खरीदी के वर्ष में 100.00%	-	आरबीआई द्वारा यथा निर्धारित

ङ) वर्ष के दौरान, खरीद/बिक्री के संबंध में मूल्य ह्रास को, जितने दिनों के लिए संबंधित आस्ति का प्रयोग किया गया, उसके आनुपातिक आधार पर परिकलित किया जाता है।

च) आस्तियों के पुनर्मूल्यांकन के समय यथा मूल्यांकित, संबंधित आस्ति के बचे हुए उपयोगी जीवन में पुनर्मूल्यांकित अंश का मूल्यह्रास लिया जाता है। ऐसे मूल्यह्रास को लाभ एवं हानि पर प्रभारित किया जाता है और इसके बराबर की राशि को पुनर्मूल्यांकन आरक्षिति से राजस्व आरक्षिति में अंतरित किया जाता है।

छ) भारत के बाहर की अचल आस्तियों पर मूल्यह्रास, सीधी आरेख पद्धति पर आधारित होता है, उन स्थानों को छोड़कर जहाँ स्थानीय संबंधित प्राधिकारियों के द्वारा अलग दर/पद्धति निर्धारित की गयी है।

b. Cost includes cost of purchase and all expenditure such as site preparation, installation costs, professional fees, etc. incurred on the asset before it is put to use or capable of put to use. Subsequent expenditure incurred on assets put to use is capitalised only when it increases the future benefits from such assets or their functioning capability.

c. 5% residual value has been kept for all the assets except for the assets with estimated useful life less than 5 Years (eg. Computers, Computer Software and Cycles), where the entire cost of the assets is amortised over the useful life.

d. The rates of depreciation and method of charging depreciation is given below-

Sr. No.	Particulars	Rate of Depreciation	Estimated useful life as determined by the Bank	Method of charging depreciation
1	Land & Building:			
1.a.	Land (Freehold)	NIL		
1.b.	Leasehold Land		Lease premium is amortised over the period of lease	
1.c.	Building (including cost of land if not ascertained separately)	1.58%	60 Years	Straight Line
2.	Other Fixed Assets:-			
a.	Furniture, Fixtures, Electrical fittings and Equipment's	9.50%	10 Years	Straight Line
b.	Electrical Fitting and Equipment's	9.50%	10 Years	Straight Line
c.	Air-conditioning plants, etc. and business machines	6.33%	15 Years	Straight Line
d.	Motor cars, Vans & Motor cycles	11.88%	8 Years	Straight Line
e.	Cycle	20.00%	5 Years	Straight Line
f.	Computers and Computer Software forming integral part of hardware	33.33%	3 Years	Straight Line
g.	Computer Software, not embedded in hardware	100% in the Year of acquisition	-	As prescribed by RBI

e. In respect of additions/sale during the year, depreciation is provided on proportionate basis for the number of days the assets have been put to use during the year.

f. The revalued portion is depreciated over the balance useful life of the assets as assessed at the time of revaluation. Such depreciation is charged to Profit & loss account and equivalent amount is transferred from Revaluation Reserve to Revenue Reserve.

g. Depreciation on fixed assets outside India is provided on Straight Line Method, except at the centres where different rates/method have been prescribed by the local statutory authorities.

11. विदेशी मुद्रा विनिमय से संबद्ध संव्यवहार :

विदेशी मुद्रा से संबंधित संव्यवहारों का लेखांकन, आरबीआई के वर्तमान दिशानिर्देशों के साथ पठित लेखामानक एएस 11, ''विदेशी विनिमय दरों में परिवर्तन का प्रभाव'' के अनुरूप किया जाता है:

क) समाकलित विदेशी परिचालनों के संबंध में स्पष्टीकरण:

भारतीय शाखाओं के विदेशी मुद्रा में संव्यवहारों का वर्गीकरण समाकलित विदेशी परिचालन के रूप में किया गया है और ऐसे परिचालनों के विदेशी मुद्रा में संव्यवहारों को निम्नानुसार स्पष्ट किया गया है:

i. विदेशी मुद्रा में संव्यवहारों को, रिपोर्टिंग मुद्रा में, आरंभिक मान्यता पर रिकार्ड किया जाता है। ऐसा, कॉजेंसिज/रयूटर के पृष्ठ में प्रदर्शित साप्ताहिक औसत क्लोजिंग दर पर, रिपोर्टिंग मुद्रा और विदेशी मुद्रा के बीच विनिमय दर को विदेशी मुद्रा रकम पर लगाकर किया जाता है।

ii. विदेशी मुद्रा मौद्रिक मदें, भारतीय विदेशी मुद्रा डीलर संघ (एफईडीएआई) के क्लोजिंग स्पॉट दरों का प्रयोग कर रिपोर्ट की जाती हैं।

iii. विदेशी मुद्रा गैर-मौद्रिक मदें, जो पूर्व के लागत के अनुसार की जाती हैं उन्हें संव्यवहार की तारीख पर विनिमय दर का प्रयोग करते हुए रिपोर्ट किया जाता है।

iv. विदेशी मुद्रा में रखी गई आकस्मिक देयताओं को एफईडीएआई के क्लोजिंग स्पॉट दरों का प्रयोग कर रिपोर्ट किया जाता है।

v. बकाया विदेशी मुद्रा स्पॉट और कारोबार के लिए धारित वायदा संविदा का, निर्धारित परिपक्वता के लिए एफईडीएआई द्वारा अधिसूचित विनिमय दरों पर पुनर्मूल्यांकन किया जाता है और परिणामत: लाभ अथवा हानि को लाभ और हानि खाते में मान्यता दी जाती है।

vi. एफईडीएआई द्वारा दी गई सूचना के अनुसार बकाया विदेशी मुद्रा वायदा संविदा जिन पर कारोबार नहीं किया जाएगा, उनका क्लोजिंग स्पॉट दर पर मूल्यांकन किया जाता है। ऐसे वायदा विनिमय संविदा के आरंभ में उत्पन्न प्रीमियम अथवा बट्टे को संविदा के जीवनकाल में व्यय अथवा आय पर परिशोधित किया जाता है।

vii. मौद्रिक मदों के निपटान में, आरंभ में रिकॉर्ड किए गए दरों से भिन्न दरों के लिए उत्पन्न विनिमय अंतर को, उस अवधि के लिए आय के रूप में अथवा व्यय के रूप में माना जाएगा जिस समय यह उत्पन्न हुई।

viii. मुद्रा वादा बाजार में खुली स्थिति के विनिमय दर में परिवर्तन के कारण प्राप्ति/हानि का निपटान दैनिक आधार पर विनिमय समाशोधन गृह में किया जाता है और ऐसी प्राप्ति/हानि को लाभ एवं हानि खाते में मान्य किया जाता है।

ख) समाकलन रहित विदेशी परिचालनों के संबंध में स्पष्टीकरण: विदेशी शाखाओं के विदेशी मुद्रा में संव्यवहार को आंतरिक विदेशी परिचालनों के रूप में वर्गीकृत किया जाता है और उनके वित्तीय विवरणपत्रों को निम्नानुसार स्पष्ट किया जाता है :

11) TRANSACTIONS INVOLVING FOREIGN EXCHANGE:

2010 में पीटी बैंक ऑफ़ इंडिया इंडोनेशिया टीबीके ने नई लेखांकन नीति पीएसएके 50 तथा 55 के कार्यान्वयन को आरम्भ किया जो अन्तर्राष्ट्रीय लेखांकन मानक आईएएस 32 तथा 39 के समान है जिसके अनुसार वित्तीय आस्तियों को उचित मूल्य पर प्रस्तुत किया जाना अनिवार्य है। पीएसएके 50 तथा 55 के कार्यान्वयन के दौरान बैंक इण्डोनेशिया ने दिशा-निर्देश जारी किया है कि यदि ट्रांजिशन अवधि के दौरान अर्थात् 2011 तक बैंक पूर्व कि हानि के डाटा रखरखाव नहीं करता है तो वह उपर्युक्त वर्णितानुसार ह्रासित वित्तीय आस्ति की गणना कर सकता है। पीएसएके परिकलन को बैंक की कोर बैंकिंग में शामिल करने की प्रक्रिया में है जो प्रौद्योगिकी उन्नतिकरण के हमारे कारोबारी योजना के अनुरूप है।

मात्रात्मक दृष्टिकोण द्वारा समीक्षित बकाया ऋण और अग्रिम निम्नानुसार वर्गीकृत किए जाना चाहिए :

गत देय दिनों की संख्या	वर्गीकरण	प्रावधानीकरण
90-120	अवमानक	15%
120-180	संदिग्ध	50%
180 और ज्यादा	हानि	100%

3.0 बैंक ऑफ़ इंडिया (न्यूज़ीलैंड), बैंक ऑफ़ इंडिया (तंजानिया) लि. एवं बैंक ऑफ़ इंडिया युगांडा

ऋण जोखिम बैंक के लिए वित्तीय हानि का जोखिम हो जाता है जब कोई ग्राहक या किसी वित्तीय लिखत का प्रतिपक्षी अपने संविदागत दायित्वों की पूर्ति नहीं कर पाता है और वह प्रमुख रूप से ग्राहकों एवं अन्य बैंकों को बैंक द्वारा प्रदत्त ऋणों एवं अग्रिमों तथा नामे प्रतिभूतियों में निवेश के कारण होता है।

निदेशक मंडल ने अपनी ऋण समिति को ऋण जोखिम की चूक के लिए जिम्मेदारी प्रत्यायोजित की है। ऋण समिति को रिपोर्ट करने वाला ऋण विभाग बैंक के ऋण जोखिम के प्रबंधन के लिए जिम्मेदार है, इसमें निम्नलिखित शामिल है:-

- ➢ संपार्श्विक आवश्यकताओं को कवर करते हुए ऋण नीतियों का प्रतिपादन, ऋण निर्धारण, जोखिम ग्रेडिंग तथा रिपोर्टिंग, प्रलेखी तथा विधिक प्रक्रियाएं, विनियामक तथा सांविधिक आवश्यकताओं का अनुपालन।
- ➢ ऋण सुविधाओं के अनुमोदन और नवीनीकरण के लिए प्राधिकृत करने का ढाँचा स्थापित करना। बोर्ड द्वारा यथा अनुमोदित ऋण नीति द्वारा ऋण सीमाएँ शामिल होती हैं।
- ➢ ऋण जोखिम की समीक्षा एवं अभिनिर्धारण।
- ➢ प्रतिपक्षकारों के ऋण जोखिम का संकेन्द्रण, भौगोलिक एवं औद्योगिक (ऋणों एवं अग्रिमों के लिए) सीमित करना।

3.1 गत देय एवं अनर्जक की परिभाषा (लेखांकन उद्देश्य के लिए)

ओवरड्राफ्ट एवं अन्य ऋण सुविधा बिना विशिष्ट नियत तारीखों के गत देय माने जाएंगे यदि

- ➢ ग्राहक का उधार सीमा से अधिक हो जाए।
- ➢ ग्राहक की उधार सीमा समाप्त हो जाए।
- ➢ गणना किए गए ब्याज और अवधि के लिए नियत ब्याज को पूरा करने के लिए जमाराशियों का अपर्याप्त होना।
- ➢ बिल अनादृत कर दिए गए हों।
- ➢ बिल या खाते का भुगतान नियत तारीख पर न किया गया हो।
- ➢ ऋण जिनकी चुकौती किस्तों में की जानी होती है, समूचे रूप से गतदेय माने जाते हैं, यदि कोई भी किस्त जो देय हो चुकी है और तीस दिन या ज्यादा अवधि के लिए भुगतान नहीं की गई हो।

4.0 बैंक ऑफ़ इंडिया (न्यूज़ीलैंड) लि. :

बकाया ऋण और अग्रिमों की समीक्षा मात्रात्मक दृष्टिकोण द्वारा करके निम्नानुसार वर्गीकृत की जानी चाहिए:

गत देय दिनों की संख्या	वर्गीकरण	प्रावधानीकरण
0-29	स्तर - 1	एनज़ेड आईएफ़आरएस दिशानिर्देशों के अनुसार
30-89	स्तर - 2	एनज़ेड आईएफ़आरएस दिशानिर्देशों के अनुसार
90 दिन और अधिक	स्तर - 3 (ह्रासित आस्तियां)	एनज़ेड आईएफ़आरएस दिशानिर्देशों के अनुसार

5.0 बैंक ऑफ़ इंडिया(तंजानिया) लि.

बकाया ऋण और अग्रिमों की समीक्षा मात्रात्मक दृष्टिकोण द्वारा कर निम्नानुसार वर्गीकृत की जानी चाहिए:

गत देय दिनों की संख्या	वर्गीकरण	प्रावधानीकरण
30-90	विशेष उल्लेखनीय	3%
91-180	अवमानक	20%
181-360	संदिग्ध	50%
361 और अधिक	हानि	100%

6.0 बैंक ऑफ़ इंडिया युगांडा -

बकाया ऋण और अग्रिमों की समीक्षा मात्रात्मक दृष्टिकोण द्वारा कर निम्नानुसार वर्गीकृत की जानी चाहिए:

गत देय दिनों की संख्या	वर्गीकरण	प्रावधानीकरण
91-179	अवमानक	20%
180-365	संदिग्ध	50%
365 और अधिक	हानि	100%

ख) बैंक के ऋण जोखिम प्रबंधन नीति पर चर्चा :

क. बैंक ऑफ़ इंडिया :

- ➢ किसी बैंक के पोर्टफोलियों में, किसी ग्राहक अथवा प्रतिपक्ष का उधार, व्यापार समझौता और अन्य वित्तीय लेन-देन की प्रतिबद्धता को पूर्ण करने की अक्षमता या अनिच्छा से अथवा ऋण नीति में वास्तविक या संभावित ह्रास से पोर्टफोलियों के बढ़ते मूल्य की एकमुश्त चूक से हानि उत्पन्न होती है।
- ➢ इन कमियों के विरुद्ध बैंक के दीर्घावधि वित्तीय स्वास्थ्य के लिए एक दृढ़ जोखिम प्रबंधन फ्रेमवर्क की आवश्यकता है। ऋण जोखिम प्रबंधन में पहचान, मापन, निगरानी तथा ऋण जोखिम नियंत्रण सम्मिलित है।
- ➢ ऋण जोखिम प्रबंधन नीति में सामान्य स्तर पर बैंक ने विभिन्न प्रकार के ऋण जोखिम की पहचान की है। उत्पाद/प्रक्रियाओं के स्तर पर अधिक सूक्ष्मता से पहचान होती है। नए उत्पादों/प्रक्रियाओं को आरम्भ करने से पहले विभिन्न जोखिमों का आकलन किया जाता है, जिसे जोखिम दृष्टिकोण से जोखिम रहित किया जाता है।

- ऋण जोखिम प्रबंधन फ्रेमवर्क में तीन विशिष्ट खण्डों को इसकी नीति में समाहित किया गया है जो है- नीति एवं कार्यनीति, संस्थागत ढ़ांचा और परिचालन/प्रणाली।

i) नीति और कार्यनीति:

बैंक संतुलित जोखिम दर्शन को अपनाता रहा है, जिससे कठिन समय में भी बैंक अपने संतुलन को बनाए रख पाया। यद्यपि नए तथा अनछुए क्षेत्रों के संबंध में बैंक की एक खुली नीति रही है तथा नए अवसरों को बैंक ने हमेशा पहचाना है। इस दर्शन के महत्वपूर्ण पक्षों को परिपत्रों में दर्शाया गया है तथा समय-समय पर अनुदेश पुस्तिका रूप में संहिताबद्ध किया गया है।

लाभप्रदता, सामना किए जाने वाले विभिन्न जोखिमों के स्तर, पूँजी स्तर, बाजार परिदृश्य तथा प्रतियोगिता को दृष्टिगत रखते हुए बैंक के कारोबारी उद्देश्यों और कार्यनीतियों का निर्णय लिया जाता है। बैंक की सोच हमेशा आस्ति गुणवत्ता तथा अर्जन पर रहती है अतएव वह विवेकपूर्ण ढ़ंग से जोखिम नियंत्रण सहित लाभप्रदता को अधिक करने का प्रयास करता है।

ऋण जोखिम प्रबंधन नीति तथा सार्थक ऋण जोखिम संबंधी नीति जैसे ऋण नीति तथा ऋण अनुप्रवर्तन नीति का अनुमोदन तथा आवधिक तौर पर समीक्षा, निदेशक मंडल द्वारा की जाती है। ऋण नीति विभिन्न क्षेत्रों का ध्यान रखती जैसे ग्राहक, विपणन, उधार के क्षेत्रवार अभिगम, ऋण सुपुर्दगी, ऋण पर जोर, ऋण अवधि, ऋण अर्जन, जोखिम श्रेणी निर्धारण (जोखिम स्वीकार मानदंड सहित), कीमत निर्धारण, ऋण मूल्यांकन, सीमाओं का निर्धारण, ऋण जोखिम मानदंड, उद्योग मानदंड, संपार्श्विक और मार्जिन, रिश्तों की समीक्षा, प्रत्यायोजन की परिपाटी, सांविधिक तथा अन्य नियंत्रण तथा प्रलेखीकरण। अंतर्राष्ट्रीय परिचालनों हेतु ऋण नीति है और प्रत्येक केन्द्र की अपनी क्रेडिट नीति है जो मुख्य नीति से मेल खाती है। ऋण मामले में शक्तियों के प्रत्यायोजन के लिए एक अलग नीति है। इसके अतिरिक्त ऋण जोखिम की पहचान तथा निगरानी ऋण अनुप्रवर्तन नीति के अंतर्गत की जाती है। पुनर्गठन नीति, बट्टे खाते में डालने की नीति तथा वसूली नीति, आस्ति वर्गीकरण तथा प्रावधानीकरण नीति, बैंक एक्सपोजर नीति, देश जोखिम नीति तथा ऋण लेखापरीक्षा नीति भी है। निवेश समिति द्वारा अनुमोदन के बाद तथा निवेश नीति में दिए गए नीतिगत दिशानिर्देशों के अनुसार निवेश अनुबंधित होता है।

ii) संस्थागत ढांचा:

ऋण जोखिम प्रबंधन कार्य हेतु बैंक के संस्थागत ढांचे में शीर्ष स्तर पर निदेशक मंडल है जो जोखिम प्रबंधन पर व्यापक पर्यवेक्षण रखता है। बोर्ड की जोखिम प्रबंधन समिति (आर. कॉम) जो कि बोर्ड की उप-समिति है तथा जिसके अध्यक्ष बैंक के अध्यक्ष और इसके सदस्य के रूप में ऋण, मार्केटिंग और परिचालनात्मक जोखिम प्रबंधन समिति के प्रमुख हैं जो ऋण जोखिम सहित समेकित जोखिम प्रबंधन की नीति और कार्यनीति निर्धारित करते हैं। परिचालनात्मक स्तर पर ऋण जोखिम प्रबंधन समिति (सीआरएमसी) ऋण जोखिम का दायित्व संभालते हैं। इसके मुख्य कार्यों में बोर्ड द्वारा अनुमोदित ऋण जोखिम प्रबंधन नीति का कार्यान्वयन, बृहत आधार पर बैंक के ऋण जोखिम की निगरानी, ऋण प्रत्यायोजन, बृहत ऋण जोखिम पर विवेकपूर्ण सीमा, पोर्टफोलियो प्रबंधन आदि सहित ऋण मामलों से संबंधित सभी नीतियों का बोर्ड से अनुमोदन हेतु अनुशंसा करना है।

जोखिम प्रबंधन विभाग के महाप्रबंधक पद के मुख्य जोखिम अधिकारी के देखरेख में कार्यरत है जो जोखिम प्रबंधन पर बोर्ड द्वारा निर्धारत सीमाओं के अंदर व्यापक रूप से ऋण जोखिम का मापन, नियंत्रण तथा प्रबंधन करते हैं तथा बोर्ड/आर.कॉम/सीआरएमसी द्वारा तय जोखिम मानदंडों के साथ अनुपालन सुनिश्चित करते हैं। महाप्रबंधक के अंतर्गत कार्यरत ऋण निगरानी विभाग ऋण पोर्टफोलियो का अनुप्रवर्तन करते हैं, समस्याओं की पहचान करते है तथा कमियों को दूर करने के उपाय करते हैं। ऋण लेखापरीक्षा कार्यों में ऋण समीक्षा/ऋण लेखापरीक्षा का समावेश है।

iii) परिचालन/प्रणाली/प्रक्रियाएं

बैंक ऋण प्रदान करने के लिए निरंतर एक मानक, तुलन पत्र में शामिल न होनेवाली मदों सहित सभी ऋण जोखिमों का अनुरक्षण तथा प्रलेखीकरण, आवधिक व्यक्तिगत बाध्यताधारी समीक्षा, आवधिक निरीक्षण तथा संपार्श्विक प्रबंधन प्रणाली जैसी स्वत: पहल कर ऋण जोखिम प्रबंधन करता है।

ऋण जोखिम सीमा में उद्योग द्वारा बाध्यताधारी सीमा व संकेन्द्रण सीमा, ग्राहकों के वित्तीय कार्यनिष्पादन हेतु प्रणाली व प्रक्रिया हेतु निगरानी तथा सीमा में बकाया नियंत्रण सम्मिलित है। ऋण विस्तार हेतु जांच तथा अधिशेष है यथा ऋण स्वीकृति से ऋण जोखिम प्रबंधन को अलग करना, सीआरएमसी द्वारा जोखिम दृष्टिकोण से नए उत्पादों तथा प्रणाली का पुनरीक्षण, बहु ऋण अनुमोदक, जोखिम निर्धारण करने की प्रणाली, ग्राहक के जोखिम ग्रेडिंग पर आधारित कीमत सुविधाओं की प्रणाली, जोखिम दृष्टिकोण से ऋण प्रस्तावों के पुनरीक्षण हेतु ऋण जोखिम मूल्यांकन समिति, ऋण प्रक्रिया लेखापरीक्षा, स्वीकृति पूर्व संवितरण पूर्व समीक्षा तथा स्वीकृति पूर्व समीक्षा प्रणाली तथा स्वतंत्र लेखापरीक्षा व जोखिम समीक्षा कार्य निवेशों हेतु प्रस्ताव ऋण जोखिम विश्लेषण, विस्तृत मूल्यांकन तथा क्रम निर्धारण के अध्यधीन है। प्रवेश स्तर के मामले में, न्यूनतम क्रमनिर्धारण/गुणवत्ता मानक, उद्योग, परिपक्वता, अवधि, निर्गम अनुसार मामले निवेशों हेतु विनिर्धारित किए गए हैं जिससे कि तरलता के जोखिम तथा संकेन्द्रण के विपरीत प्रभाव को कम कर सकता है। किसी ग्राहक को एक्सपोजर की गणना करते समय निवेश एक्सपोजर पर ध्यान दिया जाता है। अन्य बैंकों पर सकल जोखिम पर केन्द्रीयकृत परिदृश्य प्रदान करने हेतु एक उचित फ्रेमवर्क तथा अर्धवार्षिक समीक्षा की गई है। देश के जोखिम का अनुप्रवर्तन अर्धवार्षिक आधार पर होता है।

जोखिम आस्तियों के विविधतापूर्ण पोर्टफोलियो का अनुरक्षण किया जाता है तथा पोर्टफोलियो के नियमित विश्लेषण करने की एक प्रणाली है जिससे कि जोखिम संकेन्द्रण के जोखिम नियंत्रण को सुनिश्चित किया जा सके। अनर्जक अग्रिमों के संबंध में एक संतुलित नीति प्रक्रियागत है। ऋण जोखिम प्रबंधन प्रणाली के आरम्भ सहित प्रबंधन सूचना प्रणाली (एमआईएस) को उन्नतिशील किया गया है जिससे कि बैंक की क्षमताएं बढ़ेगी तथा तुलन पत्र में न आने वाली या आने वाली सभी गतिविधियों के ऋण जोखिम का बैंक प्रबंधन करेगा।

iv) ऋण जोखिम प्रबंधन/न्यूनीकरण हेतु निम्नलिखित साधनों का उपयोग किया जाता है -

- **ऋण अनुमोदित करने संबंधी प्राधिकार अधिकारों का प्रत्यायोजन :**

बैंक में बहु स्तरीय जोखिम आधारित अनुमोदित प्रणाली वाली सुस्पष्ट प्रत्यायोजन अधिकार की योजना है जिसकी आवधिक समीक्षा की जाती है और कारोबार के वातावरण की अनिवार्यता को पूरा करने के लिए जब एवं जैसा आवश्यक होता है, उसे संशोधित किया जाता है।

अधिकारियों का प्रत्यायोजन उधारकर्ताओं के रेटिंग के साथ लिंक की हुई है

जहां बेहतर रेट वाले ग्राहकों को उच्चतर सीमा की मंजूरी देने का अधिकार है। वर्तमान में सभी ऋण प्रस्तावों पर जो महाप्रबंधक और उससे उच्चतर प्राधिकारी को प्रत्यायोजित प्राधिकारमें आते हैं। "ऋण जोखिम मूल्यांकन समिति (सीआरईसी)" के माध्यम से कार्रवाई की जाती है जिससे ऋण प्रस्तावों में जोखिमों को स्वतंत्र एवं परोक्ष रूप से मूल्यांकन समझा जा सके। जोखिम प्रबंधन विभाग के महाप्रबंधक जिसे कोई मात्रात्मक या लाभ का लक्ष्य नहीं है सीआरईसी का अनिवार्य सदस्य होता है।

वित्त मंत्रालय के दिशानिर्देशों के अनुसार विभिन्न प्रशासनिक स्तरों पर प्रत्यायोजित अधिकारों के प्रयोग हेतु स्वीकृति के अधिकारी सहित गठित की गई हैं। प्रधान कार्यालय स्तर पर फील्ड में कार्यरत अधिकारियों को प्रत्यायोजित अधिकारों से परे प्रस्तावों पर कार्रवाई करने के लिए तीन ऋण समितियाँ (जीएमएलसीसी, ईडीएलसीसी एवं सीएसी) कार्यरत हैं। आंचलिक कार्यालय/ एनबीजी कार्यालय में उनके अधिकारों में आनेवाले ऋण प्रस्तावों पर विचार करने के लिए इसी प्रकार ऋण समितियाँ (एसजेडएलसीसी/ जेडएलसीसी/एनबीजीएलसीसी) का गठित की गई है।

➢ **विवेकपूर्ण सीमाएँ**

विभिन्न प्रकार के उधारकर्ताओं के लिए ऋण/निवेश के विविध पहलुओं जैसे एकल/समूह उधारकर्ता सीमाओं के संबंध में उपयुक्त विवेकपूर्ण सीमाएँ हैं।

➢ **जोखिम श्रेणी निर्धारण/मूल्य निर्धारण**

काउन्टर पार्टी के विभिन्न जोखिम घटकों के लिए एकल बिन्दु इन्डीकेटर तथा क्रेडिट तथा मूल्य निर्धारण में सहायता हेतु बैंक ने विभिन्न खण्डों में श्रेणी निर्धारण माडल आरंभ किया है।

➢ **ऋण लेखा परीक्षा/ऋण समीक्षा व्यवस्था (एलआरएम)**

ऋण लेखा परीक्षा/ऋण समीक्षा व्यवस्था ऋण बही की गुणवत्ता के लगातार मूल्यांकन करने और ऋण प्रबंध में गुणात्मक सुधार लाने हेतु एक प्रभावी साधन है।

v. विश्लेषण के माध्यम से संविभाग प्रबंधन

विभिन्न ऋण पोर्टफोलियों एवं निवेशों की समग्र संरचना और गुणवत्ता की निगरानी के लिए एक उपयुक्त प्रणाली होना भी महत्वपूर्ण है। इस उद्देश्य से शुरुआत के लिए बैंक ने एक सरल पोर्टफोलियों निगरानी फ्रेमवर्क प्रारंभ किया है। आगे चलकर बैंक और अधिक परिष्कृत पोर्टफोलियों प्रबंधन मॉडल तैयार करेगा। रु 10 लाख और इससे अधिक वाले खातों में रेटिंग माइग्रेशन छ:माही किया जा रहा है और बोर्ड को प्रस्तुत किए जाते हैं। क्रेडिट रिस्क मैनेजमेंट साफ्टवेयर (सीआरएमएस) चरणबद्ध रूप से कार्यान्वित किया जा रहा है। बैंक एडवांस एप्रोच को स्वीकार करने के लिए तैयार हो रहा है।

vi. जोखिम मापांकन

वर्तमान में ऋण जोखिम का निर्धारण जोखिम श्रेणी निर्धारण व्यक्तिश: स्तर पर करने और पोर्टफोलियो स्तर पर आस्तियों के भारांक एवं जोखिम भारांको के आधार पर रखी गई पूँजी के माध्यम से किया जाता है। 31 मार्च 2008 से प्रभावी नवीन पूँजी पर्याप्तता फ्रेमवर्क (बासेल छ) के अन्तर्गत बैंक ने मानक दृष्टिकोण को अपना लिया है।

vii. जोखिम रिपोर्टिंग प्रणाली

सभी ऋण संबंधी नीतियाँ अनुमोदन के लिए उचित प्राधिकारी के समक्ष प्रस्तुत करने से पहले सीआरएमसी (जो ऋण जोखिम के लिए परिचालन स्तर की समिति है) द्वारा अनुमत की जाती है। उचित निगरानी करने के लिए विभिन्न ऋण संबंधी सूचनाएँ सीआरएमसी को प्रस्तुत की जाती है।

viii. जोखिम समीक्षा

लेखापरीक्षा-ऋण जोखिम प्रबंधन प्रणाली एवं साधन भी प्रभावशीलता सुनिश्चित करने के लिए आंतरिक लेखा परीक्षा के अध्यधीन हैं।

ix. विशेषकर उल्लिखित खाते/एनपीए खातों के अनुवर्तन हेतु उपाय

एनपीए की निगरानी/निवारण हेतु सामान्यत: बैंक में उपलब्ध विभिन्न उपाय नीचे सूचीबद्ध किए गए है :-

I. एनपीए होने से पहले खाता डविशेष रूप से उल्लिखित खाता (एसएमए);

क. आस्ति गुणवत्ता बनाए रखने के लिए स्वीकृत अवधि के अनुपालन हेतु सघन निगरानी।

ख. जहाँ भी अनियमितताएँ पाई गई है वहां तत्परता से अनुस्मारकों का भेजा जाना।

ग. एनपीए प्रवर्ग में खाते का न जाना सुनिश्चित करने हेतु तुरंत अतिदेयों की वसूली करना।

घ. वित्तीय डाटा के विश्लेषण के साथ इकाई का आवधिक निरीक्षण एवं आस्ति प्रभार।

ङ. खातों को एनपीए होने से पहले प्राप्य राशियों को पुनर्संरचित करना, अधिस्थगन अवधि, ब्याज निधि एवं किश्तों के आस्थगन की वृद्धि सहित सुधारात्मक कार्रवाई।

II. एनपीए होने के बाद खाता:-

क. बकाया को कम करने हेतु अर्थ सुलभ प्रतिभूतियों (टीडीआर, शेयर, मार्जिन राशि आदि) एवं गिरवी वस्तुओं का विनियोजन

ख. उधारकर्ताओं के सहयोग से अन्य प्रतिभूतियों का निपटान

ग. समझौता वार्ता के माध्यम से प्राप्य राशियों का समझौता निपटान

घ. अग्रिम को रीकॉल करना

ङ. अदालत में मुकदमा दाखिल - डिक्री निष्पादन

च. अंत में, प्राप्य राशियों की वसूली हेतु सभी उपाय करने के पश्चात्,खाता को नियत शेष के बट्टे खाते में डाला जाता हैं ।

ख. पीटी बैंक ऑफ़ इंडिया इंडोनेशिया टीबीके (अनुषंगी)

पीटी बैंक ऑफ़ इंडिया इंडोनेशिया टीबीके (अनुषंगी) ने संपूर्ण जोखिम प्रबंधन को स्वीकृत लक्षित, समन्वित और सतत बनाने की आशा से जोखिम जोखिम प्रबंधन समिति (आरएमसी) तथा जोखिम प्रबंधनइकाई (आरएमयू) स्थापित की है जो परिचालन इकाई और आंतरिक लेखा परीक्षा इकाई ("आंतरिक लेखापरीक्षा") से स्वतंत्र है। इसके अतिरिक्त आरएमसी और आरएमयू के कार्यों के कार्यान्वयन के प्रभाव की निगरानी के लिए बैंक ने जोखिम निगरानी समिति बनाई है जो सीधे बोर्ड ऑफ कमीशनर्स को उत्तरदायी है।

बैंक ऑफ इंडोनेशिया के अनुसार बैंक ने 8 (आठ) प्रकार के जोखिमों को

संभाला है। ऋण जोखिम, चलनिधि जोखिम, बाजार जोखिम, परिचालन जोखिम, अनुपालन जोखिम, विधि जोखिम, जोखिम के साथ संभाव्य जोखिम वाली गतिविधियाँ जो बैंक की कारोबार निरन्तरता को खंडित करती है । जोखिम प्रकार का आकलन किसी भी कार्यात्मक गतिविधि (निहित जोखिम) और जोखिम नियंत्रण प्रणाली में निहित जोखिमों का संयोजन है।

बैंक नए ऋणों का अनुमोदन करने में चयनात्मक है और नियामक द्वारा आवश्यक ऋण के प्रावधान से अधिक बनाए रखता है। संपार्श्विक आधारित उधार में, संपार्श्विक के मूल्य पर हेयरकट लगाई जाती है। बैंक को जोखिम अधिकारी निदेशक अनुपालन को रिपोर्ट करता है। ज़ोखिम प्रबंधन इकाई (आरएमयू) ऋण अनुमोदन प्रक्रिया की देखभाल/निगरानी रखते हैं।

ग. बैंक ऑफ़ इंडिया (तंजानिया) लि. एवं बैंक ऑफ़ इंडिया (न्यूज़ीलैंड) लि. (अनुषंगी) तथा बैंक ऑफ इंडिया (युगांडा) लि.

मासिक आधार पर ब्याज लगाया जाना, मानक आस्तियों में संभाव्य ऋण चूक या व्यतिक्रम से निपटने का एक उपयोगी साधन बन गया है। आस्ति की गुणवत्ता बनाए रखने हेतु बैंक ने निम्नलिखित नीति अपनाई है जिस पर शाखाओं को तुरंत अमल करना चाहिए और :-

- उधारकर्ता के साथ सक्रिय अनुवर्ती कार्रवाई के माध्यम से अतिदेय या कम से कम संकटपूर्ण राशि को वसूल करना।
- अस्थायी बेमेल रोकड़ प्रवाह के मामलों में खातों में परिचालन को बनाए रखना।
- अपेक्षित नकदी प्रवाह के अनुसार चुकौती मीयाद को पुनर्निर्धारित करना।
- पुनर्रचना नीति में दिए गए दिशानिर्देशों के अनुसार नकदी प्रवाह में यदि कोई अंतर हो तो अपेक्षित नकदी प्रवाह को दृष्टिगत रखते हुए देय राशि की पुनर्रचना की जाए।

एनपीए होने से पहले खातों में बैंक द्वारा उपरोक्त में एक या अधिक कार्रवाई की गई है।

ii. मात्रात्मक प्रकटन

ए. कुल सकल ऋण जोखिम निम्नानुसार

प्रवर्ग	राशि मिलियन रुपयों में
निधि आधारित	44,88,050.00
गैर-निधि आधारित *	4,76,210.00
कुल	**49,64,260.00**

* क्रेडिट छोड़कर डेरिवैटिव के समतुल्य

बी. जोखिम का भौगोलिक वितरण:

(रु. मिलियन में)

	स्वदेशी	विदेशी	वैश्विक
निधि आधारित	39,65,990	5,22,060	44,88,050.00
गैर-निधि आधारित	3,99,980	76,230	4,76,210.00

सी. उद्योगवार जोखिम का वितरण (निधि आधारित और गैर- निधि आधारित) निम्नलिखित है :

(रु. मिलियन में)

उद्योग का नाम	निधि आधारित (बकाया राशि) राशि मिलियन में	गैर निधि आधारित (बकाया राशि) राशि मिलियन में
कोयला	1,002.58	0.00
खदान	11,605.00	590.76
लौह एवं इस्पात	1,09,103.37	828.26
अन्य धातु एवं धातु उत्पाद	24,853.95	8,560.82
सभी इंजीनियरिंग	16,474.76	3,578.12
जिसमें से इलेक्ट्रॉनिक्स	2,104.46	464.51
विद्युत	3,57,687.74	50,317.05
सूती वस्त्र उद्योग	27,946.57	427.73
जूट वस्त्र उद्योग	1,114.46	2.40
अन्य वस्त्र उद्योग	39,527.02	2,919.78
खाद्य प्रसंस्करण	44,394.70	3,458.11
जिसमें वनस्पति तेल	3,410.69	553.68
जिसमें चीनी	21,608.76	324.17
जिसमें अन्य खाद्य प्रसंस्करण	18,936.52	2,571.31
जिसमें चाय	56.74	13.98
तंबाकू एवं तंबाकू उत्पाद	2,547.61	31.68
पेपर एवं पेपर उत्पाद	10,397.47	492.38
रबर एवं रबर उत्पाद	16,416.35	2,347.43
केमिकल, डाई, पेंट्स आदि	39,414.97	7,183.58
जिसमें से फर्टिलाइजर्स	16,932.37	187.82
जिसमें से पेट्रोकेमिकल्स	5,893.50	1,589.79
जिसमें से ड्रग्ज और फार्मास्युटिकल्स	9,032.84	4,457.64
जिसमें अन्य		
सीमेंट	14,383.88	225.03
चर्म एवं चर्म उत्पाद	3,794.80	152.91
रत्न एवं आभूषण	54,950.44	117.35
निर्माण	43,815.87	25,810.86
पेट्रोलियम	16,785.09	2,430.01
ऑटोमोबाइल्स, ट्रक सहित	22,542.52	1,304.33
कम्प्यूटर सॉफ्टवेयर	0.00	0.00

उद्योग का नाम	निधि आधारित (बकाया राशि) राशि मिलियन में	गैर निधि आधारित (बकाया राशि) राशि मिलियन में
आधारभूत संरचनाड	5,37,064.13	87,503.14
जिसमें से पॉवर	3,58,005.12	50,317.05
जिसमें से दूरसंचार	1,421.12	32.52
जिसमें से सड़के और पत्तन	1,33,605.18	25,903.19
अन्य उद्योग	44,777.92	11,250.38
शेष अन्य अग्रिम(सकल अग्रिमों सहित तुलन के लिए)	30,92,226.72	2,77,928.27
कुल	**44,88,050.00**	**4,76,210.00**
➢ बुनियादी संरचना क्षेत्र के 10.96% के दर से एक्सपोज़र कुल निधि आधारित अग्रिमों के 5% से अधिक है		
➢ बुनियादी संरचना क्षेत्र के 15.10% के दर से एक्सपोज़र कुल गैर-निधि आधारित बकाया के 5% से अधिक है		

डी. आस्तियों का शेष संविदात्मक परिपक्वता विश्लेषण निम्नलिखित है:

(रु. मिलियन में)

	अग्रिम	निवेश (सकल)	विदेशी मुद्रा आस्तियाँ
पहला दिन	1,63,126.90	4,60,277.15	4,148.60
2 से 7 दिन	68,087.56	48,062.37	2,37,829.25
8 से 14 दिन	70,746.33	28,198.72	29,472.98
15 से 30 दिन	66,586.85	30,009.87	15,589.23
31 दिन और 2 माह तक	77,299.22	34,660.53	1,14,811.00
>2 माह और 3 माह तक	84,689.80	47,299.94	1,14,833.15
>3 माह और 6 माह तक	1,22,157.18	71,331.48	1,17,684.34
6 माह से अधिक और 1 वर्ष तक	1,89,501.65	64,904.59	38,883.87
1 वर्ष से अधिक और 3 वर्ष तक	15,23,676.99	3,22,677.53	2,193.30
3 वर्ष से अधिक और 5 वर्ष तक	2,85,641.86	1,97,286.80	-
5 वर्ष से अधिक	8,34,737.69	6,22,818.44	-
कुल	**34,86,252.02**	**19,27,527.43**	**6,75,445.73**

ई. सकल एनपीए इस प्रकार हैं-

(रु. मिलियन में)

प्रवर्ग	
अवमानक	65,154.31
संदिग्ध - 1	51,312.05
संदिग्ध - 2	1,20,615.71
संदिग्ध - 3	1,13,163.16
हानि	2,15,643.58
कुल	**5,65,888.81**

एफ. निवल एनपीए की राशि रू. 1,22,879.45 मिलियन है।

जी. एनपीए अनुपात निम्नानुसार है :

➢ सकल अग्रिमों पर सकल एनपीए : **13.77%**

➢ निवल अग्रिमों पर निवल एनपीए : **3.35%**

एच. सकल एनपीए का उतार चढ़ाव निम्नप्रकार है :

(रु. मिलियन में)

i)	वर्ष के प्रारंभ में अथ शेष	6,16,180.02
ii)	वर्ष के दौरान किया गया परिवर्धन	85,646.28
iii)	वर्ष के दौरान की गई कटौती	1,35,937.49
iV)	वर्षान्त मे इतिशेष (i+ii-iii)	**5,65,888.81**

आई. एनपीए हेतु प्रावधानों का उतार चढ़ाव निम्नानुसार है :

(रु. मिलियन में)

i)	वर्ष के प्रारंभ में प्रारंभिक शेष (फ्लोटिंग प्रावधान को छोड़कर)	4,51,121.81
ii)	वर्ष के दौरान किये गए प्रावधान	24,466.46
iii)	अतिरिक्त प्रावधानों का पुनरांकन/बट्टे खाते में डालना	54,575.41
iv)	वर्षान्त मे इतिशेष (i+ii-iii)	**4,21,012.86**

जे. अनर्जक आस्ति निवेश की राशि रु. 25,200.42 मिलियन है।

के. अनर्जक आस्ति निवेश हेतु किए गए प्रावधान की राशि रु. 20,002.28 मिलियन है।

एल. निवेशों पर मूल्यह्रास हेतु प्रावधानों का उतार चढ़ाव निम्न प्रकार है :

(रु. मिलियन में)

i)	वर्ष के प्रारंभ में अथ शेष	35,720.93
ii)	वर्ष के दौरान किये गए प्रावधान	10,717.03
iii)	अतिरिक्त प्रावधानों का पुनरांकन/बट्टे खाते में डालना	1,858.56
iv)	विनियम अंतरण	-
v)	वर्षान्त में इतिशेष (i+ii-iii+iv)	44,579.40

एम. बैंक ऑफ़ इंडिया के लिए प्रमुख उद्योग या प्रतिपक्ष प्रकार द्वारा किया गया प्रावधान एवं एन.पी.ए :

(रु. मिलियन में)

उद्योग का नाम	एनपीए	प्रावधान
कोयला	353.84	351.32
खदान	857.37	426.36
लौह एवं इस्पात	7,275.74	5,691.88
अन्य धातु एवं धातु उत्पाद	8,812.30	7,180.20
सभी इंजीनियरिंग	5,308.12	4,502.69
जिसमें से इलेक्ट्रॉनिक्स	901.52	726.41
विद्युत	35,161.75	37,483.78
सूती वस्त्र उद्योग	11,356.42	9,084.18
जूट वस्त्र उद्योग	625.87	533.78
अन्य वस्त्र उद्योग	12,638.75	9,282.21
खाद्य प्रसंस्करण	14,722.01	12,007.21
जिसमें वनस्पति तेल	2,526.65	1,238.55
जिसमें चीनी	2,968.08	2,117.25
जिसमें अन्य खाद्य प्रसंस्करण	9,227.28	8,651.41
जिसमें चाय	0.00	0.00
तंबाकू एवं तंबाकू उत्पाद	682.89	661.35
पेपर एवं पेपर उत्पाद	3,468.26	2,668.46
रबर एवं रबर उत्पाद	1,723.56	925.21
केमिकल, डाई, पेंट्स आदि	7,609.40	6,144.12
जिसमें से फर्टिलाइजर्स	2,345.31	2,313.06
जिसमें से पेट्रोकेमिकल्स	1,058.43	665.68
जिसमें से ड्रग्ज और फार्मास्युटिकल्स	1,638.89	1,064.53
जिसमें अन्य	2,566.77	2,100.85
सीमेंट	1,991.26	1,468.88
चर्म एवं चर्म उत्पाद	604.37	349.29
रत्न एवं आभूषण	10,980.18	9,261.06
निर्माण	13,320.87	6,743.17
पेट्रोलियम	942.86	565.14
ऑटोमोबाइल्स, ट्रक सहित	11,748.87	10,624.60
कम्प्यूटर सॉफ्टवेयर	0.00	0.00
आधारभूत संरचनाङ	78,429.11	59,556.00
जिसमें से पॉवर	35,161.75	27,483.77
जिसमें से दूरसंचार	956.91	635.56
जिसमें से सड़के और पत्तन	31,633.27	23,949.69
अन्य उद्योग	10,677.18	7,486.98
शेष अन्य अग्रिम(सकल अग्रिमों सहित तुलन के लिए)	3,36,373.49	2,34,775.56
कुल	**5,65,888.81**	**4,21,012.86**

एन. भूगोलवार एनपीए एवं प्रावधान (बैंक ऑफ़ इंडिया के लिए सोलो)

(रु. मिलियन में)

	घरेलू	विदेशी	कुल
सकल एनपीए	4,70,010.30	95,339.10	5,65,349.40
एनपीए हेतु प्रावधान	3,31,484.30	89,254.50	4,20,738.80

तालिका डीएफ-4

ऋण जोखिम : मानकीकृत दृष्टिकोण के अधीन संविभागों हेतु प्रकटीकरण

i. गुणात्मक प्रकटीकरण

क) मानकीकृत दृष्टिकोण के अंतर्गत संविभागों के लिए

- ➢ किसी भी परिवर्तन हेतु कारणों सहित, उपयोग की गई ऋण श्रेणी निर्धारण एजेन्सियों का नाम
- ➢ ऋण जोखिम के प्रकार जिसके लिए प्रत्येक एजेन्सी का उपयोग किया गया है; एवं
- ➢ बैंकिंग बही में लोक निर्गम श्रेणी निर्धारण का तुलनीय आस्तियों में अंतरण हेतु प्रयुक्त की गई प्रक्रिया का वर्णन।

1.0 बैंक ऑफ़ इंडिया:

क. बैंक ने सीआरएआर गणनाओं हेतु मानकीकृत दृष्टिकोण के अंतर्गत जोखिम भार के लिए निम्नलिखित ऋण श्रेणी निर्धारण एजेंसियों की सामान्य श्रेणी निर्धारण के उपयोग किए जाने हेतु अनुमोदन किया है। स्वदेशी दावों के लिए सीआरआईएसआईएल, आईसीआरए, इंडिया रेटिंग्स, ब्रीकवर्क, एसएमईआरए एवं सीएआरई तथा अनिवासी कार्पोरेट्स, विदेशी बैंको एवं विदेशी प्रभुसत्ता पर दावों के लिए एस एंड पी, फिच एवं मूडी। एसएमई श्रेणी निर्धारण का उपयोग नहीं किया जा रहा है, क्योंकि उन्हें भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा अनुमोदित नहीं किया गया है।

ख. इन सभी एजन्सियों के श्रेणी निर्धारण का उपयोग, बासेल-II के अंतर्गत सीआरएआर गणनाओं हेतु मानकीकृत दृष्टिकोणान्तर्गत, श्रेणीकरण के अधीन समस्त ऋण जोखिमों के जोखिम भार प्रयोजनार्थ किया जा रहा है।

ग. बैंकिंग बही में तुलनीय आस्तियों पर सार्वजनिक निर्गम श्रेणी निर्धारण अंतरण हेतु प्रयुक्त प्रक्रिया आरबीआई की नियामक आवश्यकताओं के अनुसार है। श्रेणी निर्धारक एजेन्सियों द्वारा उनकी वेबसाइट पर प्रकाशित की गई लोक श्रेणी निर्धारण इस प्रयोजनार्थ उपयोग की गई है। श्रेणी निर्धारण जो केवल संबद्ध श्रेणी निर्धारण एजेन्सी के मासिक बुलेटिन के अनुसार प्रभावी है एवं पूर्व 15 महीनों के दौरान कम से कम एक बार पुनरीक्षित की गई है, का उपयोग किया जाता है।

घ. विशेष दूसरे पक्ष पर समस्त ऋण जोखिमों के लिए बैंक द्वारा श्रेणी निर्धारण के लिए केवल एक ही एजेन्सी का प्रयोग किया जाता है, यद्यपि इस अपवाद सहित कि जहाँ केवल एक अनुमोदित श्रेणी निर्धारण एजेन्सी द्वारा ऋण जोखिमों का एक से अधिक बार श्रेणी निर्धारण किया जाता है।

ङ. जोखिम भार प्रयोजनार्थ पात्रता के लिए, यह सुनिश्चित किया जाता है कि, बाह्य ऋण निर्धारण पर विचार किया जाता है एवं बैंक द्वारा भुगतान की गई संपूर्ण ऋण राशि के संबंध में ऋण जोखिम को प्रतिबिंबित करें। एक ही पार्टी के दूसरे पक्ष को किसी अन्य ऋण जोखिम के लिए विशिष्ट श्रेणी निर्धारण एक निर्गमकर्ता या निर्गम को विस्तारित करते समय, यह ऋण जोखिम एक्सपोजर की संपूर्ण राशि के लिए विस्तारित की जाती है, अर्थात दोनों मूल राशि एवं ब्याज हेतु। एक कार्पोरेट समूह के अंतर्गत एक कंपनी के बाह्य निर्धारण का उपयोग जोखिम भार हेतु उसी समूह की अन्य कंपनियों के लिए नहीं होता है।

च. उन आस्तियों के लिए जिनकी संविदागत परिपक्वता एक वर्ष से कम या एक वर्ष के बराबर होती है, अल्पावधि श्रेणी निर्धारण का उपयोग किया जाता है, जबकि अन्य आस्तियों के लिए दीर्घावधि श्रेणी निर्धारण प्रयोग की जाती है। नकद उधार एक्सपोज़र के लिए दीर्घ अवधि श्रेणी निर्धारण ली जाती है।

छ. जहाँ एक जारीकर्ता की बाह्य दीर्घावधि श्रेणी निर्धारण सहित दीर्घावधि एक्सपोज़र है जो 150% जोखिम भारिता का समर्थन करता है, तथा उसी काउन्टरपार्टी के सभी अमूल्यांकित दावे चाहे वह अल्पावधि की हो अथवा दीर्घावधि की हो, भी 150% जोखिम भारिता वहन करती है, सिवाय उसके जहाँ ऋण जोखिम घटाव तकनीक इन दावों के लिए प्रयोग किया जाता है। अल्पावधि श्रेणी निर्धारण के मामले भी एकसमान होंगे ।

ज. दीर्घावधि एक्सपोज़र हेतु मानकीकृत दृष्टिकोण के अंतर्गत जोखिम भारिता का सीधा आकलन अनुमोदित रेटिंग एजेन्सियों द्वारा दीर्घावधि श्रेणी निर्धारण समनुदेशित किया जाता है। इसके विपरीत, प्रतिपक्ष का अमूल्यांकित अल्पावधि दावा उसके प्रतिपक्ष के मूल्यांकित अल्पावधि दावो पर लागू जोखिम भारिता से कम से कम एक स्तर ज्यादा जोखिम भारिता वहन करता है। बैंकों तथा निगमों के विरुद्ध मूल्यांकित सुविधा से उत्पन्न दावों हेतु जोखिम भारिता निर्गम विशिष्ट अल्पावधि मूल्यांकन जनित है जो अमूल्यांकित दीर्घावधि दावों हेतु जोखिम भारिता का समर्थन नहीं करता है।

झ. यदि योग्य ऋण निर्धारण एजेन्सियों द्वारा दो निर्धारण दिए जाते हैं जो विभिन्न ऋण भारिता दर्शा रहा है तो वहाँ उच्च जोखिम भारिता लागू होगा। यदि योग्य ऋण निर्धारण एजेंसियों द्वारा तीन या उससे अधिक मूल्यांकन विभिन्न जोखिम भारिता दर्शा रहे हैं तब दो न्यूनतम जोखिम भारिता का परवर्ती मूल्यांकन संदर्भित किया जाता है तथा उन दोनों जोखिम भारिताओं में से उच्च जोखिम भारिता लागू होती है यथा द्वितीय न्यूनतम जोखिम भारिता।

ञ. निवेश दावे का आरडब्ल्यू चयनित ऋण निर्धारण एजेन्सी द्वारा विशिष्ट श्रेणी निर्धारण पर आधारित होता है, जहाँ एक विशिष्ट निर्धारित निर्गम में दावा एक निवेश नहीं होता है:

ट. विशिष्ट उधार (जहाँ जोखिम भार में श्रेणी निर्धारण का आकलन, जो अमूल्यांकित दावे पर लागू से कम हो) पर लागू श्रेणी निर्धारण बैंक के केवल अनिर्धारित दावे पर लागू होती है। यदि यह दावा समरूप श्रेणी अथवा सभी दृष्टि से विशेष दर आधारित उधार से वरीय हो एवं जहाँ दर आधारित दावा लघु अवधि दायित्व होता है, को छोड़कर अनिर्धारित दावे की परिपक्वता, दर आधारित दावे की परिपक्वता के बाद न आती हो।

ठ. यदि निर्गमकर्ता अथवा एकल निर्गम की श्रेणी निर्धारित की गई हो, जो गैर निर्धारित दावों पर लागू की जाती है, के जोखिम भार के बराबर हो अथवा उच्चतर हो, वही दूसरे पक्ष पर गैर निर्धारित दावे, वही जोखिम भार का निर्धारण किया जाता है, जैसा कि दर आधारित एक्सपोज़र में लागू होता है, यदि सभी दृष्टि से यह दावा दर आधारित ऋण जोखिम से समरूप या कनिष्ठ श्रेणी का हो।

2.0 पीटी बैंक ऑफ़ इंडिया इंडोनेशिया टीबीके (अनुषंगी)

देश में मौजूदा मानदंडो के अनुसार कोई भी बाह्य क्रेडिट रेटिंग एजेंसी द्वारा क्रेडिट रेटिंग किया जाना अपेक्षित नहीं है।

3.0 बैंक ऑफ़ इंडिया (तंजानियां) लि. बैंक ऑफ़ इंडिया (युगांडा) लि. तथा बैंक ऑफ इंडिया (बोतस्वाना) लि. :

देश में मौजूदा मानदंडो के अनुसार कोई भी बाह्य क्रेडिट रेटिंग एजेंसी द्वारा क्रेडिट रेटिंग किया जाना अपेक्षित नहीं है। देश में कोई भी क्रेडिट रेटिंग एजेंसी परिचालन /कार्यरत नहीं है।

4.0 बैंक ऑफ़ इंडिया (न्यूजीलैंड) लि. (अनुषंगी) :

आवश्यक्तानुसार तिमाही के आधार पर सामान्य प्रकटीकरण विवरणी द्वारा ऋण जोखिम का प्रकटीकरण किया जाता है ।

i. मात्रात्मक प्रकटीकरण:

(रुपये मिलियन में)

मानकीकृत दृष्टिकोण के अधीन जोखिम के कम होने के पश्चात एक्सपोज़र की राशि के लिए बैंक की बकाया राशि (दर आधारित एवं गैर दर आधारित) निम्नलिखित तीन बृहत जोखिम क्षेत्रों एवं जिनकी कटौती की जाती है उन क्षेत्रों; का मात्रात्मक प्रकटीकरण किया जाता है।	
(मानकीकृत दृष्टिकोण के अधीन) बीओआई का कुल ऋण (बाजार से संबद्ध तुलन पत्र मदों को छोड़कर) जोखिम के अंतर्गत वर्गीकृत प्रमुख जोखिम क्षेत्र निम्नानुसार है:-	
100% जोखिम भार से कम	69,67,970.00
100% जोखिम भार	7,72,820.00
100% से अधिक जोखिम भार	3,02,470.00

तालिका डीएफ-5

ऋण जोखिम न्यूनीकरण : मानकीकृत दृष्टिकोण हेतु प्रकटन

i. गुणात्मक प्रकटन

(क) ऋण जोखिम न्यूनीकरण के संबंध में सामान्य गुणात्मक प्रकटन आवश्यकताओं में यह शामिल है:

- ➢ ऑन एंड ऑफ बैलेन्स शीट नेटिंग के लिए नीतियाँ और प्रक्रियाएँ और बैंक द्वारा इनका किस हद तक प्रयोग किया जाता है उसका संकेत ;
- ➢ संपार्श्विक मूल्यांकन एवं प्रबंधन हेतु नीतियाँ एवं प्रक्रियाएं;
- ➢ बैंक द्वारा लिए गए संपार्श्विक के प्रमुख प्रकारों का विवरण;
- ➢ गारंटीकर्ता काउंटर पार्टी के प्रमुख प्रकार और उनकी ऋण पात्रता; एवं

➢ लिए गए न्यूनीकरण के भीतर (बाजार अथवा ऋण) जोखिम केंद्रीकरण के बारे में सूचना

क: बैंक ऑफ़ इंडिया

1. ऋण जोखिम न्यूनीकरण प्रबंधन का एक अनुकूल साधन है, जो अच्छे एवं बुरे दोनों समय में राजस्व हानि से कंपनी का रक्षण करता है। बैंक उसके दैनिक परिचालनों में आने वाले ऋण जोखिम के प्रभावों को कम करने के लिए विभिन्न पद्धति और तकनीक अपनाता है। ऐसी प्रक्रिया को ऋण जोखिम न्यूनीकरण का नाम दिया गया है और ऋण जोखिम न्यूनीकरण के कुछ तकनीक को पर्यवेक्षकों द्वारा मूल्य, मुद्रा असंतुलन और परिपक्वता असंतुलन के लिए समायोजन के पश्चात पूंजी प्रभार कटौती करने हेतु उपयोग करने की अनुमति दी गई हैं। नयी पूंजी पर्याप्तता फ्रेमवर्क (बासेल ।।) के अंतर्गत पहचाने गए विभिन्न ऋण जोखिम प्रशामक (सीआरएम) निम्नानुसार है:

➢ संपार्श्विकृत संव्यवहार

➢ ऑन - बैलन्स शीट नेटिंग

➢ गारंटियाँ

2. **पात्र वित्तीय संपार्श्विक**

मानक दृष्टिकोण के अंतर्गत सभी संपार्श्विकों को ऋण जोखिम प्रशामक के रूप में स्वीकारा नहीं गया है। निम्नलिखित वित्तीय संपार्श्विक को स्वीकार किया गया है।

i. नकदी एवं जमाराशियाँ विदेशी मुद्रा की जमाराशियों सहित

ii. स्वर्ण : 99.99% शुद्धता वाले बेंचमार्क सहित

iii. केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा जारी प्रतिभूतियाँ

iv. किसान विकास पत्र और राष्ट्रीय बचत प्रमाणपत्र

v. जीवन बीमा पॉलिसियाँ

vi. ऋण प्रतिभूतियाँ- श्रेणीकृत शर्तों के अध्यधीन

vii. ऋण प्रतिभूतियाँ-गैर श्रेणीकृत, बैंकों द्वारा जारी, शर्तों के अध्यधीन

viii. म्यूचुअल फंडों की यूनिट शर्तों के अध्यधीन

ix. संपार्श्विक संव्यवहारों के लिए पूंजी सहायता उपलब्ध करने हेतु कतिपय अतिरिक्त मानदंड हैं, जिनका संपार्श्विक के प्रबंधन पर प्रत्यक्ष वहन है और संपार्श्विक प्रबंधन के दौरान इस पहलू का ध्यान रखा जाता है।

3. **ऑन-बैलेंस-शीट- नेटिंग:**

ऑन बैलेंस शीट नेटिंग को ऋणों/अग्रिमों (एक्सपोजर के रूप में माने गए) और जमाराशियों (संपार्श्विक के रूप में) तक सीमित रखा जाए, जहाँ पर दस्तावेजो के सबूतों के साथ विशिष्ट ग्रहणाधिकार सहित बैंक का कानूनी प्रवर्तनीय नेटिंग व्यवस्था है और जिसका नेट आधार पर प्रबंधन किया जाता है।

4. **गारंटियाँ:**

जहाँ प्रत्यक्ष, निर्धारित, अविकल्पी और बिना शर्त गारंटियाँ हो, बैंक पूँजी आवश्यकताओं की गणना करने हेतु ऐसे ऋण संरक्षण को मान सकता है। पात्र गारंटीदाताओं/काउंटर गारंटीदाताओं की श्रेणी में ये शामिल हैं:

i. शासक, शासकीय संस्था (बीआईएस, आइएमएफ, यूरोपियन सेन्ट्रल बैंक और यूरोपियन समुदाय के साथ-साथ कतिपय विनिर्दिष्ट एमडीबी, ईसीजीसी और सीजीटीएसएमई), बैंक और काउंटर पार्टी से अन्य निम्न जोखिम भार सहित बैंक और प्राथमिक व्यापारी;

ii. एए अथवा उससे बेहतर श्रेणी की अन्य संस्थाएं

5. बैंक की सुपरिभाषित संपार्श्विक प्रबंधन नीति है जो संपार्श्विक के सर्वोत्तम उपयोग को सुनिश्चित करने के लिए नियंत्रित फ्रेमवर्क प्रदान करती है। यह उधार में अंतर्निहित ऋण जोखिम के न्यूनीकरण का प्रमुख घटक है। बैंक मूर्त और अमूर्त दोनों प्रकार की प्रतिभूतियाँ स्वीकार करता है। मूर्त प्रतिभूतियाँ या तो भौतिक स्वरूप की होती है अथवा अन्य सामग्री प्रारूप में जैसे कि नकद मार्जिन, बैंक के पास जमाराशियाँ, स्वर्ण अथवा अन्य मूल्यवान धातु, शेयर्स, एनएससी/केवीपी/जीवन बीमा पॉलिसियाँ। अमूर्त प्रतिभूतियाँ हैं- बैंक गारंटियाँ/साख पत्र, बही ऋण, आश्वासन पत्र, नकारात्मक पुनर्ग्रहणाधिकार पत्र, अपंजीकृत प्रभार इत्यादि। उधार दिए गए धन हेतु प्रतिभूति प्राप्त करने के सामान्य तरीके हैं - बंधक, गिरवी, दृष्टिबंधक और पुनर्ग्रहणाधिकार पत्र। बैंक द्वारा ऋण एक्सपोजर से सृजित की गई संपत्ति पर प्रथम प्रभार/अथवा समरूप आधार पर सामान्य नियम के अनुसार बैंक का प्रभार दर्ज किया जाए।

सामान्यत जब भी लागू हो/अनुमत होने पर गारंटी का आग्रह किया जाए। गारंटीकर्त्ता के प्रमुख प्रकार हैं:-

i. केंद्र/राज्य सरकार और डीआईसीजीसी, सीजीटीएमएसई और ईसीजीसी जैसी केंद्र सरकार द्वारा प्रायोजित एजेन्सियाँ।

ii. कारपोरेट्स के प्रोमोटर/प्रमुख स्वामी।

iii. व्यक्तियों के मामले में रिश्तेदारों की व्यक्तिगत गारंटी।

6. **संपार्श्विक प्रबंधन के विभिन्न पहलू इस प्रकार हैं: -**

संपार्श्विक को स्वीकार करने हेतु न्यूनतम शर्तें: संपार्श्विक को वैध और प्रवर्तनीय बनाने के लिए बैंक यह सुनिश्चित करता है कि संपार्श्विक के रूप में स्वीकार की गई आस्तियाँ बिक्री योग्य, कानूनी प्रवर्तनीय और आवश्यकता पड़ने पर उसको नियंत्रण में लिये जा सकने योग्य है। यह भी सुनिश्चित किया जाए कि आस्ति का बाजार मूल्य सहज निर्धारण योग्य हो अथवा उसे उचित रूप से स्थापित और सत्यापित किया जा सके। आंतरिक नियंत्रण के उद्देश्य से संपार्श्विक के रूप में स्वीकार्य आस्तियों के प्रकार और प्राथमिक प्रतिभूति के रूप में ली जाने वाली इन प्रत्येक आस्तियों के मूल्य अनुपात के अधिकतम ऋण की सूची बैंक के पास है। संपार्श्विक लेते समय बैंक सांविधिक बाध्यताओं का भी ध्यान रखता है।

क) संपार्श्विक की वैधता

i) प्रवर्तनीयता:

बैंक सुनिश्चित करता है कि संपार्श्विक के समर्थन में ऋण दस्तावेजीकरण सभी संबंधित क्षेत्राधिकारों में कानूनी रूप से प्रवर्तनीय हो और उधारकर्ता की बाध्यताओं को विमुक्ति हेतु निर्बाध रूप से संपार्श्विक को लागू करने हेतु बैंक को अधिकार देता हो।

ii) हक और स्वामित्व;

बैंक हमेशा संपार्श्विक के रूप में आस्ति को स्वीकार करने से पूर्व उसके अस्तित्व तथा स्वामित्व का सत्यापन करता है और सुनिश्चित करता है कि

किसी अन्य पक्ष का कथित संपार्श्विक पर कोई पूर्व दावा नहीं है। ऋण सुविधा के ड्रॉ डाउन से पूर्व ही बैंक संपार्श्विक के नियंत्रण को सुरक्षित करता है। ऋण जोखिम के प्रबंधन के सरलीकरण के लिए शीर्ष प्रबंधन को संपार्श्विक पर सूचना आवधिक रूप से दी जाती है। संपार्श्विक पर प्रभार तत्परता से, जहाँ भी लागू है, संबंधित प्राधिकारियों के पास पंजीकृत किए जाते हैं।

ख) लोन टू वैल्यू अनुपात :

बैंक ने प्राथमिक प्रतिभूति के रूप में स्वीकार की जाने वाली प्रमुख आस्तियों के लिए अधिकतम लोन टू वैल्यू अनुपात (मार्जिन) निर्धारित किया है। ऐसे अनुपात आस्ति के संबंधित जोखिम के आनुपातिक होते हैं और संपार्श्विक की वसूली के समय होनेवाली संभाव्य हानि के विरूद्ध पर्याप्त बफर प्रदान करते हैं।

ग) मूल्य- निर्धारण:

बैंक के एक्सपोजर हेतु स्वीकार की गई संपत्तियों के मूल्य- निर्धारण के लिए बैंक की बोर्ड अनुमोदित नीति है जिसमें मूल्य-निर्धारण का आधार, मूल्यांकक की अर्हता और पूनर्मूल्यांकन की बारंबारता बैंक में अनुपालन हेतु निर्धारित की गई है।

घ) संपार्श्विक को सुरक्षित रखना तथा उसमें पहुँच का नियंत्रण;

संपार्श्विक के स्वीकारने, निगरानी अथवा सुरक्षित अभिरक्षा के अनुमोदन का प्राधिकार और उत्तरदायित्व संबंधित व्यक्तियों और विभागों को दिया गया है।

ङ) संपार्श्विक का प्रतिस्थापन/अतिरिक्त संपार्श्विक :

अतिरिक्त संपार्श्विक के अनुरोध की कार्यविधि का स्पष्ट दस्तावेजीकरण किया गया है।

च) बीमा:

सभी पात्र संपार्श्विक, जिन्हे विशेष रूप से छूट दी गई है उन्हें छोड़कर, संबंधित जोखिम हेतु बीमा द्वारा संरक्षित हैं और इसके लिए विस्तृत दिशानिर्देश तैयार किए गए हैं।

छ) संपार्श्विक की विक्री;

संपार्श्विक के समय पर परिसमापन के लिए बैंक की सुस्पष्ट और सख्त कार्यविधि है।

ख: पीटी बैंक ऑफ़ इंडिया इंडोनेशिया टीबीके :

संपार्श्विक मूल्यांकन हेतु पीटी बैंक ऑफ़ इंडिया इंडोनेशिया टीबीके की नीति एवं कार्यविधि है जो बैंक ऑफ़ इंडोनेशिया विनियमन और बंधक ऋण हेतु राष्ट्रीय विवेक पर आधारित है। यदि संपार्श्विक का मूल्य रु.2.79 करोड़ से अधिक है तो संपार्शिक का स्वतंत्र मूल्यांकन किया जाता है। संपार्श्विक के स्वरूप पर आधारित परिसमापन मूल्य की गणना की जाती है। संपार्श्विक मूल्य की प्रत्येक वर्ष समीक्षा की जाती है। भूमि एवं भवन के रूप में प्रमुख रूप से संपार्श्विक स्वीकार किया जाता है। सामान्यता व्यक्तिगत एवं अन्य पक्ष गारंटी नहीं ली जाती। केंद्रीकरण हेतु उधार देने की क्षेत्रीय सीमा निर्धारित की जाती है। बैंक को संपार्श्विक अथवा ऋण जोखिम शामकों की प्रमुख जोखिम की चिंता नहीं है।

ग: बैंक ऑफ़ इंडिया (तंजानिया) लि. और बैंक ऑफ़ इंडिया (न्यूज़ीलैण्ड) लि.:

बैंक के स्वयं की मीयादी जमाराशि रसीदों; अचल संपत्ति पर विधिक बंधक, कंपनी की चल संपत्ति पर दृष्टिप्रबंधक प्रभार, शेयर इत्यादि को गिरवी रखकर आदि संपार्श्विक प्राप्त किया जाता है।

विनियामक की आवश्यकताओं के अनुसार एकल उधारकर्ता/समूह को प्रदान किए जाने वाले अधिकतम एक्सपोजर सीमा निम्नानुसार है।

संपार्श्विक स्थिति		सीमा (कोर पूंजी के %के रूप में)
1)	संपार्श्विक द्वारा प्रतिभूति जिसका मूल्य कम से कम हो	
क)	उसके द्वारा प्रतिभूत ऋण निभाव का 125% (पूर्णत: प्रतिभूत)	25
ख)	संपार्श्विक द्वारा प्रतिभूत जिसका मूल्य उसके द्वारा प्रतिभूत ऋण निभाव के 125% से कम है (आंशिक रूप से प्रतिभूत)	10
ग)	अप्रतिभूत	5

घ. बैंक ऑफ़ इंडिया (युगांडा) लि.

बैंक के स्वयं की मीयादी जमाराशि रसीदों; अचल संपत्ति पर विधिक बंधक, कंपनी की चल संपत्ति पर दृष्टिबंधक प्रभार, शेयर इत्यादि को गिरवी रखकर आदि संपार्श्विक प्राप्त किया जाता है।

विनियामकीय आवश्यकताओं के अनुसार एकल उधारकर्ता/समूह को प्रदान किए जाने वाले अधिकतम एक्सपोजर निम्नानुसार है :

संपार्श्विक स्थिति		सीमा (कोर पूंजी के % के रूप में)
1)	संपार्श्विक द्वारा प्रतिभूति जिसका मूल्य कम से कम हो	एकल उधारकर्ता एक्सपोज़र सीमा, पूंजी के 25% है और इसे बढ़ाकर कोर पूंजी के 50% किया जा सकता है।
क)	उसके द्वारा प्रतिभूत ऋण निभाव का 125% (पूर्णत: प्रतिभूत)	
ख)	संपार्श्विक द्वारा प्रतिभूत जिसका मूल्य उसके द्वारा प्रतिभूत ऋण निभाव के 125% से कम है (आंशिक रूप से प्रतिभूत)	
ग)	अप्रतिभूत	

ii. मात्रात्मक प्रकटन :

(रुपये मिलियन में)

(क) पृथक रूप से प्रकट प्रत्येक ऋण जोखिम संविभाग के लिए कुल एक्सपोज़र (बाद में, जहां लागू हो, ऑन-ओर -ऑफ बैलेन्स शीट नेटिंग) जो पात्र वित्तीय संपार्श्विक द्वारा कवर की गई है : मार्जिन (हेयर कट) लागू करने के बाद।	3,47,430.00
(ख) पृथक रूप से प्रकट प्रत्येक ऋण जोखिम संविभाग के लिए कुल एक्सपोज़र (बाद में, जहां लागू हो, ऑन-ओर-ऑफ बैलेन्स शीट नेटिंग) जो गारंटी/क्रेडिट व्युत्पन्न (जब कभी आरबीआई द्वारा विशेष रूप से अनुमति दी गई है) द्वारा कवर की गई है।	8,36,580.00

तालिका डीएफ-6

प्रतिभूतिकरण एक्सपोज़र : मानकीकृत दृष्टिकोण हेतु प्रकटन

i. गुणात्मक प्रकटन

समेकित स्तर पर यथा 31.03.2021 बैंक का कोई प्रतिभूतिकरण एक्सपोजर नहीं है।

ii. मात्रात्मक प्रकटन :-

लागू नहीं।

तालिका डीएफ-7

लेन-देन बही में बाजार जोखिम

i. गुणात्मक प्रकटन :

(क) मानक दृष्टिकोण को कवर करते हुए पोर्टफोलियो को शामिल करते हुए बाजार जोखिम हेतु सामान्य गुणात्मक प्रकटन आवश्यकता ।

क. बैंक ऑफ़ इंडिया

लेन-देन बही में बैंक निवेशों के "लेन-देन हेतु धारित" (एचएफटी) एवं "बिक्री हेतु उपलब्ध" (एएफएस) पोर्टफोलियों को धारित करता है। शेष आस्तियों- अर्थात परिपक्वता हेतु धारित पोर्टफोलियों और अग्रिमों के अंतर्गत निवेशों को बैंकिंग बही के रूप में माना जाता है। नीचे बाजार जोखिम प्रबंधन प्रयोजन एवं नीतियों का संक्षिप्त ब्योरा दिया गया है।

(i) कार्यनीतियाँ एवं प्रक्रियाएं:

बाजार जोखिम प्रबंधन के अंतर्गत चलनिधि जोखिम, ब्याज दर जोखिम, विदेशी विनिमय जोखिम एवं इक्विटी कीमत जोखिम की निगरानी की जाती है। बैंक वर्तमान में जिन्स (कमॉडिटी) में लेन-देन नहीं कर रहा है।

ए . चलनिधि जोखिम

चलनिधि जोखिम की निगरानी के लिए गैप विश्लेषण का पाक्षिक आधार पर पालन किया जाता है। संचयी गैप से संचयी आउटफ्लो का प्रतिशत निकालने के लिए विवेकपूर्ण सीमा का उपयोग किया जाता है- 28 दिनों तक के अल्पावधि बकेट के लिए भारतीय रिज़र्व बैंक के निर्देशों के अध्यधीन निगरानी की जाती है। इसके अतिरिक्त, बाजार उधार -दैनिक एवं औसत मांग उधार, आंतर बैंक देयताएं, खरीदी गयी निधियां आदि के लिए विवेकपूर्ण सीमाएं काम करती हैं।

ऊँचे मूल्य की एकमुश्त जमाराशियों की निगरानी साप्ताहिक आधार पर की जाती है। अल्पावधि डायनामिक चलनिधि विवरण चलनिधि स्थिति का आकलन करने के लिए पाक्षिक आधार पर तैयार की जाती है जो व्यवसाय वृद्धि को ध्यान में रखकर चलती है।

एक आकस्मिक निधि योजना तात्कालिक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए तैयार की गयी है। योजना का तिमाही आधार पर परीक्षण किया जाता है। चलनिधि संकट के समय और आकस्मिकताओं को पूरा करने के लिए यदि बाजार से निधि उठाई जानी हो तो बैंक की संभावित हानि का आकलन करने के लिए तिमाही आधार पर स्ट्रेस परीक्षण भी किया जाता है।

बी. ब्याज दर जोखिम

पिछले 12 माह के दौरान एवं अगले वित्तीय वर्ष तक बैंक की निवल ब्याज आय पर प्रभाव का आकलन करने के लिए गैप विश्लेषण उपयोग में लिया जाता है। बैंक ड्यूरेशन गैप विश्लेषण का भी उपयोग करता है। देयताओं की अवधि के लिए विवेकपूर्ण सीमाएं नियत की गयी हैं। बैंक के निवेश पोर्टफोलियों की ड्यूरेशन आधार पर निगरानी की जाती है।

एसएलआर एवं गैर एसएलआर (घरेलू) विवेकपूर्ण सीमाओं के अंतर्गत दिनांकित प्रतिभूतियों के लिए वीएआर पद्धति अपनायी जाती है क्योंकि वीएआर के लिए विवेकपूर्ण सीमा नियत की गयी है एवं दैनिक आधार पर निगरानी की जा रही है एवं उच्च प्रबंधन को रिपोर्ट की जा रही है। दिनांकित प्रतिभूतियों में विदेशी निवेश सामान्यतया हैज किए जाते हैं एवं ब्याज दर जोखिम निम्नतम है। विदेशी मुद्रा विनिमय स्थिति में भी वीएआर सीमा नियत की गई है।

निर्धारित आय, इक्विटी,फोरेक्स आदि सहित बाजार जोखिम की स्थिति के आर्थिक मूल्य पर प्रभाव का आकलन स्ट्रेस टेस्टिंग से किया जाता है।

सी. विदेशी विनिमय जोखिम

बैंक ने यूएसडी के साथ अन्य मुद्राओं में एग्रीगेट गैप लिमिट नियत की है । बैंक के विभिन्न मुद्राओं में विदेशी विनिमय एक्सपोजर के लिए अधिकतम डेलाइट एवं ओवरनाइट एक्सपोजर नियत किया है। हमने अवधि वार इंडिविजुअल करेंसी वाइस गैप लिमिट भी नियत किया है इसके अलावा, नुकसान रोक सीमा, लाभ सीमा लेना एवं एकल व्यवहार सीमाएं डीलरों के फोरेक्स परिचालनों पर निगरानी रखने के लिए बनायी गयी हैं।

नेट ओपन पोजीशन हेतु विवेकपूर्ण सीमा नियत करके डेरिवेटिव संव्यवहार की निगरानी की जाती है और बकाया डेरिवेटिव पर पीवी01 का केप रखा जाता है।

डी. इक्विटी कीमत जोखिम

बैंक की घरेलू निवेश नीति के इक्विटी डीलरों के लिए नुकसान रोक सीमाएं नियत की हैं। कोषागार की दैनिक सीमा, अधिकतम निवेश सीमा, ईक्विटी संविभाग (ट्रेडिंग) के लिए धारण अवधि के संव्यवहारों की उच्चतम प्रबंधन को दैनिक आधार पर रिपोर्टिंग की जाती है।

ई. बाजार जोखिम प्रबंधन कार्य का ढांचा एवं संगठन:

जोखिम प्रबंधन बोर्ड संचालित कार्य है जिसे तीन स्तरों पर सपोर्ट किया जाता है: देखभाल करने एवं निर्देश जारी करने के लिए बोर्ड की जोखिम प्रबंधन समिति, जहाँ कहीं आवश्यक हो/जोखिम प्रबंधन नीतियां आदि अनुमोदित करने के लिए आस्ति देयता प्रबंधन समिति (एएलसीओ) जो नीति विषयों पर विचार करती है एवं एएलएम कक्ष के साथ जमीनी स्तर पर सपोर्ट प्रदान करती है। आस्ति देयता प्रबंधन समितियां विदेशी केन्द्रों में भी परिचालन में हैं। नीतियों, सीमाओं आदि पर चर्चा के लिए मार्केट जोखिम प्रबंधन समिति (एमआरएमसी) एक मूलभूत स्तरीय समिति है।

आस्ति देयता प्रबंधन समिति (एएलसीओ), तरलता जोखिम प्रबंधन के संबंध में नीतिगत मामलों पर विचार करती है। एएलएम कक्ष ग्राउंड लेवल पर समर्थन प्रदान करता है। आस्ति देयता प्रबंधन समिति विदेशी केन्द्रों पर भी परिचालन में हैं।

ii. जोखिम रिपोर्टिंग का स्कोप एवं प्रकृति और/अथवा मापांकन प्रणाली

स्वदेशी कारोबार के संबंध में बाजार जोखिम का प्रबंधन करने के लिए भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा निर्धारित दिशानिर्देशों का पालन किया जाता है - जैसे कि मासिक आधार पर ब्याज दर संवेदनशीलता विवरण तैयार किया जाना-दैनिक आधार पर लेन-देन बही में निवेशों का अवधि विश्लेषण-दैनिक आधार पर वीएआर लेन-देन बही निवेश ईक्विटी पोर्टफोलियों को छोड़कर-तिमाही आधार पर तरलता जोखिम/बाजार जोखिम के लिए स्ट्रेस परीक्षण करना, स्वदेशी तुलन पत्र का अवधि विश्लेषण और इक्विटी के आर्थिक मूल्य पर तिमाही आधार पर प्रभाव पर समीक्षा की जाती है ।एएलसीओ द्वारा मासिक आधार पर ब्याज दर संवेदनशीलता की समीक्षा की जाती है।

बाजार उधार लेन-देन के संबंध में भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुरूप तरलता जोखिम की निगरानी के लिए विभिन्न विवेकपूर्ण उपाय किए गए हैं। मासिक आधार पर ढांचागत तरलता विवरणी तैयार की जाती है और पाक्षिक आधार पर अल्पावधि डायनमिक तरलता विवरणी तैयार की जाती है और उच्च प्रबंधन/ एएलसीओ को रिपोर्ट की जाती है। अंतर्राष्ट्रीय परिचालनों की ढांचागत तरलता कार्पोरेट स्तर पर तिमाही आधार पर की जा रही है।

स्ट्रेस परीक्षण एवं इक्विटी के आर्थिक मूल्य पर प्रभाव का परिणाम एएलसीओ को रिपोर्ट किया जाता है। लेन-देन बही स्थिति - ड्यूरेशन एवं वीएआर दैनिक आधार पर उच्चतम प्रबंधन को रिपोर्ट किया जाता है।

iii. हैजिंग और/अथवा जोखिम न्यूनीकरण के लिए नीतियां:

आस्ति देयता प्रबंधन एवं बाजार जोखिम प्रबंधन से संबंधित विस्तृत नीतियां कार्यरत हैं जो बाजार जोखिम की निगरानी के लिए विभिन्न रणनीतियों एवं प्रक्रियाओं पर विस्तार से प्रकाश डालती है।

iv. पीटी बैंक ऑफ़ इंडिया इंडोनेशिया टीबीके (अनुषंगी):

वाणिज्यिक बैंक के लिए न्यूनतम पूंजी पर्याप्तता आवश्यकता से संबंधित बैंक इंडोनेशिया के विनियमन के अनुसार, पूंजी पर्याप्तता अनुपात (सीएआर) के परिकलन हेतु बाज़ार जोखिम के मापन के लिए अनिवार्य श्रेणी में बैंक शामिल नहीं है। यह इसलिए है कि बैंक विदेशी विनिमय बैंक है जिसके ट्रेडिंग बुक में प्रतिभूतियों और/अथवा डेरिविटिव संव्यवहार के रूप में वित्तीय लिखत आईडीआर 20 बिलियन (यूएसडी 1.7 मिलियन अनुमानित) से कम की रकम है।

बी. बैंक ऑफ़ इंडिया (तंजानिया) लि., (अनुषंगी) बैंक ऑफ़ इंडिया (न्यूजीलैंड) लि. (अनुषंगी) और बैंक ऑफ़ इंडिया (युगांडा) लि.

क. बाज़ार जोखिम के सामान्य गुणात्मक प्रकटन की आवश्यकता जिसमें मानकीकृत दृष्टिकोण के संविधान भी शामिल है।

i. बाजार जोखिम: ब्याज दर, मुद्रा तथा इक्विटी उत्पाद में खुली स्थिति से बाजार जोखिम उत्पन्न होती है। बोर्ड सीमा निर्धारित करता है तथा जो स्वीकार की जा सकती है, नियमित अंतराल पर उसकी समीक्षा करता है। इसके अतिरिक्त दैनिक आधार पर एक्सपोजर की निगरानी की जाती है।

ii. तरलता जोखिम: ओवरनाइट जमा से नकदी संसाधन, चालू खाते, परिपक्व जमाराशियां, ऋण आहरण और गारंटियों से उपलब्ध नकद स्त्रोतों से दैनिक मांग के लिए तथा मार्जिन और अन्य नकद समझौतों पर मांग से बैंक को नकद आरक्षित रखना पडता है। ऐसे मांग की पूर्ति करने के लिए परिपक्व निधि के उपलब्ध अंश के आधार पर बोर्ड ने उनके अनुभव पर सीमा निर्धारित की है और अंतर बैंक तथा अन्य उधार सुविधा के न्यूनतम स्तर पर जो मांग की अपेक्षित आहरण को कवर कर सके।

iii. ब्याज दर जोखिम- बैंक को उसकी वित्तीय स्थिति तथा नकदी प्रवाह पर प्रचलित बाजार ब्याज दर में उतर चढाव के परिणाम के साथ जुड़ी विभिन्न जोखिमों को उठाना पड़ता है। बैंक को जमा राशि ऋण तथा बाजार प्रवृत्ति के परिवर्तन के अनुरूप दरों को परिवर्तित करने का विवेकाधिकार है। यह उपाय ब्याज दर जोखिम को बैंक एक्सपोजर न्यूनतम रखते है।

iv. मुद्रा जोखिम : बैंक को विदेशी मुद्रा दर में परिवर्तन के कारण वित्तीय लिखत के मूल्य में होने वाले उतार-चढ़ाव की जोखिम उठानी पड़ती है। बैंक विदेशी मुद्रा बाजार में केवल जितनी आवश्यक मुद्रा की खरीदी तथा बिक्री के आधार तक शामिल रहती है। बैंक विदेशी मुद्रा वायदा बाजार में शामिल नहीं होता है और इस प्रकार जोखिम सीमित हो जाती है।

ii. मात्रात्मक प्रकटन

(रु. मिलियन में)

निम्नलिखित के लिए पूंजी आवश्यकता	
ब्याजदर जोखिम	9,083.52
विदेशी विनिमय जोखिम (गोल्ड सहित)	283.50
ईक्विटी जोखिम	3,914.01
# पूंजी आवश्यकता का परिकलन आरडब्ल्यूए की 9% की दर पर न्यूनतम विनियामक आवश्यकता पर किया जाता है।	

तालिका डीएफ-8

परिचालनात्मक जोखिम

गुणात्मक प्रकटन

साधारण गुणात्मक प्रकटन आवश्यकता के अतिरिक्त जिसके लिए बैंक अर्हता प्राप्त है उस परिचालन जोखिम पूंजी मूल्यांकन हेतु बैंक का (के) दृष्टिकोण ।

ए: बैंक ऑफ़ इंडिया

बैंक जोखिम प्रबंधन की सर्वोत्कृष्ट प्रक्रिया अपनाता है। बैंक कारोबार की विभिन्न पद्धतियों के तहत समस्त आर्थिक उत्पादों, प्रक्रियाओं और प्रणालियों के परिचालन जोखिम का सतत निर्धारण और अभिनिर्धारण करता है। समस्त नये उत्पाद, गतिविधियाँ और प्रणालियाँ पहले नया उत्पाद समूह और फिर परिचालन जोखिम प्रबंधन समिति (सीओआरएम) अथवा क्रेडिट जोखिम प्रबंधन समिति (सीआरएमसी), जो लागू हो के माध्यम से कार्यान्वित होती है। सभी नीतियां बोर्ड की जोखिम प्रबंधन समिति (आर.कॉम) द्वारा मंजूरी दिए जाने के बाद ही बोर्ड द्वारा अनुमोदित की जाती है। मुख्य जोखिम अधिकारी, आरकॉम के निदेशों को कार्यान्वित करते है और दिन-प्रतिदिन के परिचालन गत जोखिम प्रबंधन की देखभाल करते है।

जोखिम प्रबंधन विभाग, कारोबार परिचालन जोखिम प्रबंधकों (बीओआरएम) तथा परिचालनगत जोखिम प्रबंधन विशेषज्ञ (ओआरएमएस) के नज़दीकी सहयोग से कार्य करता है। बीओआरएम तथा ओआरएमएस की समिति परिचालनगत ज़ोखिम प्रबंधन प्रभाग को आवधिक आधार पर जोखिम और नियंत्रण निर्धारण करना, हानि की रिपोर्टिंग करना तथा की मुख्य जोखिम संकेतक (केआरआरइ) में सहायता करता है।

अर्धवार्षिक आधार पर लॉस डेटा विश्लेषण के रूप में जोखिम रिपोर्टिंग की जाती है जिससे उच्च जोखिम प्रवणता वाले उत्पाद और कारोबार लाइन का निर्धारण किया जा सके और न्यूनीकरण उपाय अपनाए जा सके। शाखा स्तर के केआरआई और बैंक स्तर के केआरआई को तिमाही आधार पर ट्रैक किया जाता है।सभी बैंक के उत्पादों और प्रक्रियाओं के लिए वार्षिक आधार आरसीएसए कार्रवाई की जाती है।

बैसिक इंडिकेटर दृष्टिकोण द्वारा ऑपरेशनल रिस्क कैपिटल चार्ज की गणना की जाती है। वर्तमान में बैंक ऑपरेशनल रिस्क कैपिटल चार्ज के परिकलन के लिए उन्नत मापन के प्रयास अपना रहा है। परिचालन जोखिम पूंजी प्रभार की गणना के लिए समानान्तर रन के लिए बैंक को द स्टैंडर्डाइज्ड अप्रोच(टीएसए) में माइग्रेट करने के लिए अनुमोदन मिला है ।

बी: पीटी बैंक ऑफ़ इंडिया इंडोनेशिया टीबीके (अनुषंगी)

कार्यों का पृथक्करण, प्रशिक्षण, स्पष्ट रूप से निर्धारित कार्यवाहियां, इत्यादि जैसे परिचालन जोखिम प्रबंधन के लिए बैंक ने श्रेष्ठ प्रक्रिया अपनाई है।

